सुप्रभात
रांची, गुरुवार 11.04.2024
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
सरहुल पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं।
ईद मुबारक
* * नगर संस्करण । पेज : 12 | चैत, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 267 | khabarmantra.net
12 संजय सिंह को नहीं मिली राहत

# शांति-सद्भाव का प्रतीक ईद और प्रकृति पर्व सरहुल आज



ईद का चांद बुधवार की शाम दिखा। गुरुवार को ईद मनायी जायीगी। ईदगाहों और मस्जिदों में गुरुवार को सुबह की नमाज होगी। चांद का दीदार होने के साथ ही ईद की खुशियां शहर की फिजा में घुल गयीं। मुफ्ती रहमतुल्लाह मजाहिरी ने ईद के संदेश पर कहा कि ईद-उल- फितर हमारे लिए न्याय व निष्पक्षता, शांति व व्यवस्था, भाईचारा, करुणा, प्रेम और सहनशीलता का एक सुंदर संदेश देता है।

प्रकृति पर्व सरहुल की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। गुरुवार सुबह घड़े में रखे जल को देखकर इस वर्ष बारिश की भविष्यवाणी की जायेगी। सुबह सभी अखरा और सरना स्थल में सरहुल की पूजा-अर्चना पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ होगी। केंद्रीय सरना समिति के कार्यालय में सरहुल पूजा महोत्सव को धूमधाम और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है।



## न्यूज डायरी

### संदेशखली: कोर्ट ने दिया सीबीआइ जांच का आदेश

**कोलकाता।** कोलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को संदेशखाली मामले की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया। सत्तारूढ़ नेताओं के खिलाफ महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के आरोप लगाये गये थे। इससे पहले इडी की टीम पर हुए हमले की जांच सीबीआइ को सौंपी गयी थी। हाईकोर्ट ने कहा, संदेशखाली में मामलों की जटिलता को देखते हुए, इसमें कोई संदेह नहीं है कि निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

### लैंड स्कैम के आरोपी हिलेरियस का निधन

**रांची।** जमीन घोटाला मामले के आरोपी हिलेरियस कच्छप का मंगलवार की रात निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। उनका डायलिसिस हो रहा था। इडी ने हिलेरियस कच्छप के खिलाफ बीते दिनों ही चार्जशीट दाखिल की थी। इडी ने बीते दिनों पूर्व सीएम सोरेन सहित पांच अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। इस पर इडी कोर्ट ने संज्ञान लिया था और विनोद सिंह, रामकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप को समन जारी किया था।

### नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व 12 से

**रांची।** चार दिवसीय सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ व्रत-अनुष्ठान 12 को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो जायेगा। व्रती स्नान-ध्यान कर छठी मईया की आराधना करेंगे। 13 अप्रैल को खरना का निर्जला उपवास रखा जायेगा। व्रतधारी इस दिन शाम ढलने के बाद पूजा-अर्चना कर छठी मईया को खीर आदि पकवान का भोग लगायेंगे। 14 अप्रैल को पहला अर्घ्य है।

### पीएम मोदी के खिलाफ मामला दर्ज

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी के खिलाफआचार संहिता उल्लंघन की शिकायत दर्ज की गई है। एक वकील ने मतदाताओं से भाजपा की जीत के लिए प्रार्थना करने की अपील करने पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 66900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 85000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# दीदी घुसपैठ नहीं रोकेंगी यही तो उनका वोट बैंक हैं

## बंगाल में सीसीए लागू होने से रोक नहीं सकतीं : शाह

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो का इरादा घुसपैठ रोकने का नहीं है क्योंकि जो घुसपैठिए आते हैं वे वोट बैंक हैं। उन्होंने कहा, ममता दीदी नहीं रोकेंगी घुसपैठ को क्योंकि ये घुसपैठिये उनके वोट बैंक हैं। शाह ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार बंगाल में घुसपैठ रोक सकते हैं। बंगाल में अमित शाह यह पहली चुनावी रैली थी। वह दक्षिण दिनाजपुर के बालुरघाट में चुनावी रैली में बोल रहे थे। यहां से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार चुनाव लड़ रहे हैं। शाह ने सीएए का विरोध करने पर ममता बनर्जी की आलोचना की। शाह ने एक बार फिर टीएमसी प्रमुख को चुनौती दी कि वह बंगाल में सीएए को लागू होने से नहीं रोक पायेंगी। उन्होंने पूछा आखिर ममता पड़ोसी देशों के धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने से इतनी परेशान क्यों हैं। **(शेष 11 पर)**

### रोहिंग्याओं का स्वागत करती हैं दीदी



श्री शाह ने आरोप लगाया कि टीएमसी बंगाल में रोहिंग्या मुसलमानों को शरण दे रही है। वह (ममता) बंगाल में घुसपैठियों और रोहिंग्याओं का स्वागत करती हैं लेकिन हिंदुओं, सिखों और बौद्ध शरणार्थियों को गुमराह कर रही हैं। आप सफल नहीं होंगे पीएम मोदी ने पहले ही सीएए नियमों को अधिसूचित कर दिया है। उन्होंने कहा, मैं बंगाल के लोगों से हाथ जोड़कर अपील करने आया हूं। हमने सीएए नामक कानून पारित किया है। ममता दीदी बंगाल के लोगों को यह कहकर गुमराह कर रही हैं कि यदि आप आवेदन करेंगे तो आपकी नागरिकता चली जायेगी। मैं आज आपसे ये कहने आया हूं कि जो भी शरणार्थी आये हैं वो बिना डरे आवेदन करें, किसी पर कोई केस नहीं चलेगा। ये मोदी सरकार का कानून है, इसमें कोई बदलाव नहीं कर सकता।

### बिहार में कांग्रेस पर बरसे

वहीं बिहार के गया और औरंगाबाद में चुनावी रैली में शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 1947 में देश को तोड़ा, अब नहीं तोड़ने देंगे। वह गया में जीतन राम मांझी और औरंगाबाद प्रत्याशी सुशील सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। शाह ने कहा कि आप बिहार की 40 लोकसभा सीटें देकर हम पर भरोसा करिए. मोदी जी ने राम मंदिर का वादा पूरा किया।

### टीएमसी के गुंडे अत्याचार करते रहे

शाह ने कहा, दीदी, आप एक महिला मुख्यमंत्री हैं। मैं आपसे एक बात पूछना चाहता हूं। संदेशखाली जैसी शर्मनाक घटना पर भी आप राजनीति कर रही हैं। सालों से आपकी नाक के नीचे महिलाओं पर अत्याचार होता रहा और तृणमूल कांग्रेस के गुंडे अत्याचार करते रहे। आप सिर्फ वोटों के लिए कुछ लोगों को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बंगाल की सभी महिलाएं ऐसा करते देख रही हैं।

## विजय हांसदा के खिलाफ निर्दलीय लडेंगे लोबिन



**रांची।** साहिबगंज के बोरियो से झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने राजमहल लोकसभा चुनाव में अपने ही पार्टी के उम्मीदवार विजय हांसदा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने राजमहल से निर्दलीय लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने दावा किया है कि इस चुनाव में उनकी जीत भी होगी। उन्होंने झामुमो और हेमंत सोरेन पर जमकर भड़ास भी निकाली। लोबिन ने कहा कि जब दुर्गा सोरेन के नहीं रहने पर सत्ता हेमंत सोरेन को मिली तो उस हिसाब से बसंत सोरेन को सीएम होना चाहिए था।

## खूंटी से 23 को नामांकन करेंगे अर्जुन मुंडा

**खूंटी।** भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा 23 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा नामांकन करने के बाद रोड शो करेंगे। इसके बाद एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा और रोड शो के जरिए अर्जुन मुंडा करेंगे शक्ति प्रदर्शन अर्जुन मुंडा जिस दिन नामांकन दाखिल करेंगे, उस दिन एक तरह से शक्ति प्रदर्शन भी करेंगे।

# पौलुस व जेठा को उम्रकैद

## दोहरा हत्याकांड : पूर्व विधायक पर 25 व नक्सली कमांडर पर 40 हजार जुर्माना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दोहरे हत्याकांड से जुड़े 11 साल पुराने मामले में दोषी करार तोरपा के तत्कालीन विधायक पौलुस सुरीन एवं पीएलएफआई के एरिया कमांडर जेठा कच्छप को एमपी-एमएलए मामले के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार की अदालत ने बुधवार को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनायी। डबल मर्डर केस में दोनों को कोर्ट ने दोषी माना था। अदालत ने सुरीन पर 25 हजार एवं जेठा कच्छप पर 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। पौलुस सुरीन को आपराधिक साजिश रच कर हत्या करवाने के आरोप में सजा हुई। जबकि, जेठा कच्छप को हत्या, जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट मामले में सजा मिली। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान दोनों को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने दोनों को छह अप्रैल को दोषी ठहराया था। दोषी पाने के बाद अदालत ने जेल भेज दिया था।

### 2017 में आया था सामने

दोहरे हत्याकांड की पूर्व में जांच के दौरान पौलुस सुरीन का नाम नहीं आया था, लेकिन, 20 जून 2017 को नक्सली जेठा कच्छप के दर्ज बयान में ठेकेदार भूषण सिंह हत्याकांड में तोरपा के तत्कालीन विधायक के शामिल होने की बात सामने आयी थी। इसके बाद ही उसके खिलाफ निचली अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

**कोर्ट ने क्या कहा :** कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष ने इस मामले में अभियुक्त पौलुस सुरीन के खिलाफ भादवि की धारा 302, 34 हत्या एवं 120बी, आपराधिक साजिश के तहत दंडनीय अपराध के आरोपों में पूरी तरह से ठोस, सुसंगत, विश्वसनीय तरीके से साबित एवं स्थापित किया है। दोनों पर एसओपी भूषण सिंह एवं राम गोविंद सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या करने का आरोप था। इस घटना का अंजाम 27 मई 2013 को दिया गया था। मृतक के भाई ने खूंटी के कर्रा थाने में कांड संख्या 27-2013 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पौलुस सुरीन दो बार 2009 और 2014 में झामुमो के टिकट पर तोरपा के विधायक चुने गये थे। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था, जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह को प्रस्तुत किया था।



### पौलुस ने दी थी धमकी

घटना के पूर्व 9 अप्रैल 2013 को भूषण सिंह को तत्कालीन विधायक पौलुस सुरीन ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और गाली गलौज किया। उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ मिलकर तुम जो मेरे संगठन के आदमियों को तंग कर रहे हो, उसे बंद करो नहीं तो ठीक नहीं होगा। इस पर भूषण सिंह ने कहा कि जो करना है करो, मेरा जो काम है, उसे मैं करूंगा। इस पर पौलुस सुरीन ने कहा देखते है कितना दिन जिंदा रहते हो। यह गवाही मृतक के छोटे भाई ने कोर्ट में दी थी।

### क्या है मामला

वर्ष 2013 में ठेकेदार भूषण सिंह पर एक महिला के साथ रेप करने का आरोप लगा था, लेकिन, पुलिसिया जांच में रेप केस फर्जी निकला और पुलिस ने जांच बंद कर दी थी। इसके बाद भूषण सिंह की गिरफ्तारी के लिए विधायक ने कर्रा में धरना दिया था। इसी बीच नक्सलियों ने 27 मई 2013 को ग्राम त्रिला में पुस्तकालय के पास ताश खेल रहे ठेकेदार भूषण सिंह व रामगोविंद सिंह की एके 47 राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी थी। भूषण की बहन ने पौलुस पर हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया।

# बच्चों की मृत्यु दर शून्य करना तय करें

## 5 साल तक के बच्चों की मृत्यु दर हाइकोर्ट गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पांच साल तक से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की गंभीर स्थिति को देखते हुए कोर्ट द्वारा लिये गये स्वत संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड में राज्य सरकार ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे जिससे 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर शून्य तक पहुंचे। मामले में एमिकस क्यूरी सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर को बेहतर बनाने की जरूरत है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक, प्राप्त मात्रा में दवा की व्यवस्था जरूरी है। मामले के अगली सुनवाई 2 मई को होगी। मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को 3 सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि झारखंड में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर हैं। यहां कितने पद स्वीकृत है और कितने पद अभी खाली पड़े है। इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पर दवाओं की क्या व्यवस्था है। भवन कितने साल पुराने और भवन अभी किस स्थिति में है। इसके अलावा कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी पूछा है कि झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में सांप के काटने से होने वाली मौत को रोकने के लिए प्राइमरी हेल्थ सेंटर, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में सांप काटने की दवा की क्या व्यवस्था है। कोर्ट ने इन सारे बिंदुओं पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

# पेयजल विभाग में 20 करोड़ का घोटाला

## 51 लाख के साथ कैशियर गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पेयजल स्वच्छता शीर्ष कार्य प्रमंडल (पीएचइडी) विभाग में चारा घोटाला की तरह करोड़ों रुपये का पाइपलाइन घोटाला हुआ है। यहां एक कर्मचारी ने फर्जी कंपनी बनाकर उसके माध्यम से अपने सगे संबंधियों के खाते में कुल 20 करोड़ रुपये डाल दिये। इस मामले में रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए कैशियर संतोष कुमार को उसके ससुराल सुखदेवनगर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास 51 लाख रुपये भी बरामद किया है। संतोष कुमार मूल रूप से बिहार के जहानाबाद जिले का रहने वाला है। मामला सामने आने बाद संतोष कुमार फरार चल रहा था। विभाग में चले रहे स्वच्छ भारत मिशन और जेजेएम में भी घोटाला का खेल जारी है। योजना में भ्रष्ट्राचार को बढ़ावा देकर अभियंता और संविदाकर्मी मालामाल हो रहे हैं।

### सालों से हो रहा था गबन का खेल

गबन का यह खेल पिछले चार साल तक चलता रहा था। पर प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। बाद में जब नये कार्यपालक अभियंता आये तो मामले का खुलासा हुआ। साल 2012 में रांची में पाइपलाइन बिछाने का काम एलएंडटी कंपनी को दिया था। इस प्रोजेक्ट का बजट 200 करोड़ था, लेकिन किसी वजह से इसे बीच में ही बंद कर दिया गया। इसके बाद कर्मचारी ने इस मौके का फायदा उठाने का प्लान बनाया। उसने दो निजी कंपनियां बना कर सगे-संबंधियों के 15 से अधिक खाते खोले और राशि का गबन किया।




# बाबा रामदेव पर फिर भड़का सुप्रीम कोर्ट, माफी मंजूर नहीं, कहा अब अवमानना की कार्रवाई झेलने को तैयार रहे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर हलफनामों को स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि माफीनामा तब भेजा है जब उनकी गलती पकड़ ली गयी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, हम इस मामले में इतने उदार नहीं बनना चाहते। हम इसे जानबूझकर किया गया उल्लंघन और वचनबद्धता का उल्लंघन मानते हैं। आपको अदालत के आदेश का उल्लंघन करने का परिणाम भुगतना होगा। कोर्ट ने कहा कि हम अंधे नहीं हैं, पूरी चीज को देख और समझ रहे हैं। आपको अवमानना की कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल तय की है। सीनियर अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बाबा रामदेव और पतंजलि का पक्ष रखते हुए कहा कि हमें 10 दिन का वक्त दीजिये और फिर अगली सुनवाई में बात करते हैं। अदालत ने कहा कि हम आपकी बात से सहमत नहीं है। हम इस माफी को खारिज करते हैं। इस पर दरअसल योग गुरु रामदेव ने पहले ही इस मामले में माफी मांग ली थी और अदालत में कहा था कि इन विज्ञापनों पर रोक लगायेंगे। इसके बाद भी ये विज्ञापन जारी रहे, जिस पर अदालत ने सख्त रुख अपना लिया है। कोर्ट ने कहा, अब हम आपकी माफी को खारिज करते हैं और इसके बाद के ऐक्शन के लिए तैयार रहिए। **(शेष 11 पर)**

### केंद्र से तीखे सवाल



शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से भी तीखे सवाल पूछे थे और कहा था कि हम हैरान हैं कि आखिर वह कैसे आंखें बंद किये रही। इस पर केंद्र सरकार ने जवाब दिया था कि यदि जादुई उपचार की बात किसी विज्ञापन में की जाती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्यों के पास पर्याप्त अधिकार हैं। हमने कानून के मुताबिक फैसला लिया। केंद्र सरकार ने कहा कि पतंजलि ने कोरोना से निपटने के लिए कोरोनिल दवा तैयार की थी। इसे लेकर जब विज्ञापन की बारी आयी तो पतंजलि से कहा भी गया था कि वह तब तक ऐसे विज्ञापन न निकाले, जब तक मामले का परीक्षण आयुष मिनिस्ट्री कर रही है।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद ग्रामीण विकास विभाग भुगतान को हुआ रेस

# कंप्यूटर ऑपरेटरों का बकाया मानदेय भुगतान 24 घंटा में करने का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट की सख्ती के बाद ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा अंतर्गत नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों का बकाया भुगतान 24 घंटे के अंदर करने का आदेश दिया है। भुगतान के बाद इसका अनुपालन प्रतिवेदन भी देने को कहा है। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी आगामी 16 अप्रैल को हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर भुगतान की जानकारी भी देंगी। बकाया भुगतान प्रखंड स्तर पर संधारित किसी अन्य मद की राशि से करने का आदेश भी दिया गया है।

ऐसे में तत्काल राशि का भुगतान किया जायेगा। चतरा जिले के करीब 24 कंप्यूटर ऑपरेटरों को जून 2022 से मार्च 2024 तक 22 माह का बकाया मानदेय का भुगतान



किया जायेगा। ग्रामीण विकास विभाग के आदेश के बाद चतरा डीडीसी ने उक्त कार्यालय आदेश के आलोक में प्रखंड स्तर से बकाया भुगतान करते हुए भुगतान से संबंधित प्रतिवेदन 24 घंटे के अंदर उपलब्ध कराने का आदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह मुख्य प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा जिला (गिद्धौर, इटखोरी, कानहाचट्टी एवं चतरा) को छोड़कर आदेश दिया है। डीडीसी ने दो अप्रैल 2024 को विजेयता तिवारी एवं अन्य बनाम झारखंड सरकार के वाद में पारित आदेश का उल्लेख किया है और कहा कि अविलंब आदेश के अनुपालन करने की दिशा में कार्रवाई कर बकाया भुगतान करें।

### एक-एक ऑपरेटर को मिलेगा 2.31 लाख रुपये

प्रतापपुर प्रखंड ने इस दिशा में फाइल भी बढ़ा दी है। एक कंप्यूटर ऑपरेटर को 10,500 रुपये प्रतिमाह मिलता है ऐसे में 22 माह के बकाया उसे 2.31 लाख रुपये दिए जायेंगे। इस प्रखंड में संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर नीरज कुमार व आलोक कुमार को बकाया भुगतान के लिए 4.62 लाख रुपये राशि आवंटित करने का अनुरोध किया गया है, संभवतः कल तक यह राशि उनके खाते में भेज दी जायेगी। इसी तरह अन्य ऑपरेटर को भी राशि भेजी जायेगी।

### हजारों कम्प्यूटर ऑपरेटरों की नौकरी खतरे में

बताया जा रहा है कि राज्य में हजारों कंप्यूटर ऑपरेटरों की नौकरी जा सकती है। सृजित पद के विरूद्ध जिनकी नियुक्तियां नहीं हुई है उनके कार्यों का आकलन करने के बाद उन्हें पद से हटाया जा सकता है। संविदा पर नियुक्त हजारों कर्मियों की नौकरी इसमें जा सकती है। चतरा जिले में भी ऐसे ऑपरेटरों को चिन्हित किया जा रह है, जिन्हें काम से हटाया जायेगा।

### क्या है मामला

बताते चलें कि दो अप्रैल 2024 को झारखंड हाईकोर्ट ने मनरेगा कर्मियों को बकाया भुगतान देने का आदेश दिया था। जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत ने मानदेय का भुगतान कर मनरेगा आयुक्त को शपथ पत्र दायर करने को कहा है। अदालत ने कहा था कि जब प्रार्थी काम कर रहे हैं और विभाग उनसे काम ले रहा है, तो जून 2022 से उनके मानदेय का भुगतान क्यों नहीं किया गया? मामले में विजेता तिवारी और 11 अन्य ने याचिका में कहा है कि प्रार्थी चतरा जिले में ग्रामीण विकास विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। 2007 से सभी अपनी सेवा दे रहे हैं, लकिन जून 2022 के बाद से उहें मानदेय नहीं दिया जा रहा है।

चाईबासा के बूथों का किया औचक निरीक्षण

## सभी बूथों पर उपलब्ध करायें सभी न्यूनतम सुविधाएंः के. रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बुधवार को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चाईबासा विधानसभा क्षेत्र तहत कई बूथों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधा यथा- शौचालय, रनिंग वाटर, पेयजल, बिजली, चार्जिंग सॉकेट सहित अन्य बिजली उपकरण, फर्नीचर की उपलब्धता आदि का जायजा लिया गया। इस क्रम में मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ से प्राप्त हुए नए प्रपत्र-6 के अद्यतन स्थित के अलावा वोटर लिस्ट में अब्सेंटी वोटर, दिव्यांग वोटर व बूथ अवेयरनेस ग्रुप और अन्य विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर दिखीं कमियों को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी एवं सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी की उपस्थिति में समीक्षा बैठक हुई। इसमें उन्होंने चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने सहित शत-प्रतिशत मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराने तथा सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अवस्थित मतदान केन्द्रों पर भी रैंप, रनिंग वाटर, बिजली, पंखा, फर्नीचर, मोबाइल चार्ज सॉकेट आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा वृद्ध एवं विकलांग मतदाताओं को बूथ तक लाने-ले जाने को सहयोग कर्मी एवं वाहन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये।

### मनरेगा में लोकपाल के अवधि विस्तार की फाइल अटकी

**रांची।** मनरेगा में नियुक्त लोकपाल की कार्य अवधि समाप्त हो रही है। दिसंबर 2021 में राज्य के 24 में 19 जिलों में लोकपाल की नियुक्ति की गयी थी। जानकारी के अनुसार इनकी नियुक्ति सभी जिलों में दो साल के लिए की गयी थी, काम से संतुष्ट होने के बाद एक साल का अवधि विस्तार भी इन्हें दिया जा सकता है। ग्रामीण विकास विभाग ने सभी लोकपाल के एक साल के अवधि विस्तार की फाइल बढ़ायी थी, जिसकी मंजूरी सरकार से ली जानी थी। इस बीच लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। ऐसे में इनका एक्सटेंशन भी फिलहाल लटक गया है। ऐसे में इनका मानदेय भी संकट में है।

**इनका फंसेगा मानदेय :** कल्पना झा, भुपेंद्र श्रीवास्तव,राजेंद्र प्रसाद साहब, पूनम कुमारी, सनत कुमार महतो, अरूणाभा कर, सुशील तिवारी, संतोष पंडित, तमन्ना परवीन, धरनीधर प्रसाद सिन्हा, रेणु वर्मा,तापेश्वर कुमार, डॉ. सुदेश्वर प्रसाद, विनोद प्रमाणिक, गोपी प्रसाद गुप्ता, शंकर कुमार,पुष्पलता जायसवाल, पुष्पा कुमारी।

खबर एक नजर में

### नक्सली हिंसा में मारे गये लोगों के आश्रितों को मिलेगा मुआवजा

**रांची।** रांची समेत छह जिलों में नक्सली हिंसा में मारे गये लोगों के परिजनों को मुआवजा मिलेगा। इससे संबंधित आदेश गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। लातेहार, गढ़वा, चाईबासा, रांची, गुमला और खूंटी जिले में नक्सली हिंसा में मारे गए छह लोगों को मुआवजा मिला। इसे लेकर संबंधित जिले के डीसी को मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। सभी लोगों के परिजनों को एक-एक लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा।

### टेरर फंडिंग के आरोपी प्रेम विकास की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में जेल में बंद प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी है। वह साल 2020 से जेल में है। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई पश्चात 22 मार्च को आदेश सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को अदालत ने अपना सुरक्षित आदेश सुनाया। इससे पूर्व याचिका पर सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से दलीलें दी गई कि याचिकाकर्ता टीपीसी के लिए कोयला खनन क्षेत्र से जबरन वसूली के माध्यम से नाजायज स्रोतों से धन एकत्र किया। अन्य सदस्यों के साथ मिलकर टीपीसी उग्रवादी के नाम पर भय पैदा कर स्थानीय व्यापारियों और डीओ धारकों से लेवी वसूलने में संलिप्त था। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने दलीलें दी कि इसी मामले के आरोपी सुदेश केडिया, संजय जैन, महेश अग्रवाल, अजय कुमार, अजीत कुमार ठाकुर और सुभान मिया को ऊपरी अदालत से जमानत मिल चुकी है। दोनों की पक्ष सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

### हाईकोर्ट ने डीएसपी से पूछा- हजारीबाग की ट्रैफिक व्यवस्था में कैसे लायेंगे सुधार



**रांची।** हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुयी। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में हजारीबाग के ट्रैफिक डीएसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे हजारीबाग में ट्रैकिंग व्यवस्था में सुधार के लिए उठाए गए कदम पर चार सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हजारीबाग में चौक-चौराहों पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था की जानी चाहिए। अत्यधिक भीड़भाड़ वाले चौराहा पर पुलिस की तैनाती की जानी चाहिए, ट्रैफिक रूल का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। हजारीबाग शहर में अवैध पार्किंग को हटाया जाना जरूरी है। सुनवाई के दौरान ट्रैफिक डीएसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 4 अप्रैल को हजारीबाग जिला प्रशासन की एक बैठक हुई है जिसमें हजारीबाग में आने वाले समय में राजधानी रांची की तरह ट्रैफिक लाइट सहित सुगम यातायात की व्यवस्था बहाल करने पर विचार हुआ है। कोर्ट में ट्रैफिक डीएसपी को अगली सुनवाई में उपस्थित रहने का छूट प्रदान की है।

## ढुल्लू ने बेटे के नाम पर खरीदी दो करोड़ की जमीन : सरयू राय

**लगाया आरोप**
तीन अलग-अलग रजिस्ट्री के अनुसार है 80 डिसमिल जमीन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने एक बार फिर से ढुल्लू महतो पर हमला बोला है। विधायक ढुल्लू महतो धनबाद से भाजपा के प्रत्याशी हैं। सरयू राय ने भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी सहित राष्ट्रीय और राज्य नेताओं को ढुल्लू महतो द्वारा खरीदी गई जमीन का विवरण उपलब्ध कराया है। उन्होंने बताया है कि ढुल्लू महतो ने अपने 20 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार के नाम पर वर्ष 2022 में 2.06 करोड़ की जमीन खरीदी है।

**रजिस्ट्री के दस्तावेज है उपलब्ध**

सरयू राय ने कहा है कि इन भूखंडों की रजिस्ट्री के दस्तावेज की प्रति मेरे पास उपलब्ध है। तीन अलग-अलग की गई रजिस्ट्रियों के अनुसार खरीदे गये भूखंडों का क्षेत्रफल करीब 80 डिसमिल है। ये भूखंड धनबाद के नवाडीह में स्थित है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं, खास कर झारखंड प्रदेश के प्रभारी को स्पष्टीकरण देना चाहिये।

### पांडेय गिरोह का कुख्यात सक्रिय अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड एटीएस ने पांडेय गिरोह के कुख्यात सक्रिय अपराधी को ओड़िशा के बालासोर से गिरफ्तार किया है। करीब 6 वर्षों से फरार गोविंद राय 25 हजार का इनामी अपराधी है। गोविंद राय की गतिविधियों पर कई दिनों से आतंकवादी निरोधक दस्ता (एटीएस) निगाह रख रही थी। रामगढ़ जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित सौदागर मुहल्ला निवासी गोविंद राय पांडेय गिरोह का कुख्यात सक्रिय सदस्य है। 15-16 दिनों पहले जेल में बंद कुख्यात अपराधकर्मी पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी के निर्देश पर गुड़गांव, हरियाणा के व्यवसायी सचिन मुंजाल की हत्या कर दी गई थी। गोविंद राय के पास से एक स्कॉर्पियो, 3050 रुपये, दो मोबाईल और तीन सीम पुलिस ने बरामद किया है।

शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी का मामला

## कपिल सिब्बल ने मांगा समय, कहा स्वतः संज्ञान के खिलाफ राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल की है एसएलपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअली राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि सरकार ने हाई कोर्ट द्वारा मामले में लिये गए स्वतः संज्ञान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है, इसलिए समय दिया जाए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल निर्धारित की है।

**हाईकोर्ट ने प्रार्थी उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम इस केस से हटाकर लिया है स्वतः संज्ञान**

दरअसल, पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकृत करते हुए इस केस से प्रार्थी उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाते हुए इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। राज्य सरकार की ओर से आईए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के प्रार्थी एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है इसलिए इन दोनों का नाम इस केस से हटाया जाए।

**क्या है मामला :** पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपए नन रिफंडेबल राशि तय की गई थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के 3 जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपए भेजा गया था। यह उन कंपनियों के खाते में भेजा गया था जहां जिनके खाते में मात्र दो-चार हजार रुपए हुआ करता था। उसी खाते से सारा पैसा राज्य के अन्य जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर के लिए 25-25 लाख रुपया जमा करने में इस्तेमाल हुआ था। कोलकाता से भेजे गए पैसों का इस्तेमाल शराब माफिया की ओर से झारखंड के सभी जिलों में शराब के होलसेल का टेंडर लेने के लिए किया गया था।

## लोकपाल के आदेश को जेएमएम ने दिल्ली हाई कोर्ट में दी चुनौती, याचिका दाखिल

**23 अप्रैल को सुनवाई होने की है संभावना**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में सत्ताधारी दल जेएमएम के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े लोकपाल के उस आदेश को पार्टी ने चुनौती दे दी है, जिसमें लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई को जांच का आदेश दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लोकपाल के आदेश के खिलाफ दिल्ली हाइकोर्ट का रुख करते हुए याचिका दाखिल की है। जिसपर 23 अप्रैल को सुनवाई हो सकती है। पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रज्ञा सिंह बघेल के माध्यम से दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

गौरतलब हो कि 22 फरवरी को लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ दाखिल शिकायत पर फैसला सुनाते हुए सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया था। लोकपाल ने सीबीआई को इस मामले की प्रारंभिक जांच छह महीने के अंदर पूरी करने का निर्देश दिया है। बीजेपी के गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी। गोड्डा से बीजेपी सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने राज्यसभा सांसद व झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन व उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था।

## कांग्रेस महासचिव ने पीएम पर बोला हमला महंगाई-बेरोजगारी पर बात क्यों नहीं करते

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस भवन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। राकेश सिन्हा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री दुनिया के हर विषय पर भाषण देते हैं लेकिन महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आमदनी, महिला पहलवानों के यौन शोषण पर कोई चर्चा नहीं की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत की बात करते हैं लेकिन देश की अर्थव्यवस्था खतरें में है। वित्तीय और निवेश सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी की ताजा रिपोर्ट यह बताती है कि घरेलू ऋण का स्तर सकल उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत हो गया है। घरेलू बचत भी 47 साल के निचले स्तर तक पहुंच गई है। पैसा बचाना तो दूर भारतीय परिवार धीरे-धीरे कर्ज में डूबता जा रहा हैं। महंगाई-बेरोजगारी पर प्रधानमंत्री चुप हैं। किसान सड़कों पर हैं और प्रधानमंत्री जी अपने पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने में मशगूल हैं।

### प्रधानमंत्री से पूछा पांच सवाल, मांगा जवाब



बीफ कंपनियों से प्रधानमंत्री इलेक्टोरल बॉन्ड से 250 करोड चंदा क्यों लिया?, महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी, बृजभूषण की गिरफ्तारी अभी तक क्यों नहीं हुई?, रक्षा बजट में कटौती क्यों की गई?, एलओसी पर भारत अपने 65 में से 26 पेट्रोलिंग पॉइन्ट पर नहीं जा सकता है, क्योंकि वह बफ्फर जोन बना दिया गया। इसकी वजह से हमारी जमीन चीन के प्रभुत्व में चली गई।, अग्निवीर की जगह स्थायी नियुक्ति क्यों नहीं की गई?


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
जल पथ प्रमंडल सं०-2 हजारीबाग
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 01/2024–2025

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौपारण प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय दैहर में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 2 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 3 | ईचाक प्रखंड अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, दरिया में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 16,85,850.00 | 33,800.00 | 5,000.00 | 20 Days |
| 4 | ईचाक प्रखंड अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, डुमरौन में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 5 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, बरकट्ठा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 7 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत नव प्राथमिक विद्यालय, मायाडीह में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 8 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत नव प्राथमिक विद्यालय, शांति नगर, गैड़ा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 8 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिलाडीह में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 9 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय खरियो में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0-2, हजारीबाग। दिनांक 18.04.2024 को पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 1:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0-2, हजारीबाग। दिनांक 19.04.2024 पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 19.04.2024 को अपराहण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0-2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0-2, हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है।

नोट :- निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0-2, हजारीबाग

PR 323726 Water Resource(24-25).D


1984 में इंदिरा गांधी की हत्या ने कांग्रेस में फूंकी थी जान, 89 से हो गयी बे 'जान'

## क्या जमशेदपुर में इस बार विद्युतवरण महतो को जीत की हैट्रिक लगाने से रोक पायेगा झामुमो?

सुधीर

**रांची।** कुरमी नेता विद्युत वरण महतो दो बार से लगातार झारखंड के जमशेदपुर लोकसभी सीट से भाजपा के सांसद हैं। भाजपा के टिकट पर तीसरी बार चुनाव मैदान जीत का हैट्रिक मारने की तैयारी में लगे हैं। क्या? इस बार जमशेदपुर की हॉट सीट से झामुमो इन्हें हैट्रिक बनाने से रोक पायेगा। बताते चलें कि एक ओर एनडीए से भाजपा और दूसरी ओर से इंडिया गंठबंधन से झामुमो है। गठबंधन की ओर से इस बार यह सीट झामुमो के खाते में गयी है। इस बार इंडिया गठबंधन के पास विद्युत वरण महतो को हैट्रिक बनाने से रोकने का एक बड़ा कारण है। कुरमी समाज प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा से नाराज चल रहा है। अगर ऐसे में झामुमो ने वहां पर दमदार प्रत्याशी उतारा, तो निश्चित तौर पर वह विद्युत वरण महतो को हैट्रिक बनाने से रोकने में सफल हो जाएगा।

**84 के बाद से जमशेदपुर में गुम हो गयी कांग्रेस :** झारखंड में जमशेदपुर सीट पर 1989 से पहले कांग्रेस की तूती बोलती थी। इसके बाद से इसके बाद से जमशेदपुर में झामुमो और भाजपा का ही दबदबा रहने लगा। वैसे 1984 से ही जमशेदपुर से कांग्रेस की नैया डूबनी शुरू हो गयी थी लेकिन 84 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति लहर में कांग्रेस के गोपेश्वर ने झामुमो के भारी-भरकम कुरमी नेता शैलेंद्र महतो को मात दे दी। अंततः अंतिम बार कांग्रेस वहां सन 84 में ही जीत पायी। आजादी के बाद जमशेदपुर सीट से आठ बार कुरमी एवं आठ बार गैर कुरमी सांसद बने। जमशेदपुर में करीब 5 लाख कुरमी और 3 लाख के करीब आदिवासी मतदाता ही किसी भी प्रत्याशी की जीत-हार तय करने में अहम भूमिका अदा करते हैं।

### 1989 में झामुमो के शैलेंद्र महतो जीते थे

1989 के आम चुनाव में झामुमो ने फिर से कुरमी नेता शैलेंद्र महतो को उम्मीदवार बनाया। उन्होंने कांग्रेस के उस समय के बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे चंदन बागची को हरा दिया। इसके बाद कांग्रेस ने वहां से कभी वापसी नहीं की। 1989 के बाद से आठ बार यहां से कुरमी ही विजयी होते आए हैं। यहां जो सिलसिला शैलेंद्र महतो से शुरू हुआ। वह केवल 2009 के आम चुनाव और 2011 के उपचुनाव में टूटा। 2019 में झामुमो ने वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन को मैदान में उतारा। 2014 में टाटा स्टील के अधिकारी रहे निरूप मोहंती को टिकट दिया, लेकिन दोनों चुनाव में झामुमो की हार हुई।

### 2009 में अर्जुन मुंडा और 2011 के उपचुनाव में गैर कुरमी को ताज

भाजपा ने पहली बार नया प्रयोग करते हुए पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा को 2009 में चुनाव मैदान में उतारा। अर्जुन मुंडा पहली बार आदिवासी के रूप में वहां से चुनाव जीते। लेकिन बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री बनाए जाने के कारण इस्तीफा दिया और 2011 में उपचुनाव हुए। इस समय भी पूर्व आईपीएस डॉ. अजय कुमार को पूर्ववर्ती झाविमो प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने मैदान में उतारा और विजयी रहे। वहीं 1996 में भाजपा ने महाभारत में कृष्ण की भूमिका निभाने वाले नीतीश भारद्वाज को मैदान में उतारा। इन्होंने शैलेंद्र महतो को हराया।

### सुनील महतो ने भाजपा को हैट्रिक से रोका था

2004 में झामुमो ने जमशेदपुर से सुनील महतो को प्रत्याशी बनाया था। सुनील महतो ने भाजपा की आभा महतो को हैट्रिक बनाने से रोक दिया था। इतना ही नहीं 1991 के बाद पुनः सुनील महतो ने यह सीट झामुमो के खाते में डाल दी। 2007 में सुनील महतो की हत्या के बाद झामुमो ने उनकी पत्नी सुमन महतो को टिकट दिया। सहानुभूति की लहर में सुमन महतो जीत दर्ज करने में सफल रहीं। इसके बाद 2009 में सुमन महतो भाजपा के अर्जुन मुंडा से हार गयीं।

# सिंदरी के किसी भी क्वार्टर को खाली नहीं होने देंगे : ढुल्लू महतो

## व्यवसायियों के हित में खड़े रहने की घोषणा की, कहा-कभी कोई गलत काम नहीं किया




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** भाजपा नगर कमेटी द्वारा सिंदरी गुरुद्वारा प्रांगण में आयोजित अभिनंदन समारोह में लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने बुधवार को कहा कि सिंदरी के किसी भी क्वार्टर को खाली होने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री देश में करोड़ों लोगों को घर दे रहे हैं और प्रबंधन विपरीत दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस की तरह तुम हमें पसीना दो, मैं तुम्हें अपना खून दूंगा।

प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार सिंदरी आए बाघमारा विधायक ने बुधवार को सिंदरी गुरुद्वारा में मत्था टेका। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 64 करोड़ जनता को आवास दिया और भाजपा कभी भी किसी को आवासविहीन नहीं कर सकती है। सिंदरी की जनता के साथ हमेशा खड़ा हूं।

देश की नजर भी धनबाद लोकसभा चुनाव पर केंद्रित है। कोडरमा, गिरीडीह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि अब देश की अर्थव्यवस्था पांचवें से दूसरे नंबर पर आएगी। देश ताकतवर बना है।

**मैं क्रिमिनल नहीं, काम करने का तरीका अलग है**

उन्होंने जमशेदपुर विधायक सरयू राय के सवालों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ढुल्लू महतो पर व्यक्तिगत एक भी केस होगा तो राजनीति से सन्यास ले लूंगा। मैंने प्रभु श्री राम की विचारधारा पर चलकर जनता के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो क्रिमिनल नहीं है, बल्कि कार्य करने का तरीका अलग है। बीसीसीएल में उत्तर प्रदेश के दो व्यक्तियों की मौत पर जनता को इंसाफ दिलाने के लिए जेल तक गया।

**इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी घोषित नहीं होने पर ली चुटकी**

इडिया गठबंधन द्वारा अबतक प्रत्याशी नहीं घोषित करने पर चुटकी लेते हुए कहा कि इसके लिए भी भाजपा ही कारण है। भारत के प्रति गलत मानसिकता के लोग पुत्रमोह से घिरे हुए हैं। कांग्रेस, झामुमो और राजद पुत्रमोह की राजनीति पर कार्य करती है। हालांकि भाजपा प्रत्याशी के मुंह से अनायास ही लोजपा का नाम भी आ गया था। जिसे तुरंत सुधार लिया गया।

**दो सवालों पर टालमटोल करते रहे**

पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल कि निवर्तमान धनबाद सांसद के किन पांच कार्यों को भाजपा प्रत्याशी सांसद बनने के बाद जल्द शुरू करेंगे, जवाब में उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं पर काम किया जाएगा। 1932 के खतियानी के समर्थन के सवाल पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसका जवाब दे सकती है।

**सिंदरी के व्यवसायियों से भी मिले भाजपा प्रत्याशी**

उन्होंने सिंदरी के सामाजिक संगठन के धनबाद जिला प्रभारी दीपक कुमार दीपू के आवास पर व्यवसायियों से भी मुलाकात की। विभिन्न संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि धनबाद के व्यवसायियों के हित में हमेशा खड़े रहे हैं।

**1 लाख 37 हजार वोट भाजपा की झोली में डालना है : धर्मजीत सिंह**

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह ने कहा कि वर्ष 2019 के 17वें लोकसभा चुनाव में सिंदरी से धनबाद के भाजपा प्रत्याशी को 1 लाख 37 हजार वोट प्राप्त हुआ था। इस बार उससे भी अधिक वोट भाजपा की झोली में डालना हमारा लक्ष्य है।

**चिटाही धाम में राम मंदिर बनवाने वाले को टिकट मिला : तारा देवी**

सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी सह पूर्व जिप सदस्य तारा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर स्थापित किया है। उसी तरह चिटाही धाम में भी राम मंदिर की स्थापना करने वाले को भाजपा ने धनबाद का टिकट दिया है।

इस मौके पर प्रदेश आइटी सेल संयोजक अमरनाथ झा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, सिंदरी विधानसभा प्रभारी संजीव अग्रवाल, जिला महामंत्री निताई रजवार, सह प्रभारी राजेश चौधरी, मोहन कुंभकार, एससी जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी, एसटी जिलाध्यक्ष रविश्वर मरांडी, नगर संयोजक विजय सिंह सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### विधायक समर्थक पर मारपीट का आरोप, दूसरे पक्ष ने भी किया पलटवार



**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जेलगोड़ा 7 नम्बर दुर्गा मंदिर निवासी विधायक समर्थक पर मारपीट कर घायल करने का आरोप अरुण यादव नामक व्यक्ति ने लगाया है। पुलिस को दिये आवेदन में श्री यादव ने बताया है कि दुर्गा मंदिर के सामने नाले में लघुशंका को लेकर विधायक समर्थक समरजीत सिंह ने गाली गलौज की। मना करने पर समरजीत व उनके पुत्र भाला से हमला कर दिया। भाई अखिलेश यादव बीच बचाव करने गए तो उनकी भी पिटाई कर दी। समरजीत के समर्थन में पड़ोस के जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के क्षेत्रीय सचिव मृणाल कांत सिंह उर्फ मल्लू सिंह भी मारपीट में सहयोग कर रहे हैं। दूसरी ओर समरजीत सिंह ने आरोप लगाया है कि लघुशंका करने पर रोका गया तो अरुण एवं अखिलेश ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी है। उनका भी इलाज किया जा रहा है।

### झरिया में पार्टी मना रही युवतियों के दो गुटों में भिड़ंत



**झरिया।** झरिया मुख्य मार्ग मे मंगलवार की देर शाम युवतियों के दो गुटों में जमकर हुई मारपीट । इस दौरान जमकर लात घुसे, लाठी डंडे भी चले। इतना ही नहीं मारपीट में एक युवती बीच सड़क गिर कर बेहोश हो गई, बावजूद इसके दूसरे पक्ष की युवती के साथ मौजूद युवकों ने उसपर जमकर लात घुसे बरसाए। मारपीट की घटना से पूरा मुख्य मार्ग जाम हो गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गई। युवतियों में हो रही मारपीट को देख हर कोई अचंभित था। बताया जाता है कि राहगीरों ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को काफी समझाया जिसके बाद मामला शांत हुआ और पुलिसिया झमेले में पड़ने के खौफ के कारण एक गुट चुप चाप निकल गया। वही दूसरा गुट वापस रेस्टोरेंट पहुंच काफी देर तक हो – हंगामा करते रहा। घटना के संबंध में बताया जाता है की चार नंबर स्थित एक नामी रेस्टोरेंट में युवतियों का दो गुट अपने दोस्तो के साथ पार्टी मना रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में बहसबाजी शुरू हो गई।दोनो ओर से गंदी फब्तियां का दौर शुरू हो गया। एक पक्ष ने फोन कर अपने कुछ साथियों को बुला लिया। रेस्टोरेंट में मौजूद कर्मचारी कुछ समझ पाते तब तक दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई और रेस्टोरेंट में शुरू हुई मारपीट देखते ही सड़क पर आ गई।

## स्पीड न्यूज

### सिंदरी के चित्रगुप्त मंदिर में शिक्षिकाओं का चला प्रशिक्षण अभियान

**सिंदरी।** चित्रगुप्त मंदिर सिंदरी में एकल संच निरसा एवं गोविन्दपुर शिक्षिका द्वारा प्रशिक्षण अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता लक्की सिंह उर्फ गौरव वक्ष उपस्थित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण के तहत अनेकों कार्यक्रम किया जा रहा है। एकल विद्यालयों के द्वारा गांव गांव में शिक्षा दी जा रही है। उक्त अवसर पर संभाग उपाध्यक्ष नीरज कुमार अग्रवाल उर्फ बंटी, मोहन सिंह, मिथलेश सिंह, अंगद सिंह, धनंजय दास, व्यास मनोज महतो, खेदन महतो, देव नाथ महतो, कृष्णा मोहली, राजेश महतो, रानी दीदी, शोभा कुमारी के अलावा अनेकों शिक्षिकाएँ उपस्थित थीं।

### तोपचांची पुलिस ने माही होटल में मारा छापा, 65 बोतल शराब बरामद



**तोपचांची।** तोपचांची पुलिस ने विगत मंगलवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत चलकरी में एनएच किनारे माही होटल में छापा मारा। छापेमारी में होटल से अंग्रेजी शराब की कुल 65 बोतल बरामद की गई है। बुधवार को दोपहर प्रभारी थाना प्रभारी विवेकानंद श्रीवास्तव ने बताया कि होटल में अवैध तरीके से अंग्रेजी शराब की बिक्री हो रही थी व ग्राहकों को पिलाई जा रही थी। छापेमारी में विभिन्न ब्रांड की कुल 65 बोतल बरामद की गई है। हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। छापेमारी दल में कुमार नितिन पोद्दार, विनोद कुमार, भुलेश कुमार, युगल किशोर महतो, आलेख कुमार, अखिलेश महतो शामिल थे।

### मथुरा महतो के पक्ष में समर्थकों ने मांगे वोट

**कतरास।** लोक सभा चुनाव को लेकर प्रचार कार्यों में तेजी आती जा रही है। सभी प्रत्याशी एवं उनके समर्थक जोर शोर से प्रचार कार्य में लग गए हैं। इंडिया गठबंधन के गिरिडीह प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में समर्थकों ने बांस कपुरिया, भाट बस्ती, लकड़ागढ़ा, बांधडीह, कपुरिया इत्यादि क्षेत्रों का भ्रमण कर तीर धनुष छाप पर मतदान करने की अपील की। इस मौके पर प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के छोटे भाई बाबू नाथ महतो ने कहा कि उनके अग्रज गरीब, मजदूर, छात्र, नौजवानों के हितैषी है। उन्होंने लोगो से कहा की आप अपने घर के नेता, बेटा, भाई, साथी को वोट देकर विजयी बनाये। उन्होंने कहा कि भाजपा बड़े-बड़े कॉरपोरेट घराने की सरकार है। इन्हें गरीब जनता से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंके। जन संपर्क अभियान में झामुमो नेता बाबू नाथ महतो, पूरन वसु दास, संजय राय, राजा राम महतो, सुमित महतो, अमरीश श्रेष्ठ, चंद्रिका यादव, तपेश्वर महतो, कुमार राजीव रंजन सिंह, विकास महतो, शेखर महतो, अशोक वर्मा, महादेव महतो, महिंद्रा प्रसाद महतो, शिवकुमार मुखर्जी आदि शामिल थे।

### हर्ल सिंदरी में वोटर अवेयरनेस फोरम का किया गया गठन



**सिंदरी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में हर्ल सिंदरी खाद कारखाना में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया। साथ ही कार्यशाला का भी आयोजन हुआ। अध्यक्षता हर्ल के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 10 या उससे अधिक कर्मियों वाले कार्यालय व प्रतिष्ठान को वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान हेतु जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में सभी कर्मचारियों से मतदान करने की अपील की गई।

## जमीन विवाद को लेकर तोपचांची में दो गुटों में मारपीट, तेजाब से दो झुलसे

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**तोपचांची।** बुधवार को हरिहरपुर थाना क्षेत्र के चमड़ा गोदाम में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में जबरदस्त भिड़ंत हो गयी जिसमें चार लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गये। भुक्तभोगियों ने बताया कि बीती रात विनोद महतो, राहुल महतो जमीन पर जबरन निर्माण कार्य करा रहा था, जानकारी मिलने पर भूस्वामी वहां पहुंचे तब उनलोगो ने एक साजिश के तहत जानलेवा हमला कर दिया। विनोद महतो, राहुल महतो ने लगभग 15 लोगों के साथ लाठी, डंडे और तेजाब से हमला कर दिया इस तेजाब हमले में एक महिला और नाबालिग बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि गोपाल सोनी और लव नारायण स्वर्णकार के सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए,तेजाब से रीता गुप्ता का पीठ और नंदिनी कुमारी का हाथ जल गया है। भुक्तभोगी रीता देवी ने बताया कि साजिश के तहत हमला किया गया है हमला के दौरान गला से सोना का चेन लूट लिया। तेजाब के हमले हमारा पीठ जल गया है। घटना में गोपाल कुमार सोनी, लव नारायण स्वर्णकार, रीता देवी, नंदनी कुमारी गंभीर रुप से जख्मी हो गए हैं। घटना के बाद घायल भुक्तभोगियों ने इसकी सूचना हरिहरपुर पुलिस को दी जहां पुलिस घायलों को ईलाज के लिए साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा जा रहा है।

## तोपचांची सीएचसी में रखे कागजातों को मवेशियों ने बनाया अपना निवाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तोपचांची।** धनबाद जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही आए दिन सामने आती रहती है। जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था और भी बतर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इंसान भले ना पहुंचे लेकिन मवेशियों हमेशा विचरण करते ही रहते हैं। ताजा मामला बुधवार को तोपचांची प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहोबहियार का है । बुधवार सुबह दो मवेशी अस्पताल के अंदर प्रवेश कर गए। अस्पताल में रखे कागजातों को अपना निवाला बना लिया। अस्पताल परिसर में रखे प्राथमिक विद्यालय स्तर के स्वास्थ्य संबंधित कागजातों को मवेशियों ने निवाला बनाया। हालांकि कुछ देर तक आराम से मवेशी कागजातों को खाने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों की नजर पड़ी। आनन-फानन में मवेशियों को अस्पताल से बाहर निकला गया। अब सवाल यह उठता है कि अस्पताल में अगर मवेशियों इस प्रकार से विचरण करेंगे तो अस्पताल में मरीजों के साथ क्या होगा? इधर घटना के संबंध में टुंडी विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी ने कहा कि अस्पताल में व्यवस्था आगे से बेहतर हो रही है। गार्ड की नियुक्ति है। मवेशी जिस कागजातों को अपना निवाला बनाया अगर वह कागजात रिजेक्ट है तो कोई बात नहीं परन्तु अगर जरुरी विभागीय या मरीजों का कागजात है तो गलत है जांच होनी चाहिए।

## बिरनी में शॉर्ट सर्किट से तीन घरों में लगी आग, लाखों का नुकसान



**गिरिडीह।** जिले के बिरनी थाना इलाके के गुरहा गांव में मंगलवार की रात करीब दस बजे एक साथ तीन घरों में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। नुकसान का आंकलन पांच लाख के करीब बताया जा रहा है। आग लगने का कारण घरों में बिजली का शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गुरहा गांव के झूमन महतो, जलेश्वर वर्मा और गोवर्धन महतो के घर आग के कारण करीब पांच लाख का नुकसान हुआ है। आग की चपेट में गाय के बछड़े के साथ बकरी का एक बच्चा भी आ गया। वहीं घर में रखे महंगे कपड़े और जेवर के साथ अनाज के ढेर जलने की बात सामने आई है। बताया जाता है कि घटना के वक्त तीनो के गृह स्वामी घर में ही थे। इसी दौरान बिजली तार से पहले एक घर में आग लगी, इसके बाद दो अन्य घरों में आग फैल गई। तीनों के परिवार के सदस्य किसी तरह घर से बाहर निकले और आग बुझाने में जुट गए। जानकारी मिलने के बाद बिरनी थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने में जुट गई। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### गैर इरादतन हत्या , पति को दस व पत्नी को चार वर्ष कैद की सजा

**धनबाद।** मछली चोरी कर लेने के शक में युवक को मार कर जख्मी कर देने के बाद में उसकी मृत्यु हो जाने के मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी निरसा निवासी ललन भूईयां को दस वर्ष कैद एवं दस हजार पांच सौ रुपए जुमार्ना एवं उसकी पत्नी रीता देवी को चार वर्ष कैद एवं आठ हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। 4 अप्रैल को अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया था तथा सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए आज की तारीख निर्धारित की थी। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक राजीव उपाध्याय ने दोनों को अधिकतम से अधिकतम सजा से दंडित करने की प्रार्थना की। प्राथमिकी मृतक धीरन भूईयां की शिकायत पर निरसा थाने मे 17 अप्रैल 21 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 14 अप्रैल 21 की रात साढ़े नौ बजे वह अपने परिवार के सदस्य के साथ घर मे खाना खा रहा था इसी बीच ललन भूईयां एवं उसकी पत्नी रीता देवी गाली गलौज करते हुए घर मे आए और कहने लगे की तुमलोग ने मेरे नदी से मछली चोरी किया है और दोनो उसे खींचकर घर से बाहर निकाले ललन भूईया ने रड से उसके सर पर प्रहार कर दिया जिसमें गंभीर रूप से जख्मी हो गई रीता देवी ने भी मार कर उसे जख्मी कर दिया इलाज के दौरान 17 अप्रैल 21 रांची रिम्स में उसकी मौत हो गई । अनुसंधान के बाद पुलिस ने 17 जून 21 को दोनो के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 21 जनवरी 22 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। अभियोजन ने इस मामले में सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

### डीजल चोरी की रोकथाम के लिए सुरक्षा अधिकारियों ने किया दौरा

**कतरास।** कतरास क्षेत्र की कोलियरियों में डीजल चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सीआईएसएफ के सुरक्षा सलाहकार विपुल शुक्ला व क्षेत्रीय अधिकारियों ने क्षेत्र संख्या 4 के मोदीडीह कोलियरी के वर्कशॉप में आवश्यक छानबीन की। अधिकारियों ने डीजल चोरी पर रोकथाम के लिए संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि कोलियरी के वर्कशॉप में सुरक्षा से संबंधित पहलुओं पर गहन जांच की जा रही है, जहां डीजल चोरी स्थल से संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। डीजल पंप के आसपास सीसीटीवी कैमरा सहित सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया गया। बताया जाता है कुछ कर्मियों की मदद से मोदीडीह में काफी दिनों से हजारों लीटर डीजल की चोरी संगठित गिरोह द्वारा की जा रही है। शिकायत मिलने पर कुछ दिनों तक चोरी रुक जाती है। परंतु कुछ दिनों के बाद चोरी होने लगती है। इस मौके पर सीआईएसएफ के सुरक्षा सलाहकार विपुल शुक्ला, एरिया 4 के महाप्रबंधक जे. एस. महापात्रा, प्रोजेक्ट ऑफिसर सतेंद्र सिंह, मैनेजर संजय कुमार सिंह, एक्सवेशन प्रबंधक कैलाश कुमार आदि मौजूद थे।

## राहुल सांकृत्यायन का जन्म दिवस मनाया गया

**कतरास।** राहुल चौक में महापंडित राहुल सांकृत्यायन का 131वां जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम महापंडित सांकृत्यायन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने किया। कार्यक्रम के तहत अधिवक्ता मातादीन अग्रवाल, समाजसेवी मो. क्यूम, बीसीकेयू केंद्रीय सचिव कंचन महतो, रविन्द्र राजवार, विदेशी महतो, राजु खान, राजेन्द्र प्रसाद राजा ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और महापंडित राहुल सांकृत्यायन के जीवनी पर प्रकाश डाला।

## ब्राह्मणों का ठेकेदार कोई नहीं , जनता जिसे चाहे वोट करें : उपाध्याय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तोपचांची।** किसी भी प्रत्याशी को वोट देने या दिलवाने की ठेकेदारी ब्राह्मण समाज के नाम पर नहीं की जानी चाहिये। पूर्व वरिष्ठ आर्ष परिषद उपाध्यक्ष कतरास समाज के गिरिजा शंकर उपाध्याय ने कहा कि ब्राह्मण के वोटो के ठेकेदार बनकर समस्त ब्राह्मणों को अपमानित करने का प्रयास किया गया है जो निंदनीय है। मतदान करने का अधिकार सभी को प्राप्त है लेकिन किसी पार्टी या उम्मीदवार को अपना मत देगा यह कहना बिल्कुल शोभनीय नहीं है। गिरजा शंकर उपाध्याय ने कहा लोकसभा चुनाव का बिगुल बजा है धर्म और अधर्म के बीच हिंदुस्तान में युद्ध शुरू हो गया है। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों पर लोकसभा चुनाव के दौरान जनता अंकुश लगाने का काम करेगी। जनता जनार्दन जिसे चाहे वोट दे सकता है परन्तु कोई ठेकेदार बन कर समस्त जाति का वोट उसे दिला नहीं सकता है। मतदान मतदाता अपने अनुसार अपने पसंदीदा प्रत्याशी को करेंगे। उन्होंने कहा की समाज में अधर्मी लोग अपने स्वार्थ को सिद्ध करने के लिए किसी भी हद तक गुजर जाते हैं। निजी स्वार्थ को सिद्ध करने के लिए ब्राह्मण समाज को बदनाम न करें।

# उपायुक्त ने किया झरिया के अग्नि प्रभावित मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**▸▸ शौचालय, पानी की व्यवस्था को लेकर दिये कई निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र के घनुआडीह स्थित मध्य विद्यालय सेंट्रल कुजामा का निरीक्षण किया। यहां चार मतदान केंद्र हैं। लोदना कोलियरी हाई स्कूल में 5 मतदान केंद्र हैं। उपायुक्त ने वहां का भी निरीक्षण किया और मतदान केंद्रों में साफ सफाई, मतदान से एक दिन पहले पानी की व्यवस्था, शौचालय की साफ-सफाई के मामले में बीएलओ को दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र में कुछ मतदान केंद्र अग्नि प्रभावित हैं। वैसे केंद्र चुनाव कराने के लिए सुरक्षित हैं या नहीं, इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक एवं एआरओ के साथ निरीक्षण किया गया। मतदान केंद्रों की सुरक्षा को लेकर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के साथ बैठक होगी और मतदाताओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झरिया में मतदान का प्रतिशत कम रहा है। इसलिए स्वीप कोषांग की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार झरिया में मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

निरीक्षण में उपायुक्त के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अंचल अधिकारी झरिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### चिरकुंडा बाजार के दुकान में विक्षिप्त महिला का शव बरामद



**मैथन।** चिरकुंडा नीचे बाजार स्थित हीरो बाइक शोरूम के समीप बुधवार की सुबह एक खंडहर दुकान से 30 वर्षीय विक्षिप्त महिला की शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर मौके पर चिरकुंडा पुलिस पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। मृतका की पहचान चिरकुंडा बाबुडंगाल निवासी यमुना देवी के रूप में हुई है। लोगों ने बताया कि आज सुबह करीब आठ बजे आसपास के दुकानदारों ने अपना दुकान खोलने पहुंचे, तो काफी दुर्गंध आ रहा था। जांच-पड़ताल करने पर पता चला कि खंडहर में तब्दील हो चुका एक दुकान से दुर्गंध आ रहा है, नाक बंद कर लोगों ने जब नजदीक जाकर देखा गया तो महिला का शव मिला। इसके बाद लोगों ने पुलिस को खबर दिया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराने की तैयारी में जुटी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं। मृतका की भाभी एवं भाई ने बताया कि तीन दिन से यमुना लापता थी। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। हमलोग तीन दिन से उसको खोजबीन कर रहे हैं। बताया कि यमुना शादीशुदा थी, उसका 10 वर्ष का एक बेटा और 4 साल की एक बेटी है। उसकी शादी पश्चिम बंगाल के आसनसोल में हुई थी। चार साल पहले उसका पति उसे छोड़ दिया था, तब से अपने बच्चों के साथ हमारे यहां रहती थी। पति द्वारा छोड़े जाने के बाद वह मानसिक रूप से बीमार हो गई थी।

# गर्मी शुरू होने के साथ ही कतरास मे पेयजल को लेकर हाहाकार

## ईद व चैत नवमी में पानी आपूर्ति की कमी से लोग हुए परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** कतरास कोयलांचल क्षेत्र में गर्मी के साथ ही पानी को लेकर लोगो के बीच त्राहिमाम मचा है। पानी की अनियमित आपूर्ति से लोग बेहाल हैं। जानकारी के अनुसार कतरास क्षेत्र में झमाडा (झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार) द्वारा पानी आपूर्ति में कमी किये जाने से लोगो की परेशानी बढ़ी है। अभी ईद एवं चेत नवमी का त्यौहार है ऐसे में पानी आपूर्ति में कमी से लोग परेशान हैं। मालूम हो कि कतरास की एक बड़ी आबादी पानी के लिए तोपचांची झील पर आश्रित है। बताया जाता है झील में पानी कम होने के कारण झमाडा ने जलापूर्ति एक-एक दिन बीच कर देना शुरू कर दिया है। लोगो के अनुसार जलापूर्ति के समय में भी कटौती कर लोगो को परेशानी में डाल दिया है। जिस कारण यहाँ के लोग पानी का जार, बोतल या फिर टैंकर के पानी पर निर्भर हैं। सर्वाधिक कतरास का रानी बाजार, भंडारीडीह, राजेन्द्र नगर इलाका पानी के अभाव में त्राहि-त्राहि कर रहा है। ऊपर से अब झमाडा ने रानी बाजार, राजेन्द्र नगर एवं भंडारीडीह के पाइपलाइन में व्हील वाल्व लगाकर जलापूर्ति के समय में और कटौती की योजना तैयार कर ली है। झमाडा के इस रवैये से लोगो के गले अभी से ही सूखने लगे हैं।

लोग बताते हैं कि झमाडा ने राजेन्द्र नगर के 4 इंच पाईप लाईन और रानी बाजार के 6 इंच के पाईप लाईन में व्हील वाल्व लगा दिया है। गौरतलब है कि राजेन्द्र नगर एवं रानी बाजार के लोग पूरी तरह से झमाडा के पानी पर ही आश्रित हैं। जबकि छाताबाद, सोनारडीह, सिजुआ, अंगारपथरा में बीसीसीएल के जलापूर्ति की भी व्यवस्था है। तत्कालीन जल संसाधन मंत्री जलेश्वर महतो ने राजेन्द्र नगर के लोगों को 4 इंच पानी का पाईप लगवाकर यहां के लोगों को एक तरह से जीवन दान दिया था। उस समय यहां मात्र 32 कनेक्शन थे जबकि अभी के समय में उक्त पाईप लाईन में तकरीबन 62 कनेक्शन हो गये हैं और वैसे भी यहां हमेशा पानी में प्रेशर कम रहने से हर पल जलापूर्ति का टोटा रहता है ऊपर से झमाडा ने व्हील वाल्व लगाकर लोगों को पानी के लिए और तरसाने का मन बना लिया है। बताते हैं कि 24 इंच पाईप से कनेक्शन लेने वाले कई खास लोगो को पानी कटौती की कोई व्यवस्था नहीं है। एक तो गर्मी उसपर पानी आपूर्ति में कटौती तथा अनियमित आपूर्ति से लोगो में झमाडा के प्रति रोष है।

## पंचेत पुलिस की छापेमारी में डीवीसी क्वार्टर से अवैध शराब बरामद



**कुमारधुबी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ छापेमारी लगातार जारी है। उसी कड़ी में बुधवार को लगभग 3:30 बजे वरीय पुलिस अधीक्षक की गुप्त सूचना के आधार पर पंचेत पुलिस ने गोलघर स्थित डीवीसी क्वार्टर से भारी मात्रा में अवैध बीयर और कैन बीयर बरामद की है। एसडीपीओ रजत मानिक बाखला ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि पंचेत ओपी अंतर्गत गोलघर स्थित डीवीसी क्वार्टर में दंडाधिकारी आशीष राणा की उपस्थिति में छापेमारी की गई और बुडवाइजर कंपनी की कैन बीयर की चार हजार व एक हजार बीयर की बोतल बरामद की गई है। हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बरामद बीयर की कीमत लगभग 5 से 6 लाख रुपये बतायी जा रही है। इस छापेमारी से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। छापेमारी दल में चिरकुंडा इंस्पेक्टर फागु होरो,पंचेत ओपी प्रभारी प्रभात रंजन राय,नवल डॉग, उमाकांत, रितेश मिश्रा सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।दो लोगों को अभियुक्त बनाया गया है, जिनमें विनोद सिंह एवं आयुष कुमार शामिल हैं। दोनों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## लोयाबाद से गायब नाबालिग युवती को सीडब्लूसी ने किया बरामद, पूछताछ जारी

खबर मंत्र संवाददाता



**धनबाद।** एक अप्रैल को लोयाबाद से गयाब नाबालिग युवती को सीडब्लूसी ने बरामद किया है। फिलहाल उसे बालिका गृह में रखा गया है। युवती का धनसार थाना क्षेत्र के एक युवक के साथ गया में विवाह करने की बात सामने आ रही है। युवती फिलहाल अपने परिजनों के साथ अपने घर नहीं जाना चाहती है। इस संबंध में सीडब्लूसी के अध्यक्ष उत्तम मखर्जी ने बताया कि बैंक मोड़ पुलिस ने 6 अप्रैल को बैंक मोड़ से युवती को हिरासत में लिया था। प्राथमिक पुछताछ के बाद पुलिस ने इसके पुर्नवास के लिए सीडब्लूसी से संपर्क किया। उसके बाद इसे न्यायायिक दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। उसके बाद हमलोग युवती के कॉसेलिंग के लिए अपने पास ले आया। यह प्रक्रिया अभी चल रही है। युवती का आरोप है कि उसके परिजन कम उम्र में उसकी शादी कराना चाहते थे, इसलिए वह अपने दोस्त के साथ घर से भाग गई थी। परिवार के साथ वह अभी नहीं जाना चाहती है। युवती के परिजनों ने युवक के खिलाफ धनसार थाना में मामला भी दर्ज कराया है। लेकिन युवक अभी पकड़ा नहीं गया है। युवक नाबालिग है या बालिग ये भी पता नही चला है। पुलिस को युवकी की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने की बात कही गई है। यदि वह बालिग हुआ तो पोक्सो एक्ट के तहत उसके खिलाफ मामला दर्ज होगा। उन्होंने बताया कि कॉसेलिंग अभी चल रही है। यह प्रक्रिया पूरी होंने के बाद यदि परिजन युवती को ले जाना चाहते है तो उन्हें ले जाने की अनुमति दी जायेगी।

## मेरे काम करने के तरीके से माफिया परेशान हैं : ढुल्लू महतो

**सिंदरी/बलियापुर।** भाजपा धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को जोरदार स्वागत हुआ। बलियापुर प्रखंड के एमओसीपी में आयोजित सभा में विरोधियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मेरा काम करने का तरीका अलग है। इससे माफिया परेशान हैं। हम गरीब, शोषित, पीड़ित के लिए दिन रात काम करते हैं। विरोधी मेरे लोक प्रियता से घबराए हुए हैं। इस मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, पश्चिम मंडल अध्यक्ष मंटू रवानी, पश्चिम मंडल उपाध्यक्ष जयराम रवानी, मिंटू साव, बिरंची सिंह, बेंगू ठाकुर, सपन बनर्जी, संजय गोराई, प्रवीर मुखर्जी, पंकज सिंह, मुक्तेश्वर महतो, गुप्तेश्वर साव, हरे कृष्ण रवानी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उपायुक्त ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण अधिकारियों को दिये कई दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बुधवर को वेयर हाउस का निरीक्षण किया। वेयर हाउस जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया। गांडेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने प्रखंड कार्यालय, सिरसिया स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस को खोला गया।

उपायुक्त ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, वीवीपीएटी हॉल, बीयू हॉल के साथ आवश्यक विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया गया। उन्होंने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मापदण्डों के अनुपालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया।

समय-समय पर फायरबॉक्स मशीनों की जांच करते रहने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय महेशलुंडी, डिस्पैच सेंटर व विवाह भवन का निरीक्षण किया गयातथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

निरीक्षण में उप विकास आयुक्त, आईएएस प्रशिक्षु, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि समेत निर्वाचन कार्यालय के कर्मी व पुलिस पदाधिकारी/कर्मी आदि मौजूद थे।

## पारिवारिक कलह में केंदुआ के एक युवक ने लगाई फांसी

**धनबाद।** केंदुआ खटीक पट्टी के रहने वाले दीपक खटीक ने साड़ी के सहारे फंदे से लटक अपनी जीवन लीला समापत कर ली। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कलह से तंग आकर फांसी लगा ली। बेटे के साथ कमरे में सोए पिता को भनक तक नहीं लगी। पिता सज्जन खटीक मंगलवार की रात खाना खाकर पुत्र के साथ सो गए थे, जब उनकी नींद खुली, तो देखा कि बेटा सोया है। सुबह चार बजे जब उठे, तो पुत्र साड़ी के सहारे फंदे से लटका हुआ था। आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। केंदुआडीह थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर ने बताया कि पिता की शिकायत पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

## निरसा के माड़मा में चोरों ने चार पोल के केबल चुरा लिये



भीषण गर्मी में लोग परेशान, बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित

खबर मंत्र संवाददाता

**मैथन।** इन दिनों निरसा के विभिन्न क्षेत्रों में केबल चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बढ़ते तापमान के बीच केबल चोरों का आतंक लोगों को तबाह कर रहा है। इसी आतंक की कड़ी में निरसा के माड़मा गांव में मंगलवार की रात चोरों ने चार पोल का लगभग 500 मीटर केबल की चोरी कर ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीती रात करीब 1 बजे बिजली चली गई। सुबह जागने के बाद देखा तो बिजली नहीं आई थी। पता लगा कि चोरों ने चार पोल के केबल चुरा लिये हैं। चोरी की सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से आग्रह किया कि भीषण गर्मी को देखते हुए पोल में तार लगा कर बिजली की आपूर्ति पुनः जल्द से जल्द चालू करे। रोशनी के अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

## डीडीसी ने अधिकारियों को दिये पेय जलापूर्ति समस्या से निपटने के निर्देश

खबर मंत्र संवाददाता



**धनबाद।** गर्मी के मौसम में आमजनों तक नियमित पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय के सभागार में उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में बैठक की गयी।

बैठक में जिले की विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में पीएचईडी 1 एवं 2, नगर निगम, माडा, बीसीसीएल, जुडको, चिरकुंडा नगर परिषद, डीवीसी मैथन, विद्युत विभाग के पदाधिकारियों समेत अन्य की उपस्थिति भी रही।

बैठक में सभी खराब चापाकलों की अविलंब मरम्मत सुनिश्चित करने, जहां पाइप बिछाई गई है, वहां घरों में जल संयोजन करने, प्रत्येक पंचायत में नए चापानल लगाने एवं जिन क्षेत्रों में आवश्यकता हो वहां टैंकर से जलापूर्ति की व्यवस्था करने का निर्देश डीडीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

बैठक में पेयजल स्त्रोतों की स्थिति, पानी टंकी की स्थिति, मरम्मत कार्य आदि विषयों पर चर्चा कर सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजनों से निरंतर संपर्क रखते हुए उनकी समस्याओं का निष्पादन करें।

विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को गर्मी में बिजली दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। डीडीसी ने कहा कि बिना बिजली के मोटर नहीं चलेगा, जिससे जलापूर्ति ठप हो जाएगी। इसलिए कम से कम बिजली कटे यह सुनिश्चित करें। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

कांग्रेस नेताओं ने घोषणा पत्र पर की चर्चा, घर-घर जाएंगे कार्यकर्ता

## कोडरमा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विनोद सिंह पहुंचे कांग्रेस कार्यालय

खबर मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सह बगोदर से माले विधायक विनोद सिंह बुधवार को कांग्रेस जिला कार्यलय पहुंचे। विनोद सिंह ने कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक की और कांग्रेस के पांच न्याय और घर-घर 25 गांरटी अभियान की भी शरुआत की। बैठक में पार्टी के अध्यक्ष धनंजय सिंह, माले नेता राजेश यादव, राजेश सिन्हा, कांग्रेस नेता नरेश वर्मा, अशोक विश्वकर्मा, उपेन्द्र सिंह, सीताराम पासवान, महमूद अली खान, कृष्णा सिंह, निरंजन तिवारी, राजू तूरी भी मौजूद थे। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस की सरकार बनने पर सरकारी विभागों में नियुक्ति की प्रकिया शुरू की जाएगी। कहा कि वर्तमान समय में युवा नौकरी के लिए परेशान हैं। वहीं किसानों और नारी न्याय के लिए पांच गांरटी की भी चर्चा की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इंडिया गठबंधन के हर घटक दल के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष धनजंय सिंह ने कहा कि कोडरमा प्रत्याशी को चुनाव जिताने में कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता पूरे मनोबल के साथ काम करेगा। घर-घर पहुंच कर लोगों को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर जनता को मिलने वाले फायदे से अवगत कराएंगे।

## स्कूलों से एग्रीमेंट के बीच चाबुक चला रहा एफसीआई प्रबंधन : सेवा सिंह

स्कूल की भाड़ा बढ़ोतरी से अभिभावकों पर पड़ेगा असर : आशुतोष

खबर मन्त्र संवाददाता





**सिंदरी।** सिंदरी में आवास के साथ ही स्कूलों पर भी एफसीआई प्रबंधन चाबुक चला रहा है। मात्र 10 रुपये के सालाना भाड़ा को लगभग 19 लाख रुपये कर दिया गया है। यह जानकारी एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज एसोसिएशन अध्यक्ष सह एफसीआई के पूर्व कर्मी सेवा सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि एफसीआईएल सिंदरी के बंद होने से तीन वर्ष पूर्व 14 मई 1999 को प्रबंधन ने डीएवी स्कूल को सिंदरी के बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए आमंत्रित किया था। रांगामाटी के दो खंडहर बन रहे एफसीआई स्कूलों को डीएवी स्कूल के रूप में संचालित करने का 33 वर्ष का एग्रीमेंट किया था।

परंतु अब एफसीआई प्रबंधन स्कूल के साथ उस एग्रीमेंट को दरकिनार कर मनमाने ढंग से भाड़ा बढ़ोतरी करना चाह रहा है। केन्द्रीय उर्वरक सचिव तथा धनबाद भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो को पत्र देकर इसपर पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया है।

हालांकि कई लोगों ने स्कूल की बढ़ती फीस का भी विरोध किया है और स्कूल प्रबंधन से रोक लगाने के लिए सोशल मीडिया के जरिये आवाज उठाई है।

डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी के प्राचार्य आशुतोष कुमार ने बताया कि स्कूल के 10 रुपए से 19 लाख रुपए भाड़ा बढ़ोतरी से अभिभावकों पर सीधा असर पड़ेगा। इससे प्रति बच्चे लगभग 16 सौ रुपये अतिरिक्त सालाना शुल्क बढ़ जाएगा। उन्होंने बताया कि डीएवी स्कूल के लोकल मैनेजमेंट कमेटी अध्यक्ष एफसीआई के यूनिट इंचार्ज होते हैं। एफसीआई के रुख के अनुसार अध्यक्ष की सहमति से शुल्क बढ़ाया जा सकता है।

एफसीआईएल सिंदरी यूनिट इंचार्ज विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सभी स्कूलों और धार्मिक संस्थानों को भाड़ा बढ़ोतरी के लिए नोटिस भेजा गया है। दिल्ली मुख्यालय के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के आदेश के अनुसार कार्य किया जा रहा है। इस नोटिस के तहत संस्थानों से एफसीआईएल मात्र 5 वर्षों के लिए एग्रीमेंट कर रहा है।

## खबर एक नजर में

### लाल वारंटी सुभाष सिंह को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**लोयाबाद।** लोयाबाद पुलिस ने बुधवार को लाल वारंटी सुभाष सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुभाष धारा 379 का आरोपी है। सन 2005 में उस पर केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने लोयाबाद नौ नंबर से उसके घर से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने कहा जो अपराधी है, उसे जेल भेजा जाएगा। थाना क्षेत्र में कोई भी क्रिमिनल पुलिस की नजर से बच नही सकता।

### गिरिडीह एसपी ने डुमरी व पीरटांड के कई नक्सल प्रभावित गांवों का किया भ्रमण



**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बुधवार को जिले के कई नक्सल प्रभावित गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने इलाके में स्थित मतदान केन्द्रों का जायजा लेने के साथ ही लोगों को मतदान के लिए जागरूक भी किया। एसपी पुलिस जवानों के साथ डुमरी व पीरटांड़ के कई नक्सल प्रभावित इलाके के साथ ही करमाटांड़, नाओकन्या, चतरो, सोबरणपुर, बंदगांव, बंसिमरी गमहारा, सोहरैया, आंगनबाड़ी केंद्र भवानंद, पीरटांड, खुखरा, हरलाडीह, डुमरी, मदनाडीह गांव पहुंचे और वहां के मतदान केन्द्रों सहित आसपास सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से भी मुलाकात की और निर्भीक होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने अर्धसैनिक बलों के रहने के लिए बनाए गए भवन का भी निरीक्षण किया। एसपी के साथ एएसपी कौशर अली, डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद, खुखरा थाना प्रभारी, डुमरी थाना प्रभारी सहित पुलिस के कई जवान मौजूद थे।

### गिरिडीह डीआरडीए सभागार कक्ष में हुई डाक मतपत्र कोषांग के कार्यों की समीक्षा



**गिरिडीह।** डीआरडीए सभागार कक्ष में बुधवार को डाक मतपत्र कोषांग के कार्यों की समीक्षा हुई। गांडेय विधानसभा उप चुनाव के सफल संचालन को लेकर वरीय पदाधिकारी डाक मत पत्र कोषांग की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार कक्ष में बैठक हुई। बैठक में अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी, सभी सहायक अधीक्षक समेत संबंधित कोषांग के अधिकारी उपस्थित थे। सभी सहायक अधीक्षक, प्रधान डाकघर को निदेश दिया गया कि डाकघर द्वारा एक डाकिया को प्रतिनियुक्त किया जाए और उसकी सूचना डाक मत पत्र कोषांग को देते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्राप्त लिफाफों को डाक मत पत्र कोषांग में जमा कराएं। प्राप्त लिफाफों को कोषागार के स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया।

### किन्नर समाज की अध्यक्ष की पोती और शिष्या श्वेता किन्नर को मतदाता जागरूकता आइकॉन बनाया

**धनबाद।** किन्नर समाज की अध्यक्ष छमछम देवी की पोती और शिष्या श्वेता किन्नर को चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आइकॉन बनाया गया है।श्वेता किन्नर घर-घर जाकर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील कर रहीं हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को धनबाद के जगजीवन नगर स्थित आयुष फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पहुंची,जहां श्वेता किन्नर ने महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा देश को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए वोट देना जरुरी है। उन्होंने कहा कि बड़े ही दुःख की बात है कि धनबाद झरिया में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ेगा ऐसी उम्मीद है। सेंटर में 20 से ज्यादा ऐसी युवतियां भी मौजूद थीं, जो नए मतदाता बनी हैं और इस बार अपने मत का प्रथम बार प्रयोग करेंगी। उन्हें इस कार्यक्रम में इवीएम मशीन के बारे में भी बताया गया।

### चांद का हुआ दीदार, जुमेरात को मनाया जाएगा ईद उल फितर का त्योहार

**झरिया।** बुधवार को ईद के चाँद का दीदार हो गया। चाँद के दीदार होते ही ईद की बधाईयों का सिलसिला जारी हो गया है। चाँद के दिखते ही जुमेरात को देशभर में ईद का त्योहार मनाया जाएगा। झरिया कोयलांचल के सभी मस्जिद तथा ईदगाहों को लाइटिंग से सजाया गया है तथा ईदगाह का रंगरोपन किया गया। माजिदों में दुधिया रंग की लाइटिंग आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है। जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा पूरी तरह दल बल के साथ गुरुवार को ईद की नमाज के समय पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे। जोड़ापोखर क्षेत्र के शालीमार ईदगाह मैदान में सुबह 8:15 बजे, नूनीकडीह 2 नम्बर मस्जिद में सुबह 8 बजे, डिगवाडीह जमा मस्जिद में 8 बजे, बरारी जामा मस्जिद में दो नमाज पहली नमाज 8 बजे एवं दूसरी नमाज 8:45 बजे, रमजानपुर ईद की नमाज ईदगाह में 8 बजे, डुमरी 7 नम्बर मुस्लिम मुहल्ला में 8:30 बजे, डिगवाडीह मांझी बस्ती गौसिया मस्जिद 8:15 बजे, जोड़ापोखर एक नम्बर मस्जिद 8 :15 बजे, जामाडोबा मस्जिद 8:30 बजे ईद कि नमाज अदा किया जायेगा। झरिया, जामाडोबा एवं डिगवाडीह के बाजारों में ईद की तैयारी को लेकर काफी भीड़ देखी ज रही है।

### झारखंड अंडर 20 फुटबॉल टीम में धनबाद के बस्की का चयन



**धनबाद।** छत्तीसगढ़ में 12 अप्रैल से शुरू होने वाले अंडर 20 नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में धनबाद के शिवनाथ बास्की का चयन हुआ है। ये झारखंड फुटबॉल टीम का नेतृत्व करेंगे। चक्रधरपुर में आयोजित चयन ट्रायल कैंप में बेहतर प्रदर्शन के लिए बास्की का चयन किया गया है। जिला संघ के चेयरमैन श्याम पांडे, अध्यक्ष शब्बीर आलम, महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन, उपाध्यक्ष डॉ. विकास रमन, संयुक्त सचिव शुभंकर सरकार, उदय मिश्रा, सहायक सचिव सुनील मिश्रा, सुभाष लोध, सतीश सिंह, संतोष रजक, विक्रम सिंह आदि ने उसे शुभकामना देते हुए बधाई दी है।

### गोविंदपुर में ढुल्लू महतो का स्वागत, महिलाओं को सेवा-सुरक्षा का आश्वासन दिया



**गोविंदपुर।** धनबाद जिला ग्रामीण महिला मोर्चा ने बुधवार को यह यश्लोक पुरम गोविंदपुर में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का अभिनंदन किया। श्री महतो ने कहा कि महिलाओं की सेवा में वह 24 घंटे खड़े रहेंगे। महिलाएं चाहेंगी, तभी परिवार के सदस्यों का शत प्रतिशत मतदान होगा। जिलाध्यक्ष अधिवक्ता जया कुमार ने कहा कि भाजपा की जीत में महिलाएं आम भूमिका निभाएंगी और ग्रामीण महिलाओं की टीम घर-घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम में सिंदरी विधानसभा प्रभारी संजीव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, धर्मजीत सिंह, नीतू शंकर, भारती देवी, रतिरंजन गिरि, बलराम साव, ओमप्रकाश बजाज, दिनेश मंडल, नवल चौधरी, जग्गू साव, बमबम साव, रेखा देवी, रानी सिंह, अल्पना मुखर्जी, गायत्री देवी, अनिमा सिंह, सीमा प्रसाद, सुनीता घोष, बिंदु दास, पंकज सिंह, खगेन चौधरी, विनोद रजवार आदि शामिल थे

# अवैध हथियार, अवैध शराब जैसे अपराधिक कार्य बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे: ए विजयालक्ष्मी

**लोस चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए पुलिस विभाग को आईजी ने दिये कई अहम निर्देश**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार दुमका में प्रमंडलीय आईजी का पोस्टिंग हुआ है। संथाल परगना प्रक्षेत्र की आईजी ए विजयालक्ष्मी बनकर दुमका में आई है। चुनाव को लेकर पुलिस पदाधिकारियों संग बैठक कर आईजी ने कई आवश्क निर्देश दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर समीक्षा की गई है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपराधिक घटनाओं पर रोक को लेकर पुलिस की आवश्श्यक कदम उठाने को लेकर चर्चा की गई है। आईजी ने बताया कि उपराजधानी दुमका की बात की जाये तो अवैध शराब और अवैध हथियार समेत अन्य अवैध कार्यो पर रोक लगाने को लेकर संबंधित पुलिस पदाधिकारियों से चर्चा की गई है। आईजी ने बताया कि वारंट एक्यूसन एवं ननबेलेबल वारंट एक्सूसन समेत अन्य अपराधिकक गतिविधियों पर रोक लगाने पर चर्चा हुई। संवेदनाशील बूथ को लेकर कहा कि संवेषनशील एवं असंवेशनशील बूथ को चिन्हित किया गया है। ऐसे बूथ को लेकर विषेश चर्चा की गई है। अभी से किस तरह की तैयारी होनी चाहिए। क्षेत्र से संबंधित जानकारी लेकर ली गई है। इसके अंदर में क्या आवश्यक कार्रवाई होनी चाहिए, इस दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। आपको बता दें कि संथाल परगना प्रमंडल क्षेत्र में तीन लोक सभा क्षेत्र है। तीनों लोक सभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए पुलिस के सामने बड़ी चुनौती है। इसी को लेकर दुमका आईजी हरेक तरह के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए पुलिस पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दी है। आईजी ने कहा है कि लाल वारंटी, अवैध हथियार, शराब की तस्करी, जानवर की तस्करी पर रोक लगाना है और चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए संथाल परगना के सभी छह जिले के पुलिस की तैयारी त्वरित गति से की जा रही है। आईजी ने दुमका जिले के सभी डीएसपी, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक कर अपराध सम्बन्धी जानकारी लेते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दी।

# बोकारो : बच्चों ने पताका फहराकर विक्रम नववर्ष का किया स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 9 डी स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विक्रम नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के भैया बहनों ने घोष दल के साथ प्रभात फेरी निकाली।

विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव आरके कर्ण ने बताया कि अभी का जो मौसम है प्रकृति भी अपने स्वरूप के द्वारा इस नूतन नववर्ष का अभिनंदन करती नजर आती है। विद्यालय के उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि विद्या भारती प्रारंभ से ही नव संवत्सर से भैया बहनों को अवगत करा रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कामत ने कहा कि ब्रह्मा जी ने भी सृष्टि का निर्माण आज ही से प्रारंभ किया था।

इस दौरान विद्यालय के प्रांगण में चारों तरफ भगवा पताका लगाई गई। सभी ने खीर भोजन का आनंद लिया और एक दूसरे को नूतन नववर्ष की बधाइयां दी। इस अवसर पर विद्यालय समिति के सदस्य राम नारायण सिंह प्रभारी राम प्रसाद साह सभी आचार्य दीदी जी कर्मचारी बंधु भगिनी और भैया बहन उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### रन फोर वोट को लेकर वोटरों को जागरूक किया



बेरमो। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से बोकारो जिला प्रशासन के आदेश के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी को लेकर बुधवार बेरमो प्रखंड के अंतर्गत रन फॉर वोट का आयोजन किया गया। इस दौड़ को हरी झंडी दिखा कर वोट फॉर रन की शुरूआत की। यह कार्यक्रम बेरमो प्रखंड के अंचल अधिकारी के द्वारा क्षेत्र में आयोजित किया गया था। यहां बड़ी संख्या में लोगो के अलावे प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी नगर कार्यपालक सीडीपीओ कर्मचारी आम लोग शामिल हुए और लोगों से मतदान करने की अपील करते हुए दौड़ लगाई और लोगों को जागृत करने का संदेश दिया। मौके पर सतीश कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, ताकि लोग वोट देने मतदान केंद्रों में जाएं, क्योंकि जिला प्रशासन मतदान को लेकर काफी सजग है। लोगों की सुविधाओं का भी इंतजाम कर रही है और मौके पर उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई गई।

### रामनगर में चैत्र नवरात्र मां (नवदुर्गा) का आह्वान कर कलश स्थापना हुआ



बेरमो। फुसरो नगर परिषद के अंतर्गत रामनगर स्थित श्री श्री महारानी देवी मंदिर के प्रांगण में कलश स्थापना के साथ वासंतिक (चैत्र) नवरात्र (दुर्गा पाठ) का प्रारंभ हुआ। यहां पुरोहित विष्णु पांडेय, यजमान रामधार सहानी एवं उनके धर्मपत्नी राजेश्वरी देवी के द्वारा विधि-विधान से प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा संपन्न हुई। मंदिर में कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तशती पाठ प्रारंभ किया गया। मौके पर बिंदा प्रसाद, अर्जुन निषाद, बलराज साहनी, जयप्रकाश मल्लाह, जोगेन्दर सहानी, मदन निषाद, मनोज प्रसाद, रिंकु कुमार निषाद, विश्वनाथ सहानी, अजय सहानी, दिलीप सहानी, दीपक सिंह, संजय कुमार गुप्ता, जितेन्द्र सहानी, संतोष सहानी, शंभू पासवान, भोला सिंह, केएन सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद, चेत नारायण सिंह, कृत राम, महावीर राम, प्रेमचंद प्रसाद, सोनी देवी, रुबी कुमारी, कमली देवी, आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

### करगली बाजार शिवनारायण मंदिर को मिला गुप्त दान के रूप में वॉटर कुलर



बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार शिवनारायण मंदिर परिसर के सामने गर्मी को देखते हुए गुप्त दान वाटर कूलर मंदिर पुजारी संतोष दीक्षित को समर्पित वही पंडित संतोष दिक्षित पूजा पाठ कर करगली बाजार समाजसेवी योगेश तिवारी ने फीता काटकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया योगेश तिवारी ने कहा बहुत ही पुण्य का काम होता है पानी पिलाना और आम जनता राहगीरों को पानी में कठिनाई न हो शुद्ध ठंडा जल जहांगीरों को मिले और समाज के कार्य में बढ़-चढ़कर लोग आगे आए मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है मौके पर उत्तम सिंह राजन साव कृष्ण कुमार वर्मा मुकेश साहू रवि यादव रोहित बाबा यकु कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### संस्कार भारती ने मनाया हिंदू नववर्ष



बोकारो। संस्कार भारती बोकारो जिला इकाई द्वारा सुबह सेक्टर 4 जी स्थित काली मंदिर परिसर में भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2081 सोल्लास मनाया गया। सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के साथ पूजा पाठ विधि के साथ हिंदू नववर्ष का प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्कार भारती के बोकारो जिला अध्यक्ष अमरजी सिन्हा जिला मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय संगीत प्रमुख अरुण पाठक नृत्य प्रमुख रजनी पाढ़ी सह मंत्री अर्चना चौधरी सहित आर झा विनय सिंह शशि सिंह अविनाश आदि उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष अमरजी सिन्हा मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय व संगीत प्रमुख अरुण पाठक ने सभी को भारतीय नव वर्ष व चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी।

### नि:शुल्क विद्यालय 14 को मनायेगा डॉ अम्बेदकर जयंती

बोकारो। नगर के कुमार पेट्रोल पंप में कुमार अमरदीप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन बिपिन अग्रवाल ने किया। बैठक में 14 अप्रैल 2024 को बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बच्चों को वार्षिक रिजल्ट वितरण किया जायेगा। बैठक में समाजसेवी निवारण चंद्र महतो राजकपूर चौधरी आलोक रस्तोगी तेजपाल सिंह बडेलाल चुनाल स्कूल के संस्थापक परशुराम राम हरिशंकर प्रसाद सोनी रवि कुमार दास चंदेश्वर ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### साहिबगंज : बाल तस्करों को तस्करी करते पकड़ा गया

तीनपहाड़। बीती रात्री मंगलवार को तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन से 4 नाबालिक एवं दो बाल तस्करों पुलिस ने घर दबोचा। जिसमे दो नाबालिक लड़की एवं दो नाबालिक लड़के को पैसे का झांसा देकर दिल्ली काम करने के लिए ले जा रहा था। जिसके बाद पुलिस द्वारा इसकी सूचना मंथन संस्था के समन्वय को दिया गया। संस्था द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों नाबालिक को बुधवार की सुबह बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर काउंसलिंग करवाया गया। वहीं पुलिस द्वारा पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम उमेश प्रसाद 45 पूर्वी चंपारण,महिमा मुजफ्फरपुर बिहार का रहने वाला बताया।वहीं दूसरी ओर महिला तस्कर ने अपना पहचान संझली मरांडी 31 धनबासा मिजाचौकी थाना का रहने वाला बताया। पुलिस द्वारा आगे करवाई जा रही है।

### साहिबगंज : करमटोला जानीबिट्टा पहाड़ के पास महिला का शव बरामद



मंडरो। मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के मंडरो प्रखंड के जानी बिट्टा पहाड़ के करमटोला के समीप एक लगभग साठ वर्षीय अज्ञात महिला का शव पहाड़ की झाड़ी के पास देखा गया। इसकी सूचना जैसे ही मिर्जाचौकी थाना के प्रभारी रोहित कुमार को मिली वह तुरंत ही ए एस आई राजाराम को अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर भेज कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये साहेबगंज सदर हॉस्पिटल भेज दिया गया। ग्रामीणों के द्वारा इसकी पहचान नहीं हो पाई थी। वही थाना प्रभारी ने बताया कि इसकी जांच कर जल्द ही आरोपी की पहचान कर लिया जायेगा।

# पाकुड़ : चेकपोस्ट पर कार से 19 लाख 80 रुपये जब्त

**रदीपुर ओपी थाना क्षेत्र के करमडांगा चेकपोस्ट के समीप उड़नदस्ता टीम ने वाहन जांच के दौरान पकड़ा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले के महेशपुर प्रखंड के रदीपुर ओपी थाना क्षेत्र के करमडांगा चेकपोस्ट के समीप बुधवार को उड़नदस्ता टीम ने वाहन जांच के दौरान एक कार से बैग मे रखा 19 लाख 80 हजार रुपए जब्त किया है। ये राशी कहा से लाई जा रही थी और कहा ले जाने वाली थी ये स्पष्ट नही हो पाई है। मिली जानकारी के मुताबिक महेशपुर के उड़नदस्ता टीम सदस्य सह सहायक अभियंता उत्तम कुमार बैध पुलिस टीम के साथ रदीपुर ओपी क्षेत्र में भ्रमण कर के दौरान करमडांगा के समीप चेकपोस्ट पर एक कार जाते हुए देखा। कार को पहले रुकवाया गया फिर कार कि डिक्की समेत अन्य जगह तलाशी लेने के दौरान एक बैग में भरी लाखो रुपए बरामद हुए। राशी की गिनती करने के पश्चात 19 लाख 80 रुपए की पुष्टि हुई। उड़नदस्ता टीम सदस्य सह सहायक अभियंता उत्तम कुमार बैध ने बताया कि सम्पूर्ण राशी पत्थर व्यवसाय मुतुर्जा अली उर्फ अपेल शेख की बताई जा रही है। जो क्षेत्र केचर्चित पत्थर कारोबारी है। जब्त रुपये की सूचना एसडीपीओ विजय कुमार ने जब्त रुपए का जांच किया गया। इस दौरान पता चला कि रुपया रद्दीपुर ओपी के गंगड्डा गांव निवासी अली मुर्तजा उर्फ अपेल शेख का है। वह पश्चिम बंगाल के नलहट्टी बैंक से नगदी निकालकर मजदूरों को देने के लिए अपना घर आ रहा था। एसडीपीओ ने बताया कि जब्त रुपये को लेकर इंकम टैक्स विभाग को सूचना दे दिया गया है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# बोकारो : चैत्र नवरात्रि पर दुर्गा मंदिर से निकली कलश यात्रा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** चैती नवरात्र के शुभ अवसर पर सेक्टर 4 थाना के बगल में स्थित मां भगवती दुर्गा मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। सेक्टर 4 दुर्गा मंदिर से सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर विधिवत पूजा अर्चना कर बैंड बाजा के साथ जल भरने जगन्नाथ मंदिर सरोवर गये और लौटकर सेक्टर 4 दुर्गा मंदिर पंहुचे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं नेता धर्मवीर सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को धर्म निष्ठ होना चाहिए। जो धर्म की रक्षा करता है और उसके साथ रहता है उसकी रक्षा धर्म करता है। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक भागवत कथा प्रवचन कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। पूजन कार्य मिथिलेश पांडेय ने किया। धर्मेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। जल कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं पुरुष युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे तथा जय श्री राम जय जगन्नाथ के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा।

### विश्व होम्योपैथी दिवस पर होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुअल की मनायी गयी जयंती



पाकुड़। विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर बड़ी अलीगंज में स्थित अवस्थी सर के निजी आवास पर होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ सैमुअल फेड्रिक हैनीमैन की जयंती होमियोपैथी चिकित्सक डॉ देवकांत ठाकुर के नेतृत्व में मनाई गई। जिसका जिसका उद्घाटन प्रो डॉ कृपा सिंधु अवस्थी के द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रो डॉ कृपा सिंधु अवस्थी ने कहा कि डॉ हैनीमैन के इस चिकित्सा पद्धति से अधिकाधिक लोगों को लाभ पहुंचाने का संकल्प लें। डॉ देवकांत ठाकुर ने कहा कि डॉ सेमुअल फेड्रिक हैनीमैन का जन्म 10 अप्रैल 1755 में हुआ था। होम्योपैथिक के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि डॉ सैमुअल हैनिमैन के हृदय में मानव कल्याण के लिए तड़प थी। यह पद्धति उसी का परिणाम है। आज होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से विश्व भर के करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि होम्योपैथिक पद्धति पूर्णतया सत्यता प्रमाण पर आधारित है। कुशल होम्योपैथिक चिकित्सक से इलाज कराने पर पूर्ण रूप से रोग से छुटकारा मिल जाता है। मौके पर डॉ दयानन्द पांडेय, मनोज कुमार ठाकुर, (श्री सत्य साईं सेवा संगठन पाकुड़ के जिला एसआरपी एवं मेडिकल इंचार्ज) गोपाल राय, ऋषि अवस्थी, रूपचंद मेहरा, मांझी हसदा, अंकित कुमार आदि उपस्थित थे।

### डीईओ ने कंट्रोल रूम व सामग्री कोषांग का किया निरीक्षण



पाकुड़। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए समाहरणालय स्थित कंट्रोल रूम एवं सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि वीडियो निगरानी की टीमें घूम रही हैं, उनके प्रॉपर लोकेशन लेते रहें। शिकायत कंट्रोल रूम में 1950, सुविधा कोषांग, सी-विजिल ऐप पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि निगरानी विशेष ध्यान रखा जाए जनपद में कहीं पर भी चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समय से करते हुए शिकायत पंजिका में भी दर्ज किया जाए। कंट्रोल रूम की टीम सतर्क होकर मॉनिटरिंग करें। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने समाहरणालय में बनाए गए सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध सभी सामग्रियों के बारे में जानकारी ली। चुनाव में उपयोग आने वाली सामग्रियों की पैकिंग को लेकर कोषांग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। कहा कि ऐसी व्यवस्था रखें, जिससे किसी समाग्री की कमी नहीं होने पाए।

# पाकुड़ : आये दिन फाटक पर होती है जाम, लोग होते हैं परेशान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** व्यस्ततम जिंदगी में जाम की समस्या पाकुड़ के लोगों का सिर दर्द बन चुका है। इसका मुख्य कारण है वाहनों के आवाजाही में सही दिशा का अनुसरण नहीं करना। जहां- जैसे मन अपना टोटो मोटरसाइकिल खड़ा करना, पाकुड़ में रेलवे फाटक, गांधी चौक, इंदिरा चौक से लेकर अटल बिहारी वाजपेई चौक हर हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। शहर में प्रायः अंबेडकर चौक एवं पुराना डीसी चौक में ट्रैफिक पुलिस नजर आते हैं। किंतु फाटक के निकट का सहयोग बहुत काम रहता है। गांधी चौक से फाटक तक संकीर्ण रास्ता है। पूर्व से पश्चिम दिशा तक जाने के लिए वहां बाईपास सड़क बनी है जो हरिन चौक पर निकलती है। किंतु सभी प्रकार के वहन एक ही सड़क का इस्तेमाल करते हैं। फल स्वरुप यहां आए दिन जाम रहता है। जबकि इसकी वैकल्पिक व्यवस्था है। किंतु ट्रैफिक व्यवस्था के अभाव में लोग एक ही सड़क का प्रयोग करते हैं। फल स्वरुप जाम स्वाभाविक है। इसके अलावे इस रास्ते पर कई लोग अपनी सब्जी की दुकान लगाते हैं। मोटरसाइकिल सवार अपनी गाड़ी खड़ी कर सब्जी खरीदने लगते हैं। जब दो बड़ी गाड़ी एक साथ एक दूसरे की विपरीत दिशा से आते हैं या फिर स्कूल बस गुजराती है तो कुछ देर के लिए जाम जैसे समस्या बनी रहती है। दोपहर में जब नो एंट्री खुलता है तो दोनों का समय सारणी एक ही रखा गया है फल स्वरुप जाम स्वाभाविक है। क्योंकि पेट्रोल पंप में गाड़ी घुराने के लिए प्राप्त जगह काम पड़ते हैं। यह बात सही है की जाम की समस्या अधिकांशिता नो एंट्री खोलने पर अधिक होती है।

# भागवत कथा के माध्यम से ही अंधकार से प्रकाश की ओर जाकर जीवन सफल हो सकता है : नंदिनी जी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ठाकुर गंगटी (गोड्डा)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित कजरैल ग्राम में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी रामनवमी व चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर वार्षिक भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ चल रहा है। वृंदावन से कृपा कर पधारी कथा वाचिका किशोरी कृष्ण नंदिनी जी ने कहा कि पौराणिक समय में आत्मदेव नामक एक ब्राह्मण थे और उनकी पत्नी धुंधली थी। आत्मदेव पूजा पाठ धार्मिक कार्यों में लीन रहते थे और धुंधली बिल्कुल व्यभिचार थी और हमेशा गलत कार्यों में लिप्त रहती थी। उसे कोई संतान नहीं था। ब्राह्मण आत्मदेव को एक संत ने एक फल दिया और कहा कि इसे वह धुंधली को खिला दें तो उसे संतान की प्राप्ति होगी।धुंधली ने स्वयं फल नहीं खाकर गाय को खिला दिया। उस गाय ने जब संतान को जन्म दिया तो वह गौकर्ण रूपी मनुष्य निकला। गोकर्ण का पूरा शरीर मनुष्य का था और कान गौ के आकार का था। इस प्रकार उसका नाम गोकर्ण पड़ा था। धुंधली ने छल प्रपंच कर पड़ोस की एक महिला से एक पुत्र लिया था। जिसका नाम धुंधकारी रखी थी। बड़े होने के बाद गोकर्ण शत प्रतिशत संत विचार के हो गए और धुंधकारी बिल्कुल व्यभिचार और गलत कार्यों को अंजाम देने वाला बन गया। गलत प्रवृत्ति का रहने के कारण गलत लोगों द्वारा ही धुंधकारी की हत्या कर दी गई और उसका सभी धन गलत प्रवृत्ति के लोग लूट ले गए। धुंधकारी प्रेत योनि में चले गए। प्रेत के रूप में धुंधकारी भाई गोकर्ण को डराया करता था। जब एक दिन उन्होंने उससे पूछा कि तुम्हारी यह स्थिति क्यों हुई और तुम्हें मुक्ति कैसे मिलेगी तो धुंधकारी ने कहा कि मुझे भागवत कथा सुना दो तभी मुक्ति मिलेगी। गौकर्ण ने भागवत कथा का आयोजन किया प्रेत रूपी धुंधकारी हवा बनकर सात गांठ वाले बांस में प्रवेश कर बैठ गया और नियमित कथा सुनाने लगा। पहले दिन की कथा में बांस का एक गांठ और फिर बारी-बारी से प्रत्येक सात दिनों में बांस का सातों गांठ फट गया और धुंधकारी को मुक्ति मिली। इसलिए जीवन में भागवत कथा का बहुत बड़ा महत्व है। प्रत्येक मनुष्यों को भागवत कथा में निश्चित रूप से भाग लेते रहना चाहिए। इसके अलावे भी कहीं कोई धार्मिक कार्य हो निश्चित रूप से उसमें तन मन धन से सहयोग करना चाहिए तभी जीवन सफल हो सकता है और मनुष्य को मुक्ति मिल सकती है।

### बोकारो थर्मल प्लांट में महिला कामगारों का यौन उत्पीडन से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



बेरमो/बोकारो थर्मल। डीवीसी बोकारो थर्मल प्लांट के अंदर तकनीकी भवन में मंगलवार को महिला कर्मचारियों के साथ होने वाले यौन उत्पीडन से संबंधित विषय पर प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार विद्युत मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित किया गया था जिसमे प्लांट में काम करने वाले तमाम महिला व पुरुष अधिकारियो व कर्मचारीयो ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट के वरीय महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान आनन्द मोहन प्रसाद, उपमहाप्रबंधक बीजीहोलकर, व्याख्याता सह क्षेत्रीय निदेशक सीडब्ल्यू वैद्य, डॉ संगीता रानी आदि अधिकारियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित पुरुष डीविसी अधिकारियो व कामगारों को महिला कामगारों का सम्मान करने को कहा गया साथ ही कार्य के दौरान किसी भी प्रकार का अश्लील व अभद्र टीका टीपनी महिलाओं के सम्बन्ध में करने से बचने की सलाह दिया गाया। साथ ही महिला कामगारों को भी निर्भिग होकर परियोजना में काम करने को कहा गया। साथ ही यौन उत्पीडन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा कार्यक्रम में किया गया और सभी को सदैव जागरूक रहना सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ कार्यालय में कार्य करने को कहा। तथा इस विषय पर महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अनुराग सिन्हा ने किया एवं संचालन व धन्यवाद ज्ञापन रवि कुमार सिन्हा, सहायक हिंदी अधिकारी ने किया। इस अवसर पर डॉ.संगीता रानी, सिस्टर आर. एमएफ लाल, रितेश कुमार, श्याम कुमार, गुंजन कुमार, अरविंद कुमार, हरि ओम सारण, प्रमोद कुमार सिंह,केरल टुडू, सुनील कुमार प्रसाद, कल्याणी कुमारी, रवि कुमार, खेदन रजक, इंद्र नाथ राम, रोहित कुमार, अंजू बोइपाई, अनुराग सिंह, रवि सिन्हा, संगीता कुमारी, पवित्र कुमार बाला, रंजन मिश्रा,सूरज कुमार तिवारी आदि महिला पुरुष अधिकारी व कामगार इस जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# लोग शांतिपूर्ण और भाइचारे के साथ मनायें त्योहार : एसपी गोड्डा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** ईद उल फितर ,सरहुल रामनवमी व चैती दुर्गा पूजा राम नवमी को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा ने जिले के नागरिकों से शांति पूर्ण तरीके से आपसी प्रेम और भाई चारे सांप्रदायिक सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। कुछ आवश्यक मोबाइल नंबर भी साझा किए गए हैं।

जिसमे एसपी ने खुद अपनी मोबाइल नंबर के साथ एसडीपीओ गोड्डा, एसडीपीओ महगामा के नंबर हैं सभी थाना प्रभारियों और ग्रामीणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। वर्तमान समय में आसन्न लोकसभा आम चुनाव के मध्येनजर चुनाव आयोग द्वारा लागू किए गए आदर्श आचार संहिता का सत प्रतिशत पालन करें। ऐसा कोई कार्य न करें जो नियम से हटकर हो और बाद में परेशान होना पड़े। ईद का नमाज अदा करने वाले जगहों के साथ-साथ रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर विभिन्न जगहों पर लगने वाले अखाड़ा, कुश्ती और मेला आदि के बारे में आवश्यक जानकारी लिया। कहा कि दोनों समुदाय का त्योहार लगभग एक सप्ताह के अंदर ही है इसलिए सब लोग विगत वर्षों की तरह भाईचारा को निभाते हुए एक दूसरे को सहयोग करें। ताकि आपसी भाईचारा बरकरार कर रहे और शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में पर्व शांतिपूर्ण बीत जाए। बताया कि सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी भी समुदाय व्यक्ति विशेष धर्म समाज को ठेस पहुंचाने वाले संगीत गाने का उपयोग नहीं करें।

# सशिमं के भैया बहनों ने खैराचातर में नववर्ष पर निकाली शोभायात्रा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य में श्री गोविंद स्नेहलता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खैराचातर के भैया बहनों ने शोभायात्रा निकालकर विक्रम संवत 2081 हिन्दू नववर्ष का स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल उत्साहित बच्चों का जगह जगह स्वागत किया गया। प्राचार्य के नेतृत्व में निकली इस रैली में सबका विकास व निरोग रहने की कामना की गई। प्राचार्य रोहित आचार्य ने बताया कि भारतीय कैलेंडर अनुसार नववर्ष का आगाज पहली जनवरी नहीं बल्कि चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होती है। शोभायात्रा भारत माता की जय वंदे मातरम् का जयकारा लगाते हुए खैराचातर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस विद्यालय पहुंची। शोभायात्रा में आचार्य रजनी प्रकाश पाण्डेय कृष्ण किशोर जायसवाल कैलाश चन्द्र महतो प्रकाश महतो शोभा देवी संतोष कुमार महतो गिरधारी महतो जयोतसना प्रमाणिक रानी कुमारी आशीष दास व सेविका सोषटी देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### साहिबगंज एसपी कुमार गौरव ने जिरवाबाड़ी थाने पहुंचकर थाना का किया औचक निरीक्षण



साहिबगंज। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। निरीक्षण के क्रम में विशेष कर लोकसभा चुनाव के मध्यनजर कई आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन करते हुए चुनाव ड्यूटी में आने वाले जवानों के रहने की भी जानकारी ली। एसपी ने थाना प्रभारी अनीश पांडे से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया। न्यायालय से जुड़े मामलों के निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने समय से गश्ती व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग करने का आदेश दिया। निरीक्षण के बाद एसपी ने शराब माफियाओं पर नकेल कसने व फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया।

## स्पीड न्यूज

### डीएवी में मना आर्य समाज का स्थापना दिवस



**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस मनाया गया। झारखंड प्रक्षेत्र डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य डॉक्टर एसके शर्मा, शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने आत्मा महर्षि दयानंद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय एक ऐसा मंच है जहां प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है संपूर्ण जगत में मानवता का संचार तथा बाह्य आडंबरों से समाज को मुक्त कराकर एक सभ्य समाज तथा सुदृढ राष्ट्र का निर्माण करना। प्राचार्य के साथ सभी शिक्षकों ने स्वामी दयानंद के द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने की शपथ ली।

### सरना प्रार्थना सभा का मना वर्षगांठ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर के पाली गांव में मंगलवार को सरना प्रार्थना सभा का दूसरा वर्षगांठ मनाया गया। इस दौरान झंड़ागड़ी, भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ। कार्यक्रम में धर्मगुरु राजेश लिंडा, राजी पहड़ा के केंद्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, नीरज मुंडा, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, शंकर बेदिया,धर्मगुरु रामदेव उरांव, धनंजय यादव,पार्षद जयराम बेदिया, धर्मगुरु संदीप टोप्पो, किरण मुंडा, रामफल बेदिया, झरी मुंडा, हरीलाल बेदिया, पाली मुखिया रेखा देवी, सांकी मुखिया कोमिला देवी, रोहित बेदिया मौजूद थे।सभा में जल, जंगल, जमीन व संस्कृति की रक्षा का सामुहिक संकल्प लिया गया। पाहन ने लोगों को सखुआ फूल और चावल देकर क्षेत्र की हरियाली-खुसहाली व सुख-समृद्धि की कामना की।

### कुजू में शांति समिति की बैठक



**कुजू।** चैती दुर्गा पूजा, चैती छठ, रामनवमी, ईद, सरहुल व लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को कुजू ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक हुई।इसकी अध्यक्षता एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर राम व संचालन मांडू सीओ मोद्दसर नजर मंसूरी ने किया। दुर्गा पूजा, रामनवमी, ईद, सरहुल, चैती छठ को सांप्रदायिक सद्भाव व भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से स्पष्ट रूप से समाज विरोधियों व अशांति पैदा करने वाले लोगों पर सख्ती बरतने की बात कही। बिना लाइसेंस वाले अखाड़ा के लोगों को एसडीओ से लाईसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, एसआई संजय हेमब्रोम, इन्द्र प्रसाद गुप्ता, प्रेम प्रसाद, अमर सिंह, शिव कुमार प्रसाद, रतन प्रसाद साहू, मुखिया जयकुमार उर्फ बुच ओझा, धर्मराज राम, अब्दुल कलाम, मोहसिन खान, लखन प्रसाद, महेश ठाकुर, निर्मल करमाली, मंसूर खान, मो शकील खान, मो समीम लल्लू, अशोक राम, राजू रहमान, नरेश प्रसाद, श्रवण कुमार आदि मौजूद थे।

### श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ में उमड़ी भीड़



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा नलकारी नदी तट स्थित छठ मईया मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को कई धार्मिक अनुष्ठान हुए।अयोध्या के आचार्य पद्मनाभ दास महाराज जी के देख-रेख में आचार्यों द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा शुरू हुई। जिसमें सैंकड़ो लोगों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। महायज्ञ में बतौर यजमान अशोक तिवारी, बिनोद दूबे और गोपाल करमाली सपत्नी शामिल हुए। रात्रि साढ़े बजे से उज्जैन मध्य प्रदेश के कथा व्यास श्री किशोरी पंडित निवार्णी दुबे जी द्वारा प्रवचन किया गया।

### बीएड कॉलेज में सरहुल मिलन समारोह



**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी में बुधवार को सरहुल पूर्व मिलन समारोह की शुरूआत पूजा-अर्चना से की गई। क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर, सम्मानित सदस्य मनीष कुमार, प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा के द्वारा डॉ. एस राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। प्राचार्य ने कहा कि सरहुल पर्व में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। उन्होंने सभी लोगों को सरहुल की शुभकामनाएं दी।

### छिन्नमस्तिके मंदिर में ब्रह्मचारिणी की आरती



**रजरप्पा।** देश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर में चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन बुधवार को माता रानी ब्रह्मचारिणी के स्वरूप का अभिषेक कर आरती की गई। सुबह से ही लोग पूजा अर्चना के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। गिरी बाबा आश्रम में दुर्गा पाठ किया गया। शाम को माता की आरती उतारी गई। इस बावत रजरप्पा मंदिर के वरीय पूजारी छोटू पंडा ने कहा कि जो व्यक्ति भक्ति भाव एवं श्रद्धा से दुर्गा पूजा के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करते हैं उन्हें सुख, आरोग्य की प्राप्ति होती है और मन प्रसन्न रहता है, उसे किसी प्रकार का भय नहीं सताता है। सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है।वही कोयलांचल में भक्तों ने अपने घरों एवं मंदिरों में जाकर देवी की आराधना की। साथ ही दुर्गा सप्तशती की पाठ भी किया गया।

**आज देवी चंद्रघंटा की होगी आराधना :** नवरात्र के तीसरे दिन गुरुवार को देवी के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा का पूजन किया जायेगा। देवी भागवत पुराण के अनुसार, मां दुर्गा का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है।

# पांडे गिरोह के कुख्यात अपराधी गोविंद राय ओड़िशा से गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़। झारखंड** एटीएस ने पांडे गिरोह का कुख्यात अपराधी गोविंद राय को ओड़िशा से गिरफ्तार किया । गोविंद राय न्यू कॉलोनी सौदागर मुहल्ला थाना और जिला रामगढ़ पिछले 6 वर्षों से फरार चल रहा है। उसके पश्चिम बंगाल में रहने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर रंगदारी की वसूली करने की सूचना एटीएस को मिली थी। जिसके बाद एटीएस की उसपर नजर थी। एटीएस टीम ने बताया कि उसने गिरोह के सरगना विकास तिवारी के निर्देश पर उसने 15-16 दिनो पूर्व गुड़गांव हरियाणा के व्यवसायी सचिन मुंजाल की हत्या में शामिल दो अपराधियों को अशोक नगर हाबड़ा, जिला उत्तर 24 परगना पश्चिम बंगाल में छिपाकर रखा था। झारखंड एटीएस और हरियाणा पुलिस की दबिश के कारण उसने दोनों को पश्चिम बंगाल से अपने अपने वाहन स्कोर्पियो संख्या डब्लूबी 38एएक्स 3757 पर बैठाकर बालासोर ओड़िसा स्टेशन पर पहुंचाया। एटीएस को मिली सूचना पर गोविंद राय को 8 अप्रैल को ओड़िशा के जलेश्वर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। एटीएस ने बताया कि गोविंद राय का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके विरूद्ध बलात्कार, हत्या, चोरी एवं शस्त्र अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं। एटीएस की टीम ने गोविंद राय के पास से स्कोर्पियो संख्या डब्लूबी 38एएक्स 3757, 2 मोबाइल, नकद 3050 और तीन सिम बरामद किया है।




## देसी पिस्टल के साथ युवक धराया



**रामगढ़।** पुलिस ने पतरातू थाना अंतर्गत पालू पंचायत डीड़ीडीह सरना स्कूल के निकट एक युवक को गिरफ्तार किया। युवक के पास से पुलिस ने 9 एमएम के एक देशी पिस्टल, 9 एमएम की तीन जिंदा गोली, 315 बोर का देसी कट्टा व 315 बोर की एक जिंदा गोली जब्त किया। युवक का नाम जुनैद अंसारी, थाना पतरातू पालू मधनिया टोला का रहनेवाला है। यह जानकारी एसपी डॉ विमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पतरातू के डाड़ीडीह सरना स्कूल के निकट एक संदिग्ध युवक को हथियार के साथ घूमते देखा गया है। जो किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना पर पतरातू एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी अभियान में सरना स्कूल के निकट युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर युवक के पास से हथियार बरामद हुए। युवक को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। पिठौरिया थाना में उसपर दो मामले दर्ज हैं। युवक के साथ शामिल अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

## सऊदी अरब में फंसा बिष्णुगढ का युवक परिजनों ने मदद की लगायी गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता



बिष्णुगढ। थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरैय के रहनेवाले भीम ठाकुर दलालो के चंगुल में फंस गये हैं। चंगुल में फंसे युवक के परिजनों ने उसे आजाद करवाकर सकुशल घर वापसी के लिए सरकार से गुहार लगाई है। बताते चलें कि बिष्णुगढ प्रखंड के सिरैय निवासी स्वर्गीय छत्रु ठाकुर के 35 वर्षीय पुत्र भीम ठाकुर जो पिछले नौ महीने पूर्व सऊदी अरब में कमाने के लिए गए थे।

परिजनों ने बताया कि सऊदी जाने के चंद दिनों के बाद हीं भीम ने अपने परिजनों को फोन किया व मदद की गुहार लगायी। बताया कि वो जिस जगह काम कर रहें हैं वहां का मालिक उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहा है।

भीम ठाकुर की विधवा मां चिंता देवी ने बताया कि नौ महीने पूर्व एजेंट के माध्यम से हमारा बेटा सउदी अरब गया था। जहां उन्हें बंधक बनाकर काम कराया जा रहा हैं। न ही उन्हे वेतन दिया जा रहा हैं और न ही ठीक ढंग से खाने पीने दिया जा रहा हैं। उपर से विरोध करने पर उन्हें यातनाएं झेलनी पड़ रही हैं।

बेटे ने फोन बताया कि कफील(मालिक) ने उनके उपर मुकदमा कर दिया है। भीम ठाकुर परिवार का इकलौता चिराग हैं। जो परिवार का पालन पोषण के लिए रोजी रोटी की तलाश में सऊदी गया हुआ था। प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकन्दर अली ने कहा कि विदेश में नौकरी की जांच-पड़ताल किए बगैर एजेंट पर भरोसा करने वाले कई लोग वहां मुश्किल में फंस रहे हैं। विदेशों में झारखंड के प्रवासी मजदूरो को बंधक बनाने और वेतन नहीं देने के मामले हमेशा सामने आते रहे हैं। उन्होने सरकार से मदद करने की अपील की है। अभी भी सऊदी अरब में झारखंड के 45 मजदूरों में फंसे हुए हैं।ऐसे में तत्काल सभी फंसे मजदूरों की सकुशल वतन वापसी करायी जाय।

### आईटीआई घुटुवा में कैंपस प्लेसमेंट

भुरकुंडा (रामगढ़)। मां बनजारी आईटीआई में सुजुकी मोटर्स गुजरात कंपनी ने बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट किया। कंपनी के एसआर विभाग के पवन यादव ने छात्रों का अंतिम रूप से चयन किया। पवन यादव ने कहा कि मां बनजारी आईटीआई की यह खासियत रही है कि छात्रों का थ्योरी एवं प्रैक्टिकल का अच्छा अभ्यास कराया गया है। जो की छात्रों का रोजगार प्राप्त करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। आशा करता हूं इसी तरह कम्पनी को ऐसे स्किल छात्रों की आवश्यकता को मां बनजारी आईटीआई में आने वाले सालों में भी कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से पूरा करेगी। प्राचार्य अजय कुमार अग्रवाल ने कहा की हमारा उद्देश्य छात्रों को तकनिकी शिक्षा देकर रोजगार का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यहां छात्रों को थ्योरी एवं प्रैक्टिकल की पूर्ण जानकारी दी जाती है। हमारे संस्थान का प्रयास है कि आने वाले साल में और भी कंपनी को रोजगार के लिए बुलाया जायेगा।

### भाईचारे और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार : मनोज गुप्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ईद, सरहुल एवं रामनवमी को लेकर मंगलवार शाम बासल थाना में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातु बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता एवं संचालन पतरातु इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

बीडीओ ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। हमसबों को हरेक पर्व आपसी भाईचारगी व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में ही मनाना चाहिए। ग्रामीणों ने अपनी कई मांगों से भी प्रशासन को अवगत कराया। जिसमें एंबुलेंस की व्यवस्था तथा जुलूस के दौरान प्रशासन की सजगता आदि शामिल है। जिसे प्रशासन की ओर से सहजता के साथ स्वीकार किया गया। बीडीओ मनोज गुप्ता ने क्षेत्रवासियों से विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर पुलिस को सूचित करें, तत्काल कार्रवाई होगी। इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जायेगी।

### झामुमो ने जेपी पटेल को जिताने का किया आह्वान



**रामगढ़।** झामुमो की बैठक बुधवार को होटल ला मेरिटल में हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिनोद कि व संचालन विनोद कुमार महतो ने किया। किस्कू ने कहा कि 21 अप्रैल को रांची में हो रहे उलगुलान न्याय यात्रा में 25 हजार कार्यकर्ता जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर मानसिक दोहन कर रही है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को बुके देकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता घर घर जाकर राज्य सरकार की जनहित की योजनाओं से लोगों को अवगत कराएं और जेपी भाई पटेल के पक्ष में मतदान की अपील करें। मौके पर राजकुमार महतो, भुन्नू महतो, बरतू करमाली, महेश ठाकुर, मधु साव, गीता विश्वास, पिंकी बेसरा, गीता देवी, वीणा देवी, रेणु देवी, चित्रगुप्त महतो, संतोष कुमार मो मोईन अहमद, हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, दिलीप शर्मा, सुशील कुमार, रामकिशुर गिरी, नरेश हांसदा आदि शामिल थे।

### पत्थर बाजी के विरोध में बड़कागांव के व्यापारियों ने दुकान बंद किया



**बड़कागांव।** कलश यात्रा के दौरान छावनिया गांव में विशेष समुदाय द्वारा लाठी डंडे व पत्थर बाजी करने की घटना के विरोध में बड़कागांव के व्यवसाईयों ने सुबह से 1 बजे दिन तक सभी प्रतिष्ठा बंद रखी वही कुछ दुकाने खुली रही।घटना से व्यवसाईयों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बंद के दौरान बड़कागांव थाना प्रभारी बंद का जायजा ले रहे थे तथा बड़कागांव चौक में पुलिस मुस्तैद थी ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे। इस संबंध में बड़कागांव दंडा अधिकारी सह अंचलाधिकारी के बयान पर थाना कांड 97/2024 के तहत 8 नामजद एवं 50 अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह सभी अखाड़ों में जाकर विधि व्यवस्था बनाए रखने की अपील की पुलिस हुदंगियों एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रख रही है।1:30 बजे के बाद दुकान खुलने लगी और बाजार सामान्य हो गया। इस दौरान अंचलाधिकारी बालेश्वर राम,थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह,उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत मेहता,पूर्व मुखिया विष्णु रजक,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामसेवक सोनी,बिंदेश्वर उर्फ बिंदु कुमार,पूर्व पसस उपेंद्र कुमार, गिरेंद्र कुमार आदि ने चौक चौराहों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

## सस्ती चिकित्सा पद्धति है होमियोपैथी : मुख्तार सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मना विश्व होम्योपैथी दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** होम्योपैथी चिकित्सा के जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की जयंती पर बुधवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता मोटिवेटर व होमियोपैथी चिकित्सक मुख्तार सिंह ने कहा कि होमियोपैथी की ताकत को अब पूरी दुनिया जानने और मानने लगी है। इसकी मीठी गोलियों में बहुत दम है। यह मौसमी बीमारियों से लेकर गंभीर से गंभीर रोग को भी ठीक कर देती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत होती है कि मरीज पर इसका साइड इफैक्ट नहीं के बराबर होता है। यह काफी सस्ती चिकित्सा पद्धति है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बाद होम्योपैथी का उपयोग करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। कोविड के दौरान केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने आर्सेनिक एलबम का नाम इलाज के लिए सुझाया था, जो एक होम्योपैथी मेडिसन है। उन्होंने कहा कि होमियोपैथी में केवल बीमारी का ही नहीं, बल्कि बीमार व्यक्ति की मानसिक अवस्था, जेनेटिक बातें, पसंद-नापसंद तमाम बातों को जानने-समझने के बाद दवा दी जाती है। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि होम्योपैथी सुरक्षित व काफी प्रभावी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति मानी जाती है। लेकिन जागरूकता की कमी के कारण इस चिकित्सा पद्धति को लेकर लोगों में काफी भ्रम भी देखने-सुनने को मिलता है। ऐसे में होम्योपैथी के बारे में लोगों में बेहतर समझ और जागरूकता पैदा करने का प्रयास होना चाहिए। शैक्षणिक निदेशक एसके चौधरी ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य होमियोपैथी और एलोपैथी के बीच अंतर को समझाना और होमियोपैथी चिकित्सा की ओर रुझान पैदा करना है। मौके पर प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान, शिक्षक कुमुल कुमार, प्रकाश ओझा उपस्थित थे।

## एक नजर में

### टाटीझरिया में निकला पहला मंगला जुलूस



**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो और डुमर गांव में रामनवमी का पहला मंगला जुलूस मंगलवार को निकाला गया, काफी संख्या में रामभक्त शामिल हुए। रामनवमी पूजा कमेटी के नेतृत्व में निकले मंगला जुलूस में कई लोग शामिल हुए। झरपो में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ,उपप्रमुख रवि वर्णवाल ,उमेश प्रसाद ,दयाल प्रसाद ,छोटन कुमार के नेतृत्व में कीर्तन मंडली ढोल तासे व झाल के साथ देवी मंडप हनुमान मंदिर परिसर से निकल कर झरपो ग्राम भ्रमण कर दुर्गा मंदिर में जय श्री राम के जयकारे के साथ संपन्न हुआ । वही हनुमान मंदिर परिसर डुमर गांव के श्रद्धालुओ ने धरमपूर का भ्रमण जय श्री राम की जय घोष कर भ्रमण कर रामभक्त झूमते रहें। इस बार रामनवमी पर आकर्षक झांकी निकाली जायेगी। क्लब के सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में तैयारी की जा रही हैं। झरपो में समाज सेवी सह राधा कृष्ण मंदिर ठाकुर बाड़ी सह देवी मंडप पुरोहित रामलखन पांडेय , आरव राज ,सरयू प्रसाद ,केदार गौरव ,रवि यादव,अर्जुन रवि,विनय पांडेय,धर्मेंद्र पाण्डेय,पप्पू पांडेय,मनोज पांडेय,राहुल राम रिशु कुमार ,किशोरी ठाकुर,निर्मल प्रसाद ,रौनक पंडा अरुण पंडा ,शंभू रविदास ,उषा रानी , सरिता देवी ,गीता देवी , सुदीप पाण्डेय,सचिन पांडेय, पार्वती देवी, उषा रानी,सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### चरही में भगवती ब्रह्मचारी की हुई पूजा

**चरही ।** चुरचू प्रखंड के जरबा में बुधवार को भगवती दुर्गा की दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा विधि-विधान के साथ किया गया।भगवती को प्रसाद के रूप में पीला फूल,मिश्री,दूध और पंचामृत अर्पित किया गया।मंगलवार को बासंतिक नवरात्र प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर कोयलांचल क्षेत्र के कई स्थानों और अपने घरों में कलश स्थापित कर ब्रह्मणों के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कराया जा रहा है।दुर्गा सप्तशती के पाठ,मंत्रोच्चारण और शंख की ध्वनि से पूरा वातावरण गूंजने लगा है।क्षेत्रवासी भगवती दुर्गा के भक्ति में लीन हो गए हैं।नवरात्रि के पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा विधि-विधान के साथ की गई।महाआरती के बाद मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद और पंचामृत का वितरण किया गया।

### टाटीझरिया के करमा में यज्ञ 17 अप्रैल से

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पंचायत के करमा गांव में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 17 अप्रैल से प्रारंभ होगा, जिसकी तैयारी में गांव के श्रद्धालु गण जुटे हैं। बुधवार को ग्रामीणों ने भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ,हनुमान,शिव,माता पार्वती,गणेश,कार्तिक, समेत अन्य प्रतिमा को लाया जहां सभी भक्तों ने ढोल नगाडा के साथ स्वागत किया। खैरा चौक से नाचते गाते ग्रामीण करमा गांव पहुंचे। मौके पर विजय पांडेय,सुनील पांडेय ,अभिषेक पांडेय,महेश पांडेय,अनिल पांडेय,अरविंद केशरी,बलदेव शर्मा, भोला ठाकुर,पवन कुमार, कृष्ण देव राणा, तुलेश्वर राणा, किशोरी राणा, लखन पासवान, शंकर प्रसाद वर्मा, वीरेंद्र राणा, ईश्वर राणा, मुकेश्वर सिंह, कुलदीप राणा, केला पासवान, रामचंद्र राणा, सरजू राणा, नरेश राणा, हीरामन शर्मा, अर्जुन पासवान,छोटी सिंह, संजय सिंह, सुखलाल राणा, विजय पासवान, समेत गांव के कई महिला पुरुष भक्त मौजूद थे।

### रामनवमी महासमिति बरही के अध्यक्ष बने विनय साहू



**बरही।** मंगलवार देर शाम को भगवती मंदिर के प्रांगण में रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर बरही के सात अखाड़ा के पदाधिकारी मौजूद थे, जहां विनय साहू व भगवान केशरी का नाम प्रस्ताव में आया। सातों अखाड़ा ने अपना मतदान देकर विनय साहू को रामनवमी महासमिति का अध्यक्ष चुना। विनय साहू को 4 व भगवान केशरी को 2 मत प्राप्त हुआ। इसके अलावा 1 मत रद्द पाया गया। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विनय साहू ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। बूढ़े बुजुर्ग और सामाजिक कार्यकताओं का सहयोग लेकर उनके मार्गदर्शन में काम किया जाएगा और पुलिस प्रशासन का सहयोग से इसे सफल किया जाएगा। मौके पर हनुमान सेना के राजेश केशरी, महावीर अखाड़ा के नरेश कुमार, भगवती मंदिर के अनीश कुमार साहू, बजरंग अखाड़ा गया रोड के गुड्डू निषाद, श्रीराम अखाड़ा अंबेडकर नगर हजारीबाग रोड के अनुज रविदास, अंजनी अखाड़ा पटना रोड के सुनील साहू, महावीर मंडल धनबाद रोड के अमित जायसवाल के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, अर्जुन साव, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, कुणाल कतारियार, उदय केशरी, राहुल गुप्ता, शशि बर्नवाल, सन्नी गुप्ता, आकाश जायसवाल, शशी जायसवाल, मंटू सिंह, विकास गुप्ता, मोती सिंह सहित अन्य रामभक्त शामिल थे।

### बरही में नमाज के लिए वक्त मुकर्रर

बरही। महीने दिन रोजा रखने के बाद आज बुधवार को ईद के चांद का दीदार होगा। कल गुरुवार को ईद के नमाज पढ़े जायेंगे। इसी के साथ पाक माह रमजान की समाप्ति होगी। ईद के नमाज को लेकर ईदगाहों की साज व सफाई की जा चुकी है। सभी अंजुमन कमिटी ने अपने क्षेत्र में ईद के नमाज के लिए वक्त मुकर्रर कर दिया है। जिसके तहत प्रात: 7.39 बजे ईदगाह, 7.45 मदीना मस्जिद, 8 बजे मक्का मस्जिद, 8.15 मस्जिद ए अक्सा तथा 8.45 बजे जामा मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि ईद के नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है। ईदगाहो व विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने भी सबों से शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में ईद मनाने की अपील की है।

### मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली



**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव को ले हजारीबाग जिला में मतदाताओं की भागीदारी एवं वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस क्रम में स्वीप कोषांग, हजारीबाग के द्वारा बुधवार को स्वीप साइकिल रैली निकाली गयी। यह रैली झील परिसर से लगभग 6:30 बजे सुबह प्रारंभ हुई जिसमें 100 से अधिक युवक युवतियों ने साइकिल रैली में हिस्सा लेकर मतदाता जागरूकता हेतु शहर का भ्रमण किया। स्वीप नोडल अधिकारी सुलोचना मीणा,सहायक नोडल पदाधिकारी रोहित कुमार ने इस मतदाता जागरूकता साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली झील परिसर से होते हुए पुराना समाहरणालय चौक,इंद्रपुरी चौक, झंडा चौक, बंसीलाल चौक, डिस्ट्रिक मोड होते हुए नए समाहरणालय भवन में समापन किया गया। रैली में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान पवन कुमार,द्वितीय स्थान सुबोध कुमार एवं तृतीय स्थान दिनेश कुमार ने प्राप्त किया। स्वीप नोडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रशस्ती पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान खेल पदाधिकारी कैलेश राम,खेल कार्यालय के प्रधान सेवक शेखर कुमार, प्रशिक्षक नीरज राय, हॉकी प्रशिक्षक संदीप खलखो,बैडमिंटन प्रशिक्षक नीरज कुमार, फुटबॉल प्रशिक्षिका सोनी कुमारी, खेल समन्वय सरोज यादव, एनवाईके के रुद्रशेखर व अन्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## मना प्रकृति व संस्कृति का पर्व सरहुल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रकृति एवं संस्कृति का पर्व सरहुल मरकच्चो प्रखंड के तेलियामारन, बरियारडीह स्थित बिरहोर टोला समेत डगरनवां पंचायत के विभिन्न गांवो में मंगलवार को हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। गौरतलब है कि सरहूल आदिवासियों का प्रमुख त्योहार है, झारखंड में इसका उत्साह चरम पर रहता है। चैत्र शुक्ल पक्ष के तीसरे दिन आदिवासी समुदाय के लोग सखुवा वृक्षों की पूजा करते हैं। नए साल की शुरूआत के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व में आदिवासियों ने प्रकृति फूलों का श्रृंगार किये हुए मांदर की थाप पर झूमते गाते रहे।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में सघन जनसंपर्क अभियान जारी

**जयनगर (कोडरमा)।** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में कई गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को झंडा में तीन तारा पर वोट देने का अपील किया जा रहा है। लगातार प्रत्येक दिन जनसंपर्क अभियान जारी है। जनसंपर्क अभियान गोहाल, तेलोकरी सहित कई गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। वक्ताओं ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में तीन बार छोड़कर लगातार भाजपा के सांसद चुनाव जीते हैं, मगर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की जनता, किसान, मजदूर नौजवानों की आवाज सदन में सुनाई नहीं देता है। ऐसे सांसद को चुनें जो कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के किसान, मजदूर, नौजवानों, छात्रों की आवाज सड़क से लेकर सदन तक उठा सके। ऐसे लोगों को चुनकर सदन में भेजने का काम करें। अभियान में मोहन दत्त, कामरेड जगमोहन, चौरी पासवान, शंभू नाथ वर्मा, चांद अख्तर, विजय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## अवैध महुआ शराब के विरूद्ध चला छापामारी अभियान

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में विनय कुमार पुनि.सह थाना प्रभारी तिलैया के नेतृत्व में मंगलवार को जिले के तिलैया थाना अंतर्गत गझंडी, करमाटांड, मोरियामा खुर्द में अवै महुआ शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 1 हजार लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। इस संदर्भ में तिलैया थाना में अग्रेत्तर कार्रवाई किया जा रहा है। छापेमारी दल में विनय कुमार पुनि सह थाना प्रभारी, तिलैया व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## पंचायत भवन व उत्क्रमित उच्च विद्यालय गंझडी का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा कोडरमा प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन गंझडी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गंझडी का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने चुनाव के दौरान सीएपीएफ को रखने की सुविधा को लेकर जायजा लिया। साथ ही उक्त स्थान पर इंटरमीडिएट स्टग रूम और क्लस्टर बनाने को लेकर सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उक्त स्थान पर सभी मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्था करेंगे और शौचालय और पेयजल की व्यवस्था ठीक रखेंगे। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर, बीडीओ, सीओ समेत अन्य मौजूद थे।

## ईद उत्सव का हुआ आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के किंडर गार्टन (केजी) के छात्रों ने ईद के उत्सव के एक दिलकश समारोह में एकता और खुशियों का रंग भरने व सांस्कृतिक समझ और समानता को बढ़ावा देने वाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित इस ईद के उत्सव में संस्कृतिक विविधता और एकता के महत्व को दर्शाया गया। मौके पर रणवीर सिंह, सौम्या सिंह, मो.अनस, माहिरा परवीन, माहिरा आरिफ, मो. जैद अमन, अलीजा नाज, वान्या श्री, मो. आरहम समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# हाईकोर्ट का आदेश: कंप्यूटर ऑपरेटरों को 24 घंटा में करें 22 माह का बकाया भुगतान

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा अंतर्गत नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों का 22 माह का बकाया भुगतान 24 घंटे के अंदर करने का आदेश दिया है। मनरेगा आयुक्त 16 अप्रैल को हाईकोर्ट में शपथ पत्र दायर कर भुगतान की जानकारी देंगी। बकाया भुगतान प्रखंड स्तर पर संधारित किसी अन्य मद की राशि से करने का आदेश दिया गया है। चतरा जिले के करीब 24 कंप्यूटर ऑपरेटरों को जून 2022 से मार्च 2024 तक का बकाया मानदेय का भुगतान किया जाएगा। चतरा डीडीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह मुख्य प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा जिला को 24 घंटे के अंदर भुगतान से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

**4.62 लाख रुपये आवंटित :** प्रतापपुर प्रखंड ने संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों के बकाया भुगतान के लिए फाइल बढ़ा दी है। नीरज कुमार और आलोक कुमार को 22 महीने के बकाए के रूप में 4.62 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। अन्य ऑपरेटरों को भी जल्द ही बकाया राशि भेजी जाएगी।

**क्या है मामला :** झारखंड हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल 2024 को मनरेगा कर्मियों को बकाया भुगतान देने का आदेश दिया। जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत ने मानदेय का भुगतान कर मनरेगा आयुक्त को शपथ पत्र दायर करने को कहा। विजेता तिवारी और 11 अन्य ने याचिका में कहा कि वे चतरा जिले में ग्रामीण विकास विभाग में पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर हैं और 2007 से सेवा दे रहे हैं, लेकिन जून 2022 से उन्हें मानदेय नहीं दिया जा रहा है। कोर्ट ने ग्रामीण विकास विभाग को जल्द से जल्द राशि का प्रावधान कर बकाया मानदेय का भुगतान करने के बाद हाईकोर्ट को 16 अप्रैल 2024 तक इसकी जानकारी देने को कहा है।

### गलत तरीके से कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कर दिया गया था बहाल: डीडीसी

मनरेगा के तहत जिले में कंप्यूटर सहायकों की नियुक्ति होनी थी, लेकिन गलत तरीके से ऑपरेटर के पद पर बहाल कर दिया गया था। सरकार से इन्हें हटाने का आदेश प्राप्त है। कोर्ट के निर्देश पर सभी को बकाया मानदेय का भुगतान करते हुए कार्य मुक्त करने का आदेश दिया गया है। सभी ऑपरेटरों को लगभग एक साल के मानदेय का भुगतान करने का आदेश संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया है। एक-दो दिनों में सभी ऑपरेटर को मानदेय का भुगतान हो जाएगा।

**डीडीसी पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना का आरोप :** कंप्यूटर ऑपरेटरों ने उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल पर न्यायालय के निदेर्शों की अवहेलना का आरोप लगाया है। हाई कोर्ट ने 22 महीने के बकाया मानदेय के भुगतान का निर्देश दिया था, लेकिन जिला प्रशासन ने मानदेय का भुगतान करने के बजाय उन्हें कार्यमुक्त कर दिया। ऑपरेटरों का कहना है कि यह न्यायालय के निदेर्शों की अवहेलना है और वर्षों से कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को हटाने का षड्यंत्र है।

## पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर किया कुर्की जप्ती

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवाचक में पुलिस ने बुधवार को फरार चल रहे अभियुक्त के घर का कुर्की जप्ती किया। फरार अभियुक्त नौवाचक निवासी अजय ठाकुर पिता जवाहर ठाकुर के खिलाफ सतगावां थाना में कांड संख्या 12/17 ाारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी, तब से आरोपी फरार चल रहा था। फरार आरोपी के घर में सरेंडर करने को लेकर पूर्व में इश्तेहार चिपकाया गया था, इसके बावजूद भी वह सरेंडर नहीं किया।

# श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा सन 1959 से हलकुशा में हुआ शुरुआत

### नवरात्र के दूसरे दिन हलकुशा में हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना

मुन्ना कुमार

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के ग्राम हलकुशा में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर की स्थापना सन 1959 में हुआ था एवं कलकत्ता का मूर्तिकार चैती दुर्गा माता का निर्माण आकर कर देते हैं जो बहुत ही मनमोहक एवं आकर्षक होता है और बहुत ही धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ चैत्र नवरात्र का पर्व बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है।

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी को समर्पित है। इस दिन मां ब्रह्मचारिणी की विशेष पूजा और व्रत करने का विाान है। चैत्र नवरात्र की शुरुआत 9 अप्रैल से हो चुकी है।

बुधवार को सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, हलकुशा के पुरोहित लखन पंडित जो सतगावां प्रखंड के ग्राम बाद के हैं और अयाध्या में भी पूजा पाठ करते हैं। उन्होंने बताया कि हिंदू शास्त्रों में वर्णित है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से साधक को यम, नियम के बंधन से मुक्ति मिलती है।

साथ ही वह साधक कठिन संघर्षों में भी अपने कर्तव्य-पथ से विचलित नहीं होता। मां ब्रह्मचारिणी की कृपा से उसे सिद्धि और विजय प्राप्त होती है।

## निर्वाचन कंट्रोल रूम में पदाधिकारियों व कर्मी की प्रतिनियुक्ति

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्यालय कोडरमा में जिला कंट्रोल रूम संचालित है, जिस पर चुनाव से संबंधित सूचनाएं दी जाती हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि आमजनों की सुगमता के लिए चुनाव से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए जिला स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम संचालित है और इस पदाधिकारियों व कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

# ऑनलाइन योगा एवं मेडिटेशन सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं श्री अरबिंदो योगा एंड नॉलेज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन योगा एंड मेडिटेशन सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर किया, साथ ही श्री अरबिंदो योगा एंड नॉलेज फाउंडेशन के निदेशक किरण बाला, प्रोजेक्ट समन्वयक भूमिका दांगे एवं मुख्य वक्ता डॉ. प्रेम लाल पटेल, अंतराष्ट्रीय चिकित्सक का परिचय कराया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. किरण बाला ने कार्यक्रम में जुड़े सभी प्रशिक्षुओं को योगा एवं मेडिटेशन की महता से अवगत कराया। बतौर मुख्य वक्ता डॉ. प्रेम लाल पटेल बैचलर अफ नैचुरोथेरेपी एंड योग विज्ञान रायपुर, छत्तीसगढ़ ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए योगा एवं मेडिटेशन की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए महवपूर्ण योग कपाल भारती, वज्र आसन, अलोम विलोम, राजयोग, भक्तियोग, हठयोग, मंत्रयोग आदि के विशेषता को बताया। वहीं महाविद्यालय की उप निदेशिका डा.. संजीता कुमारी ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे योगा एवं मेडिटेशन से सम्बधित विभिन्न क्रियाकलापों से अभिभूत कराते हुए दैनिक जीवन में योग एवं मेडिटेशन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बीएड. सत्र 2023-2025 के प्रशिक्षु अंगुरी खातून, दिलीप साव, इफ्तेकार अंसारी, लक्ष्मण कुमार, महिमा बग्गा, मुकेश दास, राखी कुमारी, रिंकी कुमारी, पुनम कुमारी, नूतन कुमारी, मो. सम्मीउल्ला, राहुल कुमार, सागर कुमार, सीमा जोजो आदि ने प्रतिभाग किए।

## बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समिति की बैठक सम्पन्न

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** क्षत्रिय समाज की बैठक नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप चौक स्थित विवेक विला में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक अध्यक्षता करते हुए उमेश सिंह ने पूर्वती कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह राजपूत समाज के नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए अंग्रेजों से लड़ते हुए अपनी जान गवाएं।

## संतोष सहाय बनाए गए कोडरमा लोकसभा प्रभारी

**कोडरमा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के द्वारा केंद्रीय महासचिव संतोष सहाय को कोडरमा लोकसभा प्रभारी बनाया है। संतोष सहाय ने पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के प्रति आभार प्रकट किया, साथ ही उन्होंने कहा कि एनडीए गठबांन से कोडरमा लोकसभा के प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मत से जीताने के लिए आजसू पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जीतोड़ मेहनत करेंगे। कोडरमा लोकसभा के प्रभारी बनाए जाने पर संतोष सहाय को जिला कमेटी और सभी प्रखंड कमेटी की ओर से बधाई दिया गया।

# भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड जीत दिलाने को लेकर सभी बैठक

### मंडल प्रभारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को प्रचंड जीत दिलाने के लिए भाजपा कार्यालय में जिले के सभी मंडल प्रभारियों की बैठक हुई। बैठक में सभी मंडल प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्ष सहित सभी प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक कर सभी बूथों पर जीत सुनिश्चित करें। भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने कहा कि चतरा जिले के 914 बूथों पर भाजपा को जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई है। सभी मंडल प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर और आपसी समन्वय बनाकर सभी मतदाताओं को भाजपा के नियत और नीति के बारे में जानकारी दें। चतरा संसदीय क्षेत्र के सह संयोजक अशोक शर्मा ने कहा कि सभी मंडल प्रभारियों को पिछले चुनाव परिणाम को देखते हुए सभी बूथों को ए ग्रेड की श्रेणी तक लाना है।

## ईद-उल-फितर की नमाज आज

**कोडरमा।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा पर्व बुधवार को चांद के दीदार के बाद गुरुवार को ईद-उल-फितर की नमाज के बाद समाप्त हो जाएगी। ज्ञात हो कि रमजान का आखिरी रोजा 10 अप्रैल को हुआ। इस बार रमजान में 30 दिन का रोजा रखा गया। 11 अप्रैल की सुबह नमाज के बाद ईद उल फितर का त्योहार पूरे देश में मनाया जाएगा। ईद को लेकर चहुंओर खुशियों का माहौल है। मुस्लिम समाज के लोग चाहे वो बूढ़े हों या बच्चे, सभी ईद के जश्न में डूबने को तैयार हैं।

# मतदान कर्मियों का पोस्टल बैलेट से संबंधित प्रशिक्षण संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जेजे. कॉलेज में लगाए जा रहे मतदान कर्मियों का पोस्टल बैलेट से संबंधित अंतिम दिन का प्रशिक्षण समाप्त हुआ। उक्त प्रशिक्षण 8 से 10 अप्रैल 2024 तक डीडीसी ऋतुराज के मार्गदर्शन में चलाया गया। प्रशिक्षण में लगभग तीन हजार कर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। चुनाव के दिन बूथ पर जाने वाले सभी पीठासीन पदााकिारी, पोल्लिंग पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं पिंक बूथ पर ड्यूटी में जाने वाली महिला पदाधिकारी को भी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बताया गया कि पोस्टल बैलेट जारी करने के लिए प्रपत्र 12 में आवेदन प्राप्त किया गया, जिसमें सभी ने अपना बूथ



संख्या, वोटर लिस्ट का क्रमांक अपना विधानसभा का नाम एवं संख्या, अपने लोकसभा का नाम एवं संख्या तथा अपना एपिक संख्या दर्ज किया। सभी को वोटर हेल्प लाईन एप डाउनलोड करवाया गया एवं उसके माध्यम से अपना वोटर क्रमांक, बूथ संख्या पता करने की विधि बताई गयी। वहीं प्रशिक्षक सुदीप सहाय, अश्विनि तिवारी, मनोज चौरसिया, रामचंद्र ठाकुर, राजेस्वर पांडे समेत अन्य ने सभी कर्मियों को डाक मतपत्र से अपना मत का प्रयोग करने कि विाि को विस्तार से बताया। वहीं बताया गया कि पोलिंग एक मतदाता की पहचान कर, उनका नाम, वोटर क्रमांक मतदाता रजिस्टर में अंकित कर उनका हस्ताक्षर बनाएंगे। पोल्लिंग दो, बाएं हाथ के तर्जनी में अमिट स्याही लगाएंगे। पोलिंग तीन, मतदाता को डाक मतपत्र जारी करेंगे, उसके साथ प्रपत्र 13 क निर्वाचक की घोषणा, 13 ख, मत पत्र रखने का लिफाफा एवं 13 ग, बड़ा लिफाफा जिसमें मतपत्र युक्त छोटा लिफाफा एवं घोषणा प्रपत्र डालकर सील किया जायेगा तथा ड्रॉप बॉक्स में डाला जायेगा। घोषणा प्रपत्र को पीठासीन पदाधिकारी द्वारा सत्यापित किया जायेगा। वोटर अपना मत का प्रयोग मतपत्र पर चिन्ह लगा कर करेंगे। वहीं प्रशिक्षण के क्रम में डीडीसी उपस्थित होकर सभी छः कमरों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मियों को पोस्टल बैलेट संबाित जरूरी बातों से अवगत कराया एवं कहा कि अंतिम प्रशिक्षण के दिन अपने मत का प्रयोग पोस्टल वैलेट के मायम से करेंगे। मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमी झा, जिला जन सूचना पदाधिकारी सुभाष यादव आदि मौजूद थे।

## मतदाता रजिस्ट्रेशन महाअभियान में बढ़-चढ़कर लें हिस्सा : ऋतुराज

**कोडरमा।** स्वीप कार्यक्रम के तहत 12 और 13 अप्रैल 2024 को मतदाता रजिस्ट्रेशन महा अभियान चलाया जायेगा। उक्त जानकारी वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने दी। उन्होंने विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करते हुए सभी प्रतिनियुक्त नोडल पदााकिारी और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैसे मतदाता जिनका अभी भी मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ पाया है, उनका नाम मतदाता सूची से जोड़े। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदाता रजिस्ट्रेशन महाअभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का कार्य करें।

एक नजर में

## सबानों में भव्य कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ प्रारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के सबानो गांव में बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ रूद्र महायज्ञ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा यज्ञ आचार्य विनोद मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई। कलश यात्रा में 2100 श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु ढोल बाजे और झंडे पताके के साथ संपूर्ण गांव का भ्रमण करते हुए रानी पोखर के मन्नत नदी घाट पहुंचे जहां कलश में जल भरा फिर सिमरिया चौक पहुंचकर संकट मोचन हनुमान मंदिर का परिक्रमा किया और वापस यज्ञ मंडप पहुंचकर जय घोष के साथ कलश को प्रतिस्थापित किया। कलश यात्रा संपन्न होते ही गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा है। सर्वत्र भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। आचार्य विनोद मिश्रा और यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रेम राणा ने बताया कि रुद्र महायज्ञ गांव में नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित की गई है। यज्ञ सात दिनों तक चलेगा जिस पर विविध धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। यज्ञ में संध्याकालीन भजन संकीर्तन और प्रवचन के लिए वृंदावन की प्रसिद्ध कथा वाचिका देवी गौरी प्रिया को आमंत्रित किया गया है जो प्रत्येक संध्या कथा वाचन करेंगी। यज्ञ में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का विभाजन किया गया है जिसका प्रत्येक दिन निर्बाध संचालन होगा।

## मानव श्रृंखला बनाकर नैतिक मतदान करने का दिया संदेश

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत शतप्रतिशत मतदान के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वीप गतिविधि के अंतर्गत जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में हैंड इन हैंड इंडिया संस्थान द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें सभी मतदाताओं से 20 मई को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई। साथ ही महिला मतदाताओं ने रैली निकालकर महिला मतदाताओं को मतदान करने की अपील की और नैतिक मतदान करने की शपथ ली। इसके साथ साथ विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा 20 मई 2024 का मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।

## मतदाता जागरूकता को लेकर रात्रि चौपाल का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप के निदेर्शानुसार चतरा प्रखंड के ग्राम पंचायत टिकर नीम चौंक में स्वीप कार्यक्रम के तहत रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय, वृद्ध मतदाता, दिव्यांग मतदाता, नए मतदाता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अधिकारियों ने लोगों को वोटर हेल्पलाईन ऐप, सक्षम ऐप, सीविजिल ऐप और बूथ केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं, प्रपत्र-6 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाता जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका है, वे अपने नजदीकी मतदान केंद्र या बीएलओ, ऑनलाइन के माध्यम से प्रपत्र-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं। इसके अलावा, नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत की प्रस्तुति कर लोगों को मत और मतदान के प्रति जागरूक किया गया। टिकर पंचायत के अलावा जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी रात्रि चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन का उद्देश्य सभी योग्य मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करना और शत-प्रतिशत मतदान कराना है।

## रामनवमी पूजा और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक



खबर मन्त्र संवादाता

**कुंदा (चतरा)।** बुधवार को थाना परिसर में रामनवमी पूजा और ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। थाना प्रभारी ने पूरे प्रखंड क्षेत्र में हर संभव मदद करने की बात कही और समय को देखते हुए सही समय पर जुलूस निकालने के साथ ईद और रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और आचार संहिता के बारे में भी बताया गया। बैठक में कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू, थाना कर्मी शिवा कुमार यादव, सिकीदाग मुखिया पति अखिलेश प्रसाद यादव, राम यादव, रणधीर कुमार सिंह, बौधादडीह पंचायत मुखिया पति विनोद साव, नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव सहित दर्जनों ग्रामीण और जनप्रतिनिधि शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## पतंजलि युवा भारत ने की पूजा सह यज्ञ- हवन

**जमशेदपुर।** हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का शुभारंभ मंगलवार 9 अप्रैल 2024 को हो गया है। इस अवसर पर पतंजलि युवा भारत द्वारा सारजमदा बस्ती में सत्यनारायण पूजा सह यज्ञ- हवन किया गया। कार्यक्रम में पुरोहित की भूमिका निभा रहे बाबूलाल पांडेय को अंग वस्त्र पहना सम्मानित किया गया।

## रबर कंपनी में आग से करोड़ों का नुकसान

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया के टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर स्थित आरडी रबर कंपनी में बीते मंगलवार की देर रात लगी भीषण में करोड़ों की संपत्ति जलकर खाक हो गयी। बताया गया कि कंपनी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी और धीरे-धीरे पूरे परिसर में फैल गयी, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ है।

## टेल्को थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**जमशेदपुर।** टेल्को थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार ने टेल्को क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राम नवमी अखाड़ा समितियों के साथ बैठक कर शांति पूर्ण तरीके से झंडा जुलूस विसर्जन संपन्न कराने हेतु दिशा निर्देश दिया। प्रशासन ने आचार संहिता के आलोक में झंडा निकालने की प्रतिबद्धता बतायी।

## हो समाज से प्रत्याशी दे महागठबंधन : महासभा

**जमशेदपुर।** बुधवार आदिवासी हो समाज महासभा और आदिवासी हो समाज युवा महासभा पूर्वी सिंहभुम के संयुक्त तत्वदान में आदिवासी हो समाज भवन गोलमुरी में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें सिंहभूम लोकसभा संसदीय क्षेत्र अनुसूचित जनजाति आरक्षित हो बहुल क्षेत्र है। इस संसदीय क्षेत्र में 58 प्रतिशत आदिवासी मतदाता है, जिसमें हो का 51, संथाल का 5, उरांव 1 और मुंडा 1 प्रतिशत है।

## करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने बिनय सिंह



**जमशेदपुर।** क्षत्रिय करणी सेना परिवार के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राज शेखावत ने एक बार फिर से भरोसा जताते हुए जमशेदपुर के बिनय सिंह को 3 साल (2024 से 2027 तक) के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की कमान सौंपी। साथ ही झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष के पद पर भी बने रहकर प्रदेश को मजबूत करने को जिम्मेदारी दी गयी।

## धूमधाम के साथ मनाया गया नववर्ष प्रतिपदा

**चांडिल।** नौरंगराय सूर्यदेवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच विद्यालय परिसर में वर्ष प्रतिपदा के रूप में नववर्ष धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय को भगवा ध्वज से सजाया गया था। भारत में हिंदू सनातन के अनुसार नए वर्ष का प्रारंभ वर्ष प्रतिपदा के दिन से होता है। ब्रह्म पुराण पर आधारित ग्रंथ कथा कल्पतरु में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी।

## जुगसलाई में एक माह से जलापूर्ति ठप : मोदी

**जमशेदपुर।** भाजपा जिला महामंत्री अनिल मोदी ने जुगसलाई के कई इलाकों में पिछले एक माह से ठप जलापूर्ति को जल्दी शुरू करने की मांग जिला प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि तकरीबन एक माह से आर पी पटेल स्कूल के आस पास के इलाके के तकरीबन हजारों घरों में जलापूर्ति ठप है। गर्मी के इस मौसम में जलापूर्ति ठप्प होने से लोगो को भीषण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं एवं बच्चों को हो रही है। लोगों को दूर से ढो कर पानी लाना पड़ रहा है। अथवा खरीदना पड़ रहा है। एक माह हो जाने के बाद भी जलापूर्ति का ठीक नहीं होना निराशाजनक है। विभाग के कर्मचारी तमाम प्रयासों के बावजूद फाल्ट नहीं ढूंढ पा रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया इस समस्या के निदान हेतु तत्काल कदम उठाएं एवं तकनीकी रूप से दक्ष पदाधिकारियों इस काम में लगायें।

# रामनवमी महोत्सव के भव्य आयोजन को सात जोन में बनायी समिति

- समिति के सफल संचालन के लिए अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने किया कमेटी का विस्तार
- मुख्य संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह के साथ समिति में बने दस संरक्षक
- रामबाबू सिंह संयोजक एवं भूपेंद्र सिंह बने महासचिव

**ईस्ट जोन**
प्रभारी- बलराम रजक रजक समाज अखाड़ा मनीफीट।
सह प्रभारी- कृष्ण बारीक वनराज अखाड़ा बिरसानगर।
कार्यकारिणी- के बी नरसिम्हा राव न्यू मार्केट टेल्को, प्रभात पांडे संकट मोचन अखाड़ा टीआरएफ कॉलोनी, बिरसानगर, बलदेव सिंह बजरंग अखाड़ा बिरसानगर, रौशन कुमार, बजरंग अखाड़ा रामाधीन बागान।

**सेंट्रल जोन 'बी'**
प्रभारी- शैलेश गुप्ता, अमर ज्योति अखाड़ा।
सह प्रभारी- मंगलनाथ मुखी वीर बजरंग अखाड़ा भालूबासा।
कार्यकारिणी - कामेश्वर लाल जॉन अखाड़ा भालूबासा, अशोक पांडे श्री श्री शिव हनुमान दुर्गा मंदिर अखाड़ा।

**सेंट्रल जोन 'ए'**
प्रभारी- परमा प्रसाद, झूला मैदान अखाड़ा।
सह प्रभारी- मन्नू शांडिल्य बागुन नगर अखाड़ा।
कार्यकारिणी- मोहन कुमार, श्री बजरंग अखाड़ा गाढ़ाबासा, राजकुमार अग्रवाल, वीर बजरंग युवा अखाड़ा। हृदय नमाता, बागुनहातु सूखा तालाब अखाड़ा, दीपक श्री वीर बजरंग युवा संघ



आशुतोष सिंह, भूपेंद्र सिंह व चंद्रगुप्त सिंह।

**वेस्ट जोन 'ए'**
प्रभारी -अरविंद सिंह न्यू रानी कुदर कदमा।
सह प्रभारी- बबलू मुखी, मेडिकल बस्ती अखाड़ा।
कार्यकारिणी- राहुल कुमार रजक राज क्लब, छोटेलाल

**वेस्ट जोन 'बी'**
प्रभारी- दीपक यादव वीर मंच अखाड़ा सोनारी।
सह प्रभारी- समीर राज अंजनी पुत्र अखाड़ा।
कार्यकारिणी -श्रवण वर्मा दिना अखाड़ा, विष्णु महानंद कलिंगा अखाड़ा, राकेश प्रसाद गोलू, त्रिमूर्ति अखाड़ा, सुक्कू सिंह, सरदार अखाड़ा, दीपक नाग, कलिंगा अखाड़ा, राजू यादव, बाल समाज अखाड़ा।

**साउथ जोन :** प्रभारी- कमलेश दुबे, कैरेज कॉलोनी अखाड़ा।
सह प्रभारी- धीरज यादव, शिव मंदिर अखाड़ा परसुडीह।
कार्यकारिणी- अनमोल शर्मा, संकट मोचन अखाड़ा, गौरी शंकर रोड, मिहिर महतो, सात मंदिर अखाड़ा, महतो पड़ा, राजकुमार वरवलिया, श्री श्री बजरंग अखाड़ा गर्ल्स स्कूल रोड। शिवु मुखी वीर रघुवर अखाड़ा बर्मामाइंस, सपन दास, सोमाय झोपड़ी अखाड़ा, अनमोल वर्मा, श्री बजरंग अखाड़ा सुंदरनगर, गौरीशंकर सिंह, श्री बजरंग अखाड़ा समिति गोलपहाड़ी।

**नॉर्थ जोन :** प्रभारी- राजेश सिंह, जय मंगल सिंह अखाड़ा, बालीगुमा।
सह प्रभारी- सुनील सिंह
कार्यकारिणी- संजीत शर्मा, बजरंग अखाड़ा रोड नंबर 4, शिवचंद्र मुंडा, संकोसाई रोड नंबर 5, नीलकमल शेखर, पवन अखाड़ा, संतोष सिंह एवं अपूर्व पाल, पारडीह।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति जमशेदपुर की बैठक महत्वपूर्ण संपन्न हुई। समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रामनवमी महोत्सव के भव्य आयोजन में सहयोग करने हेतु समिति को सात जोन में विभक्त किया गया एवं समिति के सफल संचालन के लिए समिति का विस्तार करते हुए सभी सात जोन के प्रभारी सह प्रभारी की नियुक्ति की गयी है। ज्ञात हो कि केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति, जमशेदपुर लौहनगरी की 40 वर्ष पुरानी अखाड़ा समिति है। जो प्रत्येक वर्ष रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन को शहर के सभी अखाड़ा समिति के विश्वास और परस्पर सहयोग से पूर्ण करती रही है। इस वर्ष भी अखाड़ा समिति रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। जिसमें सभी अखाड़ा समिति के संग निरंतर बैठक एवं विभिन्न आवश्यक सुझावों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराते हुए रामनवमी महोत्सव के भव्य, सुविधायुक्त और शांतिपूर्ण आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है।

केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति, जमशेदपुर एवं विभिन्न जोन में गठित कमेटी इस प्रकार है:

मुख्य संरक्षक- चंद्रगुप्त सिंह
संयोजक- रामबाबू सिंह
संरक्षक- शंभूनाथ सिंह, नीरज सिंह, रामबाबू तिवारी, भीष्म सिंह, अजय रजक, महेश खारेलवाल, दिवाकर सिंह, भास्कर मुखी, अनिल सिंह, शंकर रेड्डी
अध्यक्ष- आशुतोष सिंह, महासचिव- भूपेंद्र सिंह
उपाध्यक्ष- गौतम प्रसाद, नंदजी सिंह, अशोक सिन्हा, परमात्मा मिश्रा, धर्मेंद्र प्रसाद, नंदलाल सिंह, राकेश सिंह, सचिव- अभिषेक कुमार मनीष, अर्जुन शर्मा, ओमयो ओझा, राघवेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र कुमार, शिव शंकर सिंह, जयराज रजक, संयुक्त सचिव- धर्मेंद्र शर्मा, मनोज खत्री, सह सचिव- मनवीर सिंह, देवेंद्र सिंह ,विजय वर्धा, संतोष कालिंदी, रवि भुइयां, कोषाध्यक्ष- शंभू मुखी, सह कोषाध्यक्ष- राजू बाजपेयी, मीडिया प्रभारी- प्रेम झा, सह मीडिया प्रभारी- सतीश मुखी, सोशल मीडिया प्रभारी- कुमार संदेश उर्फ छक्कन चौधरी, सह सोशल मीडिया प्रभारी- रॉकी सिंह।

# 21 को रांची में होगी झामुमो की महारैली पूर्वी सिंहभूम से जायेंगे 20,000 समर्थक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति पूर्वी सिंहभूम की बैठक बुधवार को स्थान आदिवासी एसोसिएशन हॉल सीतारामडेरा जमशेदपुर में समय- 11 बजे जिलाध्यक्ष सह विधायक श्री रामदास सोरेन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में मुख्य रूप से इन नेताओं ने अपनी बातों को रखा। सर्वसम्मति से तय हुआ कि 21 को हेमंत बाबू की गलत गिरफ्तारी के खिलाफ महारैली का आयोजन किया गया है। रांची में आयोजित इस महारैली में पूरे झारखंड से 5 लाख झामुमो समर्थक भाग लेंगे, और हेमंत बाबू की गिरफ्तारी का विरोध करेंगे।



बैठक को संबोधित करते विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन।

बैठक के पश्चात जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन और जिला 20 सूत्री संयोजक मोहन कर्मकार ने बताया कि महारैली में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से 20 हजार झामुमो कार्यकर्ता रांची जायेंगे। इसके लिए बसों एवं अन्य साधनों का इंतजाम किया जा रहा है।

बैठक में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह केन्द्रीय समिति सदस्य मोहन कर्मकार, विधायक संजीव पुर्व मंत्री दुलाल भुईयां, आस्तिक महतो, आदित्य प्रधान, ललित मान्डी, राजू गिरी, सुनील कुमार महतो, शंकर चंद्र हेंब्रम, कमलजीत कौर गिल, कान्हु समंत, शेख बदरूद्दीन, बबलू चौधरी, प्रमोद लाल, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती, बाघराय मार्डी, पिंटु दता, अरूण प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार मैती, जिला सचिव घनश्याम महतो मानिक मल्लिक, प्रीतम हेम्ब्रम, श्यामल रंजन सरकार, जुगल किशोर मुखी, सुदर्शन स्वाशी, अरूण सिंह राजा, जिला युवा मोर्चा बाबन राय, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा चंद्रावाती महतो, राज लकड़ा, सविता दास, सविता सिंह, झरना पाल, नंटु सरकार गोपाल महतो, प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, बहरागोड़ा, चाकुलिया धनंजय कारूणामय, गुड़ाबांधा सुराई टुडू, जमशेदपुर बहादुर किस्कू, पोटका प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, पटमदा प्रखण्ड अध्यक्ष अश्विनी महतो, प्रधान सोरेन, जमशेदपुर नगर अध्यक्ष दलगोविन्द लोहरा, चाकुलिया नगर अध्यक्ष मो गुलाब परमजीत सिंह पम्मे संचालन जिला संगठन सचिव विद्यासागर ने धन्यवाद जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन ने की।

## आजसू पार्टी जमशेदपुर लोकसभा सम्मेलन 21 को : रामचंद्र सहिस

- 10 हजार ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को दोपहर 2 बजे तुलसी भवन में आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा की। उक्त बैठक में लोकसभा प्रभारी व पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि सभी विधानसभा के प्रभारी और पंचायत प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में जुट जाए और संगठन हित में कार्य करने और लोकसभा स्तरीय सम्मेलन में पार्टी के कार्यक्रम में लोगो को जागरूक करे और बताये कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो जी हिस्सा लेंगे साथ ही पार्टी के सभी विधायक और सांसद के आलावे पार्टी के सभी केंद्रीय नेताओं का आगमन होगा। बैठक



में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सह लोकसभा प्रभारी रामचंद्र सहिस, बनविहारी महतो, कन्हैया सिंह, प्रो रवि शंकर मौर्या, फनी भूषण महतो, बुद्धेश्वर मुर्मू, डोमन टुडू, सागेन हांसदा, संजय सिंह, संजय मालाकार, अप्पू तिवारी, प्रकाश विश्वकर्मा, चंद्रेश्वर पांडेय, धर्मवीर सिंह, जवाहर लाल, अशोक मंडल, कृतिवास मंडल, ललन झा, अजय सिंह बब्बू , हेमंत पाठक, शंभू श्रवण आदि भी थे।

## श्रीनाथ विवि में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम वोट जरूर करने का विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में 'मतदाता जागरूकता कार्यक्रम' 2024 का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आदित्यपुर म्युनिसिपल कमिश्नर श्री आलोक कुमार दुबे उपस्थित रहे साथ ही सम्मानित अतिथि असिस्टेंट म्यूनिसिपल कमिश्नर अभिषेक कुमार, अस्सिटेंट म्युनिसिपल कमिश्नर शंभू प्रसाद कुशवाहा, सिटी मैनेजर देवाशीष प्रधान, विकास कुमार शुक्ला भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इसके उपरांत सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री आलोक कुमार दुबे ने उपस्थित लोगों से कहा कि मुझे आपके मतदान के प्रति उत्साह को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। आपके द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम सराहनीय है, मैं उम्मीद करता हूं कि आगामी चुनाव में आप बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। आप में से कई लोग ऐसे होंगे जो पहली बार मतदान करेंगे चुनाव आयोग भी अपनी ओर से प्रयासरत है कि अधिक से अधिक मतदान में जनता सम्मिलित हो सके क्योंकि आपका एक-एक वोट कीमती है। आप ही देश के कर्णधार है इसलिए भी आपकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है क्योंकि आप ही हैं जो देश की दशा और दिशा तय करेंगे। इसके साथ ही वैसे विद्यार्थियो को प्रमाण पत्र दिया गया जो पिछ्ले एक माह से विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में वॉल पेंटिंग वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता इत्यादि में विभिन्न प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

## मंत्री बन्ना गुप्ता की उपस्थिति में मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी की नयी टीम ने लिया पदभार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा टाटानगर ने दिनांक 9.04.24 को वार्षिक समाहरो 23-24 एवं शपथ ग्रहण समाहरो 24-25 की कार्यक्रम को संपूर्ण किया।यह कार्यक्रम जुबली पार्क स्तिथ रूसी मोदी एक्सीलेंस के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह प्रारंभ किया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं आपदा मंत्री बन्ना गुप्ता को मंच के सदस्य अंकुर मोदी जी के द्वारा अंग्वस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। मंत्री ने सभी के समक्ष अपने विचार प्रकट किया और शाखा के कार्य की प्रशंसा की और निवर्तमान अध्यक्ष मोहित मुनका एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और उनके पूरी कार्यकारिणी सदस्यों को बहुत बहुत शुभकामनाएं दी।



बन्ना गुप्ता को स्मृति चिह्न देते मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारी।

## बमकांड में शामिल अपराधियों का अब तक नहीं मिला सुराग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गम्हरिया।** बीते मंगलवार की रात गम्हरिया के टीचर्स ट्रेनिंग मोड़ स्थित एमटीसी मॉल के पीछे हुए बम कांड मामले में पुकिस को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस अभी तक मामले की तफ्तीश में ही जुटी है। इन सबके बीच लोगों के जेहन में कई सवाल कौंध रहे है कि आखिर कारोबारी अजय प्रताप सिंह और झामुमो नेता बाबू दास पर बम से हमला किसने करायी? यदि पूर्व के घटनाओं पर गौर करें तो आपराधिक गिरोहों के बीच वर्चस्व को लेकर इस घटना को अंजाम दिया जा सकता है। गौरतलब है कि अजय प्रताप सिंह एक साधारण कारोबारी हुआ करता था। उसका मुख्य काम बिल्डर को मेटेरियल सप्लाई करना रहा है।



इन्हीं पर हुआ था बम से हमला।

# पार्किसंस रोग में शारीरिक गतिविधि और व्यायाम से अविश्वसनीय लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अक्सर बैठे-बैठे आपका हाथ या पैर तेजी से कांपने लगता है और शरीर को बेहतर तरीके से कंट्रोल करने में दिक्कत होती है तो यह पार्किंसन्स बीमारी होने की संभावना हो सकती हैं। इस रोग से बचने के लिए शारीरिक गतिविधि और व्यायाम से अविश्वसनीय लाभ होता हैं।

ये बातें ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया, जमशेदपुर के सीनियर कंसल्टेंट- न्यूरोलॉजी डॉ अरुण कुमार ने कही। बुधवार डॉ. अरुण कुमार ने खबर मन्त्र को बताया कि पार्किसंस रोग के लिए शारीरिक गतिविधि और व्यायाम के लाभ की चर्चा करते हुए बताया कि इस रोग में मस्तिष्क के तंत्रिका कोशिकाओं में समस्या होती है, जो गतिविधियों को नियंत्रित करती है। इस रोग में नर्व सेल्स या तो डेड हो जाती हैं या खराब हो जाती हैं, जिससे डोपामाइन नामक एक महत्वपूर्ण रसायन के उत्पादन की क्षमता प्रभावित होती है।



न्यूरोलोजिस्ट डा अरुण कुमार।

डॉ. अरुण कुमार के अनुसार पार्किसंस रोग शरीर में कई प्रकार की समस्याओं का कारण बन सकती है। कंपकंपी या हाथ-पैर और जबड़े का अनैच्छिक रूप से हिलना। मांसपेशियों में अकड़न, कंधों या गर्दन में दर्द सबसे आम है। मानसिक कौशल या प्रतिक्रिया के समय में कमी। पलकों के झपकने की गति में कमी। अस्थिर चाल या संतुलन में दिक्कत होना। अवसाद या डिमेंशिया का जोखिम। यदि आपके परिवार में पहले किसी को यह समस्या रही है तो आपमें भी इसका जोखिम हो सकता है। इसके अलावा महिलाओं की तुलना में पुरुषों में पार्किंसंस रोग विकसित होने की आशंका अधिक होती है। कुछ शोध में पाया गया है कि जो लोग विषाक्त पदार्थों के संपर्क में अधिक रहते हैं उनमें भी इसके होने का जोखिम हो सकता है। डॉ. अरुण कुमार का कहना हैं कि पार्किंसंस रोग के रोगियों की स्थिति के आधार पर दवाइयों और थेरपी के माध्यम से इसके लक्षणों को नियंत्रित करने और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। कुछ शोधों से पता चला है कि नियमित एरोबिक एवं व्यायाम से पार्किंसंस रोग का खतरा कम हो सकता है।

डॉ. अरुण ने बताया कि डोपामाइन उत्पादक कोशिकाओं की 80 प्रतिशत या उससे अधिक हानि वाले रोगियों में पार्किंसंस के लक्षण विकसित होते हैं। एक अनुमान के मुताबिक हर साल इस रोग के 60,000 नए मामलों का निदान किया जाता है। यह स्थिति आमतौर पर 55 वर्ष की आयु के बाद विकसित होती है।

## एक नजर में

### टाटा स्टील को लगातार सातवें वर्ष मिला स्टील सस्टेनबिलिटी चैंपियनशिप अवार्ड



**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील को सतत विकास और विश्व स्तरीय मानकों के पालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और कार्रवाई के लिए वर्ल्डस्टील द्वारा लगातार सातवें वर्ष स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन 2024 के रूप में मान्यता दी गई है। 2018 में कार्यक्रम के लॉन्च के बाद से टाटा स्टील हर साल चैंपियन रही है। यह पुरस्कार विश्व स्तरीय स्टील उत्पादक के रूप में अपने नेतृत्व को बनाए रखने के टाटा स्टील के प्रयासों को स्वीकार करता है जो स्थिरता के सिद्धांतों के लिए पूरी तरह से समर्पित है। टाटा स्टील उन 11 स्टील उत्पादक कंपनियों में से एक है, जिन्हें वर्ल्डस्टील के सदस्यों के बोर्ड की अप्रैल विशेष आम बैठक (एसजीएम) में 2024 स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियंस नामित किया गया है। टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, टीवी नरेंद्रन ने कहा, हमें वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा एक बार फिर स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन के रूप में मान्यता मिलने पर सम्मानित महसूस हो रहा है।

### पीएम मोदी ने आदिवासी समाज को मुख्यधारा में लाकर दिलाया भरपूर सम्मान : अर्जुन मुंडा



**तमाड़/बुंडू।** बुधवार को केंद्रीय मंत्री एवं खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के हुरूनडीह, बाबुरामडीह, बारेडीह, कुंडला, बेगाडीह और सिरकाडीह में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। हमें तीसरी बार फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। आज पूरे दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, यह सब एक मजबूत नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। श्री मुंडा ने कहा कि बीते दस वर्षों में हमारी सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखने का काम किया है। वर्षों से जिस आदिवासी समाज की उपेक्षा की गयी, उस समाज को सम्मान दिलाने का काम मोदी सरकार ने किया है। आज देश की सबसे बड़े संवैधानिक पद पर एक आदिवासी महिला बैठी हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। लेकिन राष्ट्रपति चुनाव के समय भी कुछ लोगों ने इनका समर्थन नहीं किया था, वैसे लोगों को जनता जरुर जवाब देगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभायी थी। जंगलों में रहकर आदिवासी समाज ने अंग्रेजों से लोहा लेने का काम किया था जिन्हें इतिहास के पन्नों में वो जगह नहीं मिली, जिसके वो हकदार थे। आदिवासी समाज के स्वाभिमान के लिए, उनके योगदान के लिए खूंटी के माटी के वीर ' धरती आबा' बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के अवसर पर आज पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। यह हम सभी खूंटीवासियों के लिए गौरव की बात है।

### आनंद मार्ग के शिविर में 10 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर ने आनंद मार्ग के 2 घंटे के रक्त दान शिविर में ईश्वर कोटि के मनुष्यों ने 10 यूनिट अ+ एवं अइ+ ब्लड ग्रुप का रक्तदान किया। गर्मी एवं ए पॉजिटिव एवं एबी पॉजिटिव की जरूरत को ध्यान में रखते हुए या 2 घंटे के शिविर लगाया गया। आनंद मार्ग के आह्वान पर ट्यूब डिवीजन टाटा वर्कर्स यूनियन के कमिटी मेंबर मनोज मिश्रा ने भी ब्लड ग्रुप अ+ का रक्तदान किया। सुनील का कहना है कि जितने भी रक्तदाता निस्वार्थ रक्तदान करते हैं वे सभी ईश्वर कोटि के मनुष्य हैं। करण इस रक्तदान करने में रक्तदाता का किसी प्रकार का कोई भी स्वार्थ नहीं रहता परम पुरुष के छोटे-छोटे बच्चों के कष्ट निदान के लिए रक्तदान करते हैं इसलिए इस तरह के मनुष्य को ईश्वर कोटि के मनुष्य कहा गया है। रक्त दाताओं के बीच ब्लड सेंटर के डॉ एल बी सिंह, टाटा वर्कर्स यूनियन के ट्यूब डिवीजन टेक्नोलॉजी सर्विसेज कमिटी मेंबर ज्ञान रंजन श्रीवास्तव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल में मना ईद उत्सव



**जमशेदपुर।** स्कूली पाठ्यक्रम के अलावा बच्चों में सांस्कृतिक विकास के उद्देश्य से शेन इंटरनेशनल स्कूल में ईद उत्सव का आयोजन हुआ। मौके पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जहां आपसी सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक ईद के विषय में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। रमजान के महीने की पवित्रता के साथ साथ बच्चों ने देश की संस्कृति, परंपरा और पर्व त्योहारों की विशेषताओं को जाना कईद उत्सव को लेकर बच्चों में खासा उत्साह था और उन्होंने ईद की एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए कई कार्यक्रमों गीत, संगीत एवं भाषण की भव्य प्रस्तुति की। प्राचार्या (प्रशासनिक) पुष्पा भल्ला ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति गौरवशाली है और अनेकता में एकता का प्रदर्शन करते हुए सभी धर्म के लोग एक दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हैं। आपसी भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल के रूप में ईद की एक अलग पहचान है।

### संस्था फुरसत में से जुड़ी 10 महिला साहित्यकारों के संगलन स्वयंसिद्धा का लोकार्पण

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की वरिष्ठ महिला साहित्यकारों की संस्था फुरसत में ने अपनी स्थापना के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में एक साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। मुख्य अतिथि डा रागिनी भूषण तथा मुख्य वक्ता सह विशिष्ट अतिथि डा मनोज पाठक आजिज तथा तुलसी भवन के मानद सचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। सरस्वती वंदना वीणा पांडेय पिला कर ज्ञान का प्याला मेरे जीवन में आओं मां, करूं नित वंदना तेरी, मेरे उर में समाओ मां के मधुर स्वरों के साथ छाया प्रसाद के स्वागत गीत से मन मोहा।

## स्पीड न्यूज

### शराब तस्करी में नाबालिग गिरफ्तार

**मोहम्मदगंज पलामू।** गुप्त सूचना पर मंगलवार की रात थाना प्रभारी पंकज तिवारी के निर्देश पर एएसआई शेख अमानुल्लाह ने मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन परिसर से बिहार ले जा रहे अवैध शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक बिहार के रोहतास जिले के डेहरी न्यू एरिया निवासी सत्यनारायण प्रसाद का पुत्र आदित्य उर्फ हैप्पी (14) है। जिससे पास दो बेग से 41पीस बीयर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।

### उताकी के पूर्व मुखिया ने कराया इफ्तार



**पाटन पलामू।** हर साल की भांति इस वर्ष भी रमजान पर इफ्तार पार्टी उताकी पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी अखिलेश सिंह ने मझौली में कराया। मौके पर पूर्व पंसस कामता सिंह, पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह, सदर शमीम अहमद, मो रवानी अंसारी, अंजुमन सेकेट्री वकील अहमद, वार्ड सदस्य सावीर अहमद, रमजान अंसारी, हासीम अंसारी, मकसुद अंसारी, सुमन कुमार, सुनील कुमार, उपेंद्र सिंह, नवीनदर सिंह, सुनील सिंह, वारिस अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### भलूही में प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी चौपाल



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप के वार्ड एक के भलुही में भाजपा ने चुनावी चौपाल लगाया। जिसमें सांसद सह भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को तीसरी बार भी भारी मतों से चुनाव जिताने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता अजय दुबे ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की उपलब्धियां बतायी। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने गरीब कल्याण के लिए काफी कार्य किया है। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, जिला कार्य समिति सदस्य शंभू शरण सिंह, बैजनाथ सिंह,शिववंश मिश्रा, धर्मेंद्र राम, अनुज राम, विदेशी राम, दिनेश राम,राजू राम आदि मौजूद थे।

### पंचमुखी मंदिर प्रांगण में रामकथा शुरू



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण में हिंदू नववर्ष व चैत्र नवरात्र पर श्रीराम कथा शुरू हो गयी है। जिसकी शुरुआत मंगलवार देर शाम से हुई। कथा पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज का आशीर्वाद लिया। कहा कि भगवान राम के आदर्शों को जीवन में उतारने का प्रयास करें, ताकि इस कलयुग में भी रामराज स्थापना की कल्पना पूरी हो सके। मौके पर विजय पांडेय, पंकज लाल, राजन पांडेय, सुनील चौधरी, मनीष कुमार, रजनीश भी थे।

### अवैध शराब से भरी गाड़ी बरामद



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना के झारखंड बिहार सीमा अंतर्गत उत्तर कोयल नहर के रास्ते शराब से भरी बड़ा खेफ जो एक ब्यूलू रंग के टाटा नेक्सन कार से बिहार जा रही गाड़ी एवं सप्लायर को गिरफ़्तार कर लिया है। एडीपीओ मुकेश महतो ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब का एक बड़ा खेप उतर कोयल नहर के लोटनिया, एकौनी होते हुए बिहार जा रही है, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक पुलिस स्कॉर्ट से पीछा कर पकड़ लिया। कार (जेएच 02 एडब्ल्यू 7447) में कुल 37 पेटी तनाका, देशी शराब की 48 पीस, बोतल 120 कुल 1896 पीस बोतल एवं शराब सप्लायर हैदरनगर थाना अंतर्गत ग्राम चेचरिया निवासी सन्नी सिंह, पिता दिलीप सिंह को पकड़ा गया।

### रोजेदारों ने अमन शांति की दुआ मांगी



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के चिर परिचित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक सद्भावना टीम ने शहर के होटल रुद्रा परिसर में मंगलवार को रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी हुई। जिसमें मौजूद रोजेदारों ने रोजा खोलने के पूर्व देश में अमन शांति की दुआ मांगी। आयोजन मंच के अध्यक्ष एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा कि सद्भावना मंच के सदस्यों के आपसी सहयोग से इफ़्तार पार्टी की गयी। मौके पर शशि कुमार, अब्बास कादरी, डॉ एजाज आलम, इजहार अंसारी, अमीन खान, बैबुल आमीन, गयासुद्दीन सिद्धिकी, जाकिर अली ऊर्फ राज अली, सैयद मोहम्मद हुसैन, खालिद अंसारी, डॉ आफताब आलम, नाजिर अहमद, वसीम अंसारी भी थे।

### झामुमो कार्यकर्ता नहीं मनायेंगे ईद



**मेदिनीनगर।** झामुमो सचिव सन्नू सिद्धिकी और अन्य मुस्लिम नेताओं ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी की वो इस बार उन्होंने ईद नहीं मनाने का निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद झामुमो के कार्यकर्ताओं ने इस बार होली भी नहीं मनाई थी, जबकि होली मिलन समारोह झामुमो द्वारा धूमधाम से मनाई जाती थी। साथ ही सन्नू सिद्धिकी सहित सभी मुस्लिम नेताओं ने ईद नहीं मनाने का निर्णय लिया है। सचिव सन्नू सिद्धिकी ने बताया कि ईद की नमाज पढ़ना फर्ज है इसलिए ईद की नमाज पढ़ी जायेगी और हेमंत की सलामती दुआ भी की जायेगी। आज पूरे झारखंड वासियों के मन में उदासी है, इसलिए हम सबों ने मिलन समारोह नहीं करने का निर्णय लिया है। लेकिन जिस दिन हेमंत सोरेन जी जेल से बाहर निकलेंगे इस दिन हम सब होली, दिवाली और ईद एक साथ धूमधाम से मनायेंगे। झामुमो उपाध्यक्ष असफर रब्बानी , वरिष्ठ नेता बबलू शाहनवाज और संगठन सचिव शाहबाज खान ने कहा कि हेमंत सोरेन हमारे शान हैं।

# आचार संहिता के नियमों को ध्यान में रख त्योहार मनाने की अपील

- ईद, रामनवमी व सरहुल को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक
- डीसी-एसपी ने दी सामाजिक सौहार्द्र बनाये रखने की हिदायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**





शांति समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते डीसी-एसपी व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को ईद, रामनवमी व सरहुल पर्व के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। टाउन हॉल में आयोजित बैठक में जिलेभर में ईद, सरहुल व रामनवमी के त्योहार को पारंपरिक उत्साह, आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त श्री रंजन ने रामनवमी के अवसर पर विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिये सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि पर्व में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से बंद रखने पर बल दिया। साथ ही सभी रामनवमी जुलूस को रात 10 बजे तक समाप्त करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था व पवित्रता के साथ मनाया जाता है यह सिलसिला जारी रहे। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों को अपने स्तर से भी असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की अपील की। बैठक में रामनवमी महासमिति के सदस्यों द्वारा बिजली व पेयजल से संबंधित उठाये गये समस्याओं को लेकर उपायुक्त ने नगर निगम, बिजली विभाग व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए जुलूस रुट में पड़ने वाले सभी तरह के समस्याओं का निराकरण कराने की बात कही। उन्होंने तीनों एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत निकलने वाले सभी जुलूस के साथ एक मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति करने व जुलूस के निगरानी हेतु सीसीटीवी लगाने, वीडियो ग्राफर की व्यवस्था रखने की बात कही। इसके पूर्व उन्होंने अनुमंडलवार, अंचलवार तैयारियों की समीक्षा कर उनके द्वारा किये गये तैयारियों से अवगत हुए। बैठक में उपरोक्त के अलावा सहायक समाहर्ता, सहायक पुलिस अधीक्षक, तीनों एसडीओ, सभी बीडीओ, सीओ, रामनवमी महासमिति का जनरल, शांति समिति सदस्य दल मोहर्रम इंतेजमिया कमेटी के समाजसेवी समेत बड़ी संख्या में विभिन्न अखाड़े के मेंबर व वोलंटियर उपस्थित थे।

**ड्रोन से होगी निगरानी, महत्वपूर्ण स्थानों पर किया जायेगा ब्रैकेडिंग :** उपायुक्त ने सभी एसडीओ को जुलूस हेतु निर्धारित किये गये मार्गों को ड्रोन से पूरी तरह से स्कैन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से बैन रहेगा इस दौरान पारंपरिक साउंड बॉक्स की अनुमति रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन में किसी राजनीतिक पार्टी के झंडे का इस्तेमाल हुआ तो उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों पर ब्रैकेडिंग करना सुनिश्चित करें।

**पर्व में सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर : एसपी-** एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि पर्व को भव्य एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पलामू पुलिस सदैव तत्पर है। एसपी श्रीमती रमेशन ने कहा कि यह पर्व में मनचलों का कोई स्कोप नहीं है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के प्रत्येक गतिविधि पर है पलामू पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने कहा कि चनाव के दृष्टिगत भी इस वर्ष पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन ना हो,आप सब अखाड़ा समिति के सदस्य यह ध्यान रखेंगे। बैठक में जिलेभर से आये विभिन्न अखाड़ा समिति के सदस्यों ने भी अपनी-अपनी मांगों से जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को अवगत कराया।

चतरा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण ने किया क्षेत्र भ्रमण, कई जगहों पर भव्य स्वागत

# भ्रमण के दौरान कई जगहों पर जनता से मिलकर मांगे आशीर्वाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** चतरा लोकसभा से भाजपा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह जी को पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान डॉ मेहता प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस पहुंचे और चतरा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को उन्हें फूल माला एवं श्री रामचरितमानस और अंग वस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया।





जनसंपर्क करते सांसद प्रत्याशी, पांकी विधायक व उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

**खास बातें :** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के जगतपुरवा चौक शहीद युगंबर दीक्षित की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कुंदरी में भीमराव अंबेडकर के माल्यार्पण कर उन्हें यहां पर जोरदार स्वागत किया गया। रामसागर, साहद, लोटवा, कमल केडिया, चटकपुर, लेस्लीगंज महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना करते ढेला, कोईरीपतरा, नौडीहा, धनगांव, चौखड़ा, नावाडीह भकासी, ठकुराई डबरा, चपरना, राजहारा, बोहिता, रेवारातू, मुडाथान एवं एवं विभिन्न गांवों का दौरा किया। जनता के बीच पहुंच कर जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए। मौके पर कालीचरण ने कई जगहों पर जनता से आशीर्वाद मांगा। कहा कि जनता ने आशीर्वाद दिया, तो क्षेत्र में बार-बार आकर हर समस्या का समाधान करेंगे। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि चुनाव जीतने पर पहले की एमपी की तरह क्षेत्र में एक बार नहीं बार-बार क्षेत्र आ कर जनता की सेवा तत्पर रहकर करूंगा। आप सभी अपनी आवाज को रांची से लेकर दिल्ली तक पहुंचाया। मौके पर विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि अबकी बार 400 पर का नारा है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, मंजू लता दुबे, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, समाजसेवी संदीप यादव,समाजसेवी कमेश यादव, सुधीर तिवारी अखिलेश चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# महायज्ञ के आयोजन से मिलती है बेहतर कार्य करने की शक्ति: सांसद

- श्री दुर्गा महायज्ञ मंदिर स्थापना सह श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली भव्य शोभा यात्रा
- कलश यात्रा में निवर्तमान सांसद बीडी राम सहित कई लोग शामिल
- शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल, राधे-राधे व जय श्री राम के नारे से भक्तिमय हुआ माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कलश शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के मलवरिया में श्री दुर्गा महायज्ञ मंदिर स्थापना व श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को यज्ञशाला परिसर से कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा पांडेपुर होते हुए बांकी नदी तट पर पहुंची। जहां आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया। श्रद्धालु कलश लेकर पुनः मुख्य पथ होते हुए यज्ञशाला पहुंचे जहां विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरांत कलश स्थापित की गयी। कलश यात्रा में रथ पर झांकी भी प्रदर्शित की गयी। 10 से 16 अप्रैल तक संध्या से लेकर रात 11बजे तक कथा व प्रवचन होगा। कलश शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए इस क्रम में धार्मिक उद्घोष जय श्रीराम, राधे-राधे से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सांसद ने कहा कि यज्ञ से हमें धार्मिक कार्य करने व अदभूत शक्ति मिलती है। हमें बेहतर कार्य करने की भी प्रेरणा मिलती है। कलश यात्रा में सांसद बीडी राम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमृत शुक्ला आदि मौजूद थे।

## मोदी के 400 पार का लक्ष्य पाने के लिए सभी कार्यकर्ता लग जायें : कालीचरण

- चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ने कई गांवों का किया दौरा
- भाजपा प्रत्याशी कालीचरण को अपार मतों से जितायें : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने बुधवार को सतबरवा तथा नीलांबर पीतांबरपुर के डबरा, चेरी, चपरना, बोहिता रेवारातु, घुटुवा, धावाडीह, सतबरवा, बकोरिया तुंबागड़ा, कमारु समेत कई गांवों का दौरा कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। दौरा के क्रम में श्री सिंह के साथ पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता, पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, लवली गुप्ता, अवधेश सिंह चेरो शामिल थे। श्री सिंह ने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को वोट दें ताकि हमारा देश आर्थिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बने। मोदी जी का नारा अबकी बार 400 पार को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता लग जायें। घर घर जाकर मोदी जी के दस साल की जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में लोगों को बतायें।

## कांग्रेस के घोषणा पत्र से भाजपा में खलबली 180 का आंकड़ा भी नहीं कर पायेगी पार : बिट्टू पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से भाजपा में खलबली मची है। प्रधानमंत्री पूरी बौखलाहट में है। भाजपा इस चुनाव में 180 का आंकड़ा भी पर नहीं कर पा रही है यह सर्वे उनके खुद के एजेंटों ने किया है इससे मोदी विचलित है। जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक स्थानीय कांग्रेस भवन में पत्रकार सम्मेलन में बोल रहे थे।

आगे उन्होंने कहा कि 10 साल सत्ता में रहने के बाद जब आज देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है तब वह इन 10 सालों का अपना रिपोर्ट कार्ड दिखाकर वोट मांगने से डर रहे बीजेपी घबराई गई है वह फिर से अपनी घिसी पिटी हिंदू मुस्लिम की स्क्रिप्ट पर उत्तर आयी है। कांग्रेस का घोषणा पत्र कागज नहीं बल्कि न्याय पत्र है। यह हर उसे समस्या का समाधान है जो भाजपा ने अपने 10 वर्षों के शासनकाल में जनता पर प्रभाव पड़ा है आज देश में जब चुनाव मुहाने पर है और इसके साथ देश में पर्व का माहौल भी है।

### जिप उपाध्यक्ष को कटिहार में मिला भटकता बच्चा



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के मूकबधिर बालक बिहार के कटिहार में भटकता पाया गया। कटिहार दौरे पर गये पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टूटू ने संबंधित बच्चे से मुलाकात की। उसका नाम राजू है। उसके पिता किसी मोटर गैराज में काम करते हैं। श्री सिंह ने पलामू जिले के निवासियों से अपील की है कि अगर कोई उस बच्चे को पहचानते हैं तो उसकी पूरी जानकारी देकर उसे घर पहुंचाने में मदद करें। संबंधित बच्चों का संपर्क के लिए उनसे या मोबाइल पर कर सकते हैं।

### हथियार जमा नहीं करने वालों के लाइसेंस होंगे रद



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने लोकसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न करने के लिए सभी शस्त्रधारकों को 13 अप्रैल तक अपने हथियार संबंधित थाना में जमा करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक जिला अंतर्गत वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिन्होंने शस्त्र जमा नहीं किया है तथा जिन्हें स्क्रीनिंग समिति के निर्णय के आलोक में शस्त्र जमा करने से विमुक्ति प्रदान नहीं की गयी है वे सभी 13 अप्रैल तक अपना हथियार संबंधित थाना अथवा वैध शस्त्र दुकान में जमा कराये तथा इसकी पावती रसीद संबंधित थाने में भी जमा कराना सुनिश्चित करें। ऐसा नहीं करने वाले लाइसेंसधारियों के विरुद्ध लाइसेंस रद्दीकरण की एकतरफा कार्रवाई की जायेगी।

## कलश यात्रा में जुटे हजारों श्रद्धालु धार्मिक जयघोष से गूंजा पूरा क्षेत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह रामजनकी मंदिर प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा



**विश्रामपुर (पलामू)।** केतात ग्राम पंचायत में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह राम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान बुधवार से शुरू हो गया। महायज्ञ सह अनुष्ठान को लेकर आज भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। यात्रा की शुरुआत नवनिर्मित मंदिर प्रांगण से हुआ। गाजे बाजे के साथ यात्रा ग्राम भ्रमण के बाद एनएच 75 के किनारे किनारे बी मोड़, डंडीला, रेहला होते हुए पांच किमी दूर कोयल नदी तट पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश में जल भरा गया। जिसके बाद नंगे पांव श्रद्धालु शर पर कलश लिए हुए जयघोष के बीच वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां पारंपरिक अनुष्ठान के बाद यज्ञशाला में कलश की स्थापना हुई।

### हत्यारोपी गिरफ्तार

**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के गाजी बिहरा में पूजा देवी की मौत मामले थाना कांड संख्या 16/24 के प्राथमिकी अभियुक्त दीपक सिंह को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर मेदनीनगर जेल भेज दिया है।

### दो ड्रग तस्करों को सश्रम कारावास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला व सत्र न्यायाधीश द्वितीय बिनोद कुमार सिंह की अदालत ने ड्रग्स तस्कर को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा व एक लाख अर्थदंड लगाया है। अर्थ दंड नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

## पर्यावरण संरक्षण सबकी जवाबदेही : डॉ केसी झा

- ए के सिंह डिग्री कॉलेज में जलवायु परिवर्तन पर संगोष्ठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** नीलांबर पीतांबर विश्विद्यालय से सम्बन्धता प्राप्त ए के सिंह डिग्री कॉलेज जपला में आईक्यूएसी एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जलवायु परिवर्तन विषय पर एक दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय संगोष्ठी की गयी। मौके पर बतौर अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विवि के कुलानुशासक डॉ केसी झा, मुख्य वक्ता नीलांबर-पीतांबर विवि के भूगोल विभाग के पीजी हेड डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह, गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज गढ़वा के डॉ अरुण सिंह, संत तुलसीदास कॉलेज के प्राचार्य प्रो संतोष मिश्रा, जीसीपीए कॉलेज छतरपुर के प्राचार्य जितेंद्र प्रसाद शामिल हुए।

### चुनाव का पर्व देश का गर्व : लायंस गुरबीर



**मेदिनीनगर।** आने वाला लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव को देख लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सदस्यों ने अस्पताल चौक एवं सदर अस्पताल परिसर में हजारों लोगों को खीर वितरण कर मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। अध्यक्ष डॉ प्रवेश सिद्धार्थ ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में अपना मतदान अवश्य करने खासकर महिला नौजवान जो पहली बार वोट कर रहे हो उनसे विशेष आग्रह किया कि 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपना मतदान अवश्य करें अन्यथा देश के भविष्य के लिए होने वाले निर्णय से वंचित रह जायेंगे। इसे सफल बनाने में लायंस डॉ निशांत, निलेश चंद्र, ऋषिकेश दुबे, नवीन पांडे, राघवेंद्र सिंह, सुमित पाठक, रणजीत मिश्रा समेत कई लोग शामिल थे।

# ईद, रामनवमी और सरहुल को लेकर उंटारी रोड थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग।

**उंटारी रोड पलामू।** थाना परिसर में मंगलवार को ईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ आशा साहू व संचालन थाना प्रभारी दीपक सिंह ने किया। बैठक में पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान उपस्थित थे। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों ने बारी-बारी से अपने विचार रखे। कहा कि उंटारी रोड प्रखंड आपसी एकता व भाईचारे के लिए जाना जाता है। यहां सभी समुदाय के लोग प्रेम व भाईचारे के साथ रहते आ रहे हैं और आगे भी रहेंगे। पूजा समितियों ने ट्रैफिक व्यवस्था समेत अन्य समस्याओं पर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया जिसपर अधिकारियों ने कहा कि आगामी त्योहारो के सफल संचालन हेतु पलामू पुलिस आपके साथ हमेशा खड़ी है। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने आने वाले सारे धार्मिक कार्यक्रम चुनाव आयोग के गाइडलाइन के तहत ही मनाने की अपील लोगों से की। कहा कि देश में आदर्श आचार संहिता लागू है इसलिए आप सभी लोग अपने अपने त्योहार एक दूसरे के धर्म का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मनायें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ चीजें वायरल करने वाले, शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के साथ पुलिस सख्ती के साथ निबटेगी। बीडीओ ने कहा कि कि उंटारी प्रखंड आपसी भाईचारे को लेकर जाना जाता है और इसे आने वाले समय में भी बरकरार रखने की जिम्मेवारी आप सब की है।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में सब-इंस्पेक्टर आशुतोष रजक, एएसआई साधूचरण दास, जिप सदस्य अरविंद सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, उपप्रमुख खोखन राम, परीखा मेहता, सुनील सिंह, मनोज सिंह बसंत ठाकुर डॉ जोगी सिंह, अगस्त तिवारी अरुण वर्मा, पारस कुमार, बजरंगी साह शमजीत अंसारी मोहम्मद शफी सहित कई लोग मौजूद थे।

# ड्रग्स पैडलर/ ड्रग्स माफियाओं की सक्रियता पर कार्रवाई की मांग

- पलामू में बढ़ते नशे के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर युवा आजसू ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



एसपी को ज्ञापन सौंपते युवा आजसू के सदस्य।

**मेदिनीनगर/पाटन।** युवा आजसू का एक प्रतिनिधि मंडल ने पलामू के वरीय पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने को जिले में सक्रिय ड्रग्स पैडलर/ ड्रग्स माफियाओं की सक्रियता पर कार्रवाई करने और युवाओं को ड्रग्स माफियाओं के चंगुल से दूर करने की मांग की है। युवा मोर्चा के पलामू प्रभारी आभिरंजन तिवारी एवम अंकित सिंह के नेतृत्व में एसपी से मिले प्रतिनिधि मंडल ने पलामू में तेजी से बढ़ रहे ड्रग्स के कारोबार और युवाओं को ड्रग्स की लत लगाकर उनके भविष्य को बर्बाद कर रहे बेखौफ ड्रग पैडलर की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। युवा मोर्चा ने एसपी से मांग करते हुए कहा है कि ड्रग्स पैडलर के खिलाफ त्वरित कार्यवाई के लिए स्पेशल दस्ते के गठन, स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मस्जिद सहित सभी धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में पान गुमटी, गुटखा, सिगरेट, चाय की दुकानों को अविलंब हटाने और सभी गुमटियों पर स्पेशल दस्ता के माध्यम से निगरानी रखने, नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक नुकसान के बारे में विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही जिले के सभी बॉर्डर क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच करायी जाये।

# कांग्रेस की चार पीढ़ियां तुष्टिकरण करती आ रही हैं : अमित शाह

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की चार पीढ़ियां तुष्टिकरण करती आ रही हैं। कांग्रेस कह रही है सीएए वापस करेंगे। कांग्रेस उत्तर भारत और दक्षिण भारत में तोड़ना चाहती है। कांग्रेस देश को कितनी बार तोड़ेगी। अमित शाह ने बुधवार को बिहार में गया जिले के गुरुआ में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार की तारीफ की। शाह ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में हर लोग पाकिस्तान से आलिया मालिया जमलिया आते थे। धमाके करते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सब रोका। यह कांग्रेस की सरकार नहीं है, भाजपा की सरकार है, नरेंद्र मोदी की सरकार है। शाह ने उपस्थित जन समूह से पूछते हुए कहा कि राम मंदिर बनना चाहिए था नहीं? 74-75 सालों में लालू और गठबंधन के नेता



**बिहार में सुशासन की सरकार : सम्राट**
इससे पहले उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जय श्रीराम के नारे से अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को विकसित कर रहे हैं। गरीब को आगे ले जा रहे हैं। बिहार में डबल इंजन की सरकार है। बिहार की सरकार ने दो करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा। पांच करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया। बिहार में सुशासन की सरकार है।

लटकाते-भटकाते रहे, लेकिन भाजपा ने भूमि पूजन किया और प्राण प्रतिष्ठा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने कई असंभव काम को पूरा किया है। भाजपा नेता ने मोदी सरकार की विकास योजनाओं को गिनाया। साथ ही कहा कि औरंगाबाद और गया से नक्सल के खिलाफ अभियान चलाया। रफीगंज, नबीनगर और अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन बन रहे हैं, यह भी भाजपा की सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक 10 दिनों के अंदर की। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के एमपी कहते हैं उत्तर और दक्षिण भारत के टुकड़े कर देंगे। उन्होंने कहा कि सोनिया जी और राहुल गांधी शर्म करो कितनी बार देश को तोड़ोगे। एक बार 1947 में तो तोड़ दिया। अब मोदी सरकार आपको देश तोड़ने नहीं देगी। शाह ने कहा कि राजद और कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया। दोनों पार्टियां भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती हैं। तीन टर्म नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री रहे लेकिन एक भी दाग नहीं लगा।

**मांझी ने मगही में कहा कि सुशील सिंह को जिताएं :** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने मगही में संबोधित करते हुए कहा कि आप से अनुरोध है कि सुशील कुमार सिंह को जिताएं। गया से हमको टिकट मिला है। उधर, कड़ाही है, इधर कमल है। एक-एक वोट देवे के प्रयास करियाह। प्रधानमंत्री मोदी चौरासी करोड़ के खाना दिलावत हैं। अमेरिका के लोग प्रधानमंत्री मोदी के सम्मानित करक है। अमित शाह से बात करले ही। दुश्मन आंख उठैताय तो आंख फोड़ दे वैय।

**मंच पर मौजूद रहे एनडीए के नेता :** गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, रालोजपा के प्रमुख पशुपति पारस, पूर्व सीएम जीतन राम मांझी, बिहार सरकार में मंत्री प्रेम कुमार, हम विधायक अनिल कुमार और उम्मीदवार सुशील कुमार मंच पर मौजूद रहे।

### भाजपा ने मुझ पर किया भरोसा : सुशील

भाजपा उम्मीदवार सुशील सिंह ने कहा कि यहां के लोगों ने मुझे तीन बार जिताया। साल 2009 में सड़क बिजली आदि की क्या स्थिति थी। गुरुआ से गया और औरंगाबाद के लिए सड़क नहीं थी। यहां आधा दर्जन बिजली सब स्टेशन रहती है। पंद्रह साल आपकी सेवा की। पार्टी ने मुझ पर भरोसा कर उम्मीदवार बनाया। पंद्रह साल में मेरे अचार, विचार और चरित्र में कोई दाग नहीं लगे। आपके सम्मान में सिर नहीं झुकने दिया।

## गर्मी की छुट्टी के दौरान भी कक्षाएं चलेंगी, शिक्षकों को हर दिन आना होगा : प्राथमिक शिक्षा निदेशक

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में पांच दिन बाद गर्मी छुट्टी होनी है। उससे पहले शिक्षा विभाग का फरमान आ गया है कि सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी के दौरान भी कक्षाएं चलेंगी और शिक्षकों को हर दिन स्कूल आना होगा। शिक्षा विभाग के प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने बुधवार को बिहार के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को एक पत्र जारी किया है। इस पत्र में कहा गया है कि बिहार राज्य बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली में उल्लेखित है कि अगर स्कूल की वार्षिक परीक्षा में कोई बच्चा फेल होता है तो ऐसे बच्चे को विशेष शिक्षण दिया जायेगा और रिजल्ट जारी होने के दो महीने के भीतर फिर से परीक्षा में भाग लेने का उसे मौका दिया जायेगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने कहा है कि 15 अप्रैल से 15 मई तक घोषित गर्मी की छुट्टी के दौरान सरकारी स्कूलों में विशेष दक्ष क्लास लगायी जायेंगी। हर सरकारी स्कूल में 15 अप्रैल से 15 मई तक सुबह 8 बजे से 10 बजे तक स्पेशल क्लास चलेगी। सारे शिक्षक 8 बजे से पहले स्कूल पहुंच जायेंगे और बच्चों को मिड डे मिल खिलाकर वापस लौट जायेंगे।

## प्रधानमंत्री के बाद 15 अप्रैल को नवादा में योगी आदित्यनाथ भरेंगे हुंकार

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में होने वाले चुनाव को लेकर तमाम दल धुआंधार प्रचार करने में लगे है। बिहार में भाजपा के उम्मीदवारों को जीताने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अब तक दो जिलों में चुनावी रैली हो चुकी है। जमुई और नवादा जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने विरोधियों पर जमकर हमला बोला है लेकिन अबकी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद बुलडोजर बाबा यानि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बारी है। योगी आदित्यनाथ का भी बिहार दौरा तय हो गया है।योगी आदित्यनाथ बिहार के नवादा जिले से चुनावी दौरे की शुरूआत करेंगे। भाजपा सूत्रों के अनुसार योगी आदित्यनाथ का 15 अप्रेल को बिहार दौरा होगा। वे 15 अप्रैल को नवादा में चुनाव प्रचार करेंगे। नवादा से भाजपा उम्मीदवार डॉ. विवेक ठाकुर के समर्थन में योगी की चुनावी सभा होगी। नवादा के अकबरपुर में 15 अप्रैल को दोपहर करीब 12.30 बजे चुनावी सभा होगी। योगी आदित्यनाथ का 2024 में बिहार में यह पहला दौरा होगा। उनके दौरे को लेकर भाजपा कार्यकताओं के बीच जबरदस्त उत्साह है।

## खबर एक नजर में

### पत्नी ने थाना में आवेदन देकर गुम पति को खोजबीन की लगाई गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना अंतर्गत ग्राम गहेड़ी निवासी सुदामा मेहता का पुत्र सूरज कुमार मेहता महाराष्ट्र के पुणे से अपने घर वापस आने के दौरान कहीं खो जाने को लेकर पत्नी मुस्कान कुमारी ने खोजबीन के लिए थाना में लिखित आवेदन दी है। आवेदन के मायम से मुस्कान ने बताई की सूरज उम्र 25 वर्ष 3 माह पहले महाराष्ट्र के पुणे मजदूरी के लिए गए हुए थे। 8 अप्रैल को समय 11:30 बजे दिन में पुणे से ट्रेन पकड़ कर घर आ रहे थे। उसी दिन 10:30 बजे रात्रि तक मुझसे अपने मोबाइल नंबर 9708672844 से बातचीत किए और बताएं की ट्रेन पकड़ कर आ रहे हैं। यहां तक की वीडियो कलिंग पर भी बातचीत हुआ। उसके बाद पति से संपर्क नहीं हुआ है। वहीं 9 अप्रैल दिन मंगलवार के सुबह 3:00 बजे मेरे पति के मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप के मायम से उनके मौसेरे भाई शिवकुमार मेहता के मोबाइल नंबर 8409950553 पर पांच फोटो आया है। उक्त फोटो को शिवकुमार मेहता मेरे मोबाइल पर भेजे तो देखे की उक्त फोटो में मेरे पति जख्मी हालत में है मुंह से खून बहता हुआ कमर में रस्सी और दोनों हाथ पीछे कर बांाा हुआ शरीर पर खून का दाग लगा है। फोटो देखने में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मेरे पति को अज्ञात लोगों द्वारा अपहरण कर हत्या कर दी गई है। जिससे मेरा घर परिवार काफी परेशान है। वहीं आवेदन के मायम से थाना प्रभारी से आग्रह करते हुए खोजबीन करने एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई है। वहीं कुछ फोटो में देखने से प्रतीत होता है कि कहीं रेलवे लाइन के किनारे खींची हुई है।

### एसडीओ ने की बीएलओ, बीएलओ प्रेक्षक एवं सेक्टर पदाधिकारी के साथ बैठक



बैठक करते एसडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर एसडीओ प्रभाकर मृधा ने बीएलओ, बीएलओ प्रेक्षक एवं सेक्टर पदाधिकारी के साथ बैठक की। बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इनमें मुख्य रूप से एएसडी वेरिफिकेशन, फॉर्म-6 कलेक्शन, वीएएफ एवं बीएजी एक्टिविटी रिपोर्ट, पोस्टल बैलट, वोटर्स के लिए हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन रिपोर्ट (फर्म 12 डी), मतदान केंद्रों पर एएमएफ यानि मूलभूत सुविाओं की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, वीआईएस यानि वोटर इन्फर्मेशन स्लिप वितरण की तैयारी, वोलेंटियर लिस्ट साझा करने समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गई। बैठक में एसडीओ ने बीएलओ, बीएलओ प्रेक्षक एवं सेक्टर पदाधिकारी से उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही सभी बीएलओ, बीएलओ प्रेक्षक एवं सेक्टर पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने फर्म 6 पर चर्चा करते हुए क्षेत्र के छूटे हुए मतदाताओं का नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर फर्म 6 भरकर जमा करने का निर्देश दिया। वीएएफ एवं बीएजी के माध्यम से क्षेत्र में निर्वाचन संबंधित गतिविधियों को सक्रियता से मतदाताओं तक पहुंचाने का निर्देश दिया। वहीं सभी डीलरो को भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निर्देश दिया। जिससे अधिक से आकि मतदाताओं को जागरुक कर मतदान के दिन शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराई जा सके। एसडीओ श्री मृधा ने कहा कि मतदान की तैयारी अब अंतिम चरण में है। आप सभी पदाधिकारी एवं कर्मी मतदान से जुड़े कार्यों को गंभीरता से लेते हुए उसका ससमय निष्पादन करना सुनिश्चित करें। मौके पर बीडीओ सावित्री कुमारी, राकेश कुमार, दीपक जायसवाल, राजीव कुमार, आदित्य कुमार, सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## सांसद ने की बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक



माल्यार्पण करते सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** सांसद विष्णु दयाल राम ने भाजपा से तीसरी बार पलामू से उम्मीदवार बनाए जाने पर केतार भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा किया। साथ ही दस प्रतिशत मतदान बढ़ाने की बात कही। उन्होंने सभी से पिछले बार से भी आकि मतो से जीताने की बात कही। हालांकि कुछ कार्यकर्ता यहां भी दबी जुबान से उनका विरोा प्रकट कर रहे थे और कार्यालय के बाहर रह कर बैठक में शामिल नही हुए। इसके पश्चात उन्होंने कार्यालय से सब्जी मार्केट अंबेडकर चौक तक कार्यकर्ताओं के साथ पैदल मार्च कर केतार की आम जनता, दुकानदारों व राहगीरों से मिलकर वोट देने की बात कही। अंत में अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर मंडल अयक्ष कन्हाई प्रसाद, उमेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, मुखिया मूंगा साह, विजय गुप्ता, विनय प्रसाद, शकल बैठा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भगवान से भी बढ़ कर भगवदनाम की महिमा है : प्रपन्नाचार्य

### भगवान श्रीराम का चरित्र अतुलनीय एवं प्रेरक है : अलखनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** रामकथा समिति नरगीर आश्रम गढ़वा के तत्वावधान में आयोजित चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को कथा मंच के उदघाटन के साथ अयोध्या से आए परमपूज्य सन्त श्री बालस्वामी प्रपन्नाचार्य जी द्वारा राम कथा प्रारम्भ हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अलखनाथ पाण्डेय, मुरली प्रसाद गुप्ता, राकेश पाल, अवधेश कुशवाहा, सुखबीर पाल आदि ने कथा मंच पर श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र अतुलनीय एवं प्रेरक है। जबकि रामचरित मानस सभी ग्रंथों का सार वाला अदभुत ग्रन्थ है। इसमें जीवन में आनेवाली हर समस्या का समाधान निहित है। यह सभी मजहबों एवं पंथों के लिए सार्वग्राह्य है। इसमें कहीं भी कट्टरता एवं संकीर्णता नहीं है। डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, राकेश पाल ने भगवान श्रीराम के चरित्र को अनुकरणीय बताया। कथा के पहले दिन प्रपन्नाचार्य जी ने मंगलाचरण के साथ रामचरित मानस की विशेषता एवं लोकप्रियता, भक्ति के तरीके, संतो एवं असंतों की प्रति पर विशेष रुप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान से भी बढ़ कर भगवदनाम की महिमा है। भगवान ने तो कुछ ही लोगों का उद्धार किया लेकिन भगवदनाम आज भी करोड़ों लोगों के उद्धार करने में सहायता कर रहा है। कलयुग मे नाम जप की बड़ी महिमा है। रामचरितमानस को समझने के लिए पहले मानस या मन को शुद्ध कर अपने चरित्र को पवित्र करें, तभी आप इसे भलीभांति समझ सकते हैं। भगवद प्राप्ति के लिए आचरण की सरलता एवं मन की निर्मलता का होना अनिवार्य है। मन में छल-कपट रखकर कभी भगवान को नहीं पाया जा सकता है। यही कारण है कि कथा तो हजारों लोग सुनते है लेकिन कथा कुछ ही लोगों के पास पहुंच पाती है। आगे प्रपनाचार्य जी ने बताया कि विभिन्न रामायणों में सर्वाधिक लोकप्रिय रामचरित मानस है। जिसे अवधी भाषा मे लिख कर तुलसीदास ने इसे सरल, सुग्राह्य एवं आसानी से हृदयंगम करने योग्य बनाया। कथा समिति के अध्यक्ष चन्दन जायसवाल ने लगातार तीसरी बार कथा आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं, मुहलावासियों एवं सहयोग करने वालों धर्मानुरागियों के साथ-साथ महाराज जी एवं उनकी पूरी टीम के प्रति हृदय से आभार जताया। मौके पर मुख्य रूप से गौरी शंकर, मनीष कमलापुरी, नीतेश कुमार गुड्डू, संजय अग्रहरि, दिनानाथ बघेल, जयशंकर राम, विकास ठाकुर, शान्तनु केशरी, रंजीत कुमार, राजा बघेल, पीयूष कुमार, गौतम शर्मा, शुभम कुमार, गोलु बघेल, सुदर्शन मेहता, दुर्गा रंजन, अनिकेत गुप्ता, रोहित कुमार, ब्रजेश कुमार, पवन कुमार, गुडु हरी आदि लोग उपस्थित थे।



प्रवचन करते प्रपन्नाचार्य

## शक्ति पर धर्म का विजय हैं राम-कृष्णकांत जी महाराज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** श्री राम लला मंदिर परिसर में नवरात्रि के प्रथम दिन से श्री रामचरित्र मानस कथा प्रारंभ हुआ। श्रीधाम वृन्दावन से पधारे प्रकांड विद्वान युवा आचार्य पंडित श्री कृष्णा कांत जी महाराज ने प्रथम दिन के कथा में कहा कि रावण शक्ति का प्रतीक था जबकि भगवान राम धर्म के। शक्ति पर धर्म का विजय ही राम हैं। राम की पूजा इसलिए की जाती है वह गुण हैं। सद्गुण से समावेशित भगवान राम को यदि याद करते हैं सारे दुर्गुण समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान को प्राप्त करने के लिए पहले अपने मन की गंदगी को साफ करना होगा, जिस तरह से हम घर की गंदगी को साफ करने के लिए अपने आंगन में झाड़ू लगाते हैं, बर्तन को धोते हैं। इस तरह मन को पवित्र करने के लिए भी पहले अपने मन की गंदगी को दूर करना होता है। इसके लिए भगवान भक्ति को हमारे पास भेजते हैं और भक्ति जब हमारे मन को साफ कर देती है तब भगवान राम का हमारे हृदय में प्रवेश होता है। भगवान राम का हमारे हृदय में वास होने का मतलब यह है कि हमारे अंदर सद्गुण, सद्विचार, सद्चरित्र आ जाता है। मन में किसी के प्रति कोई दुर्भावना नहीं होती है। मन के भाव सदैव परोपकारी एवं पवित्र होते हैं।

किसी के अहित में नहीं होते। राम को प्राप्त करने का मतलब यही होता है कि आप सबके लिए सरल हो जाएं। सबके लिए व्यावहारिक हो जाएं। सबके लिए सहयोगी हो जाएं। आपकी दृष्टि आपके व्यवहार, आपके चाल-चलन, आपके एक-एक गतिविधि दूसरों को कष्ट न दे। बल्कि उनके सदकार्यों में सहायता प्रदान करे। आचार्य जी ने कहा कि भगवान राम में मातृत्व की दृष्टि थी और इस मातृत्व के आधार पर उन्हें सर्वत्र स्वीकार किया गया। मातृत्व के भाव हम सब में आए इसके लिए ही है हम राम की आराधना करते हैं। मातृत्व का भाव संपूर्ण सनातनी समाज में आ जाए तो फिर यहां की मां,बहने, बेटियां सुरक्षित हो पाएंगी। आसुरी शक्तियां उन्हें परेशान नहीं करेंगी, क्योंकि आपके पास धर्म की ध्वजा है, जो राम के रूप में आपके हृदय में वास कर रहा है। भगवान राम का निवास आपके हृदय में होने से आपका मन पवित्र हो जाता है एवं आप पर संपूर्ण हिंदू समाज एवं प्रति का पूर्णतः विश्वास जाग जाता है। ऐसी स्थिति में आप किसी भी परिस्थिति में गलत नहीं कर पाते हैं। क्योंकि आपके हृदय में स्वयं भगवान बैठे होते हैं। कथा के प्रथम दिन श्री राम लला मंदिर समिति के उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, सचिव धनंजय सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार गोंड, कार्यालय मंत्री धनंजय ठाकुर, मुख्य यजमान दिलीप कमलापुरी, सदस्य जितेंद्र कमलापुरी, मदन कमलापुरी ने आचार्य श्री को माला पहनकर उनका स्वागत किया एवं मंच पर सम्मानित किया। इस मौके पर समिति के कई पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में ार्म अनुरागी भाई बहने उपस्थित थे। आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद प्रथम दिन की कथा का समापन हुआ।



प्रवचन मंच पर आचार्य श्री

### सरकारी दवा फेंके जाने के मामले में

## कार्रवाई नहीं होने पर मंत्री के आवास पर धरना पर बैठेंगे शशांक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** लाखों की कामयाब सरकारी दवाएं फेंक दिए जाने जैसे अति गंभीर मामले पर जिला प्रशासन व सिविल सर्जन से युवा समाजसेवी शशांक शेखर ने जांच कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है तो झारखंड के स्वास्थ मंत्री के रांची स्थित आवास पर युवा समाजसेवी एवं दृष्टि यूथ आर्गेनाइजेशन के प्राान सचिव शशांक शेखर ने धरना दिए जाने की चेतावनी दी है। शशांक शेखर ने इस शर्मनाक घटना पर कड़ी टिप्पणी करते हुए फेंके गए सरकारी दवा मामले पर उचित जांचकर संबंाित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। शशांक ने कहा कि इस घटना को 24 दिन गुजर चुके हैं और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। जो की सरकारी दवा ग्रामीणों के बीच नहीं पहुंचकर नदी में पहुंच गया। राज्य सरकार की करोड़ों रुपए की राजस्व की नुकसान हुई है। फिर भी इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इस संबंध में उन्होंने गढ़वा सीएस से भी फोन कर जानकारी ली। लेकिन संतोष जनक जवाब नहीं मिला।

## पवन सिंह काराकाट से निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

**पटना।** भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह ने बिहार के काराकाट संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। श्री सिंह ने बुधवार को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया। उन्होंने एक्स पर लिखा 'माता गुरुतरा भूमेरू' अर्थात माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती है और मैंने अपनी मां से वादा किया था कि इस बार चुनाव लड़ूंगा। मैंने निश्चय किया है कि मैं 2024 का लोकसभा चुनाव काराकाट से लड़ूंगा।

## मुजफ्फरपुर में 50 लाख के आभूषण की लूट

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने बुधवार को आभूषण की दुकान से 50 लाख रुपए के आभूषण लूट लिये। पुलिस अधीक्षक :नगर: भानु प्रताप सिंह ने यहां बताया बाइक पर सवार तीन अपराधियो ने टुनकी साह होमियोपैथिक कॉलेज के समीप एक आभूषण की दुकान में धावा बोला। इसके बाद अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर ग्राहकों और दुकान के कर्मचारियों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद अपराधी दुकान से 50 लाख रुपए के आभूषण लूटकर फरार हो गये।

## पेज का एक शेष

### बाबा रामदेव पर फिर भड़का सुप्रीम कोर्ट

**केंद्र ने कहा, हमने तो मना किया था :** बेंच में शामिल जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा कि हम अंधे नहीं हैं। जस्टिस कोहली ने केंद्र सरकार पर भी सख्ती दिखाते हुए कहा कि आपने जानबूझकर इस मामले पर पर्दा डाला और अवमानना करने वालों के साथ दिखे। कोर्ट ने कहा कि आपके अधिकारियों ने इस मामले में कुछ नहीं किया। केंद्र सरकार ने भी इस मामले में एफिडेविट दाखिल किया है। सरकार ने कहा कि हमने इन भ्रामक विज्ञापनों को लेकर पहले ही पतंजलि आयुर्वेद को चेताया था। साथ ही कहा था कि जब तक आयुष मिनिस्ट्री की ओर से कोरोनिल की जांच जारी है, तब तक आगे न बढ़ें। यही नहीं सरकार ने कहा कि हमने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा था कि वह इस मामले में ऐक्शन लें। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए अमानुल्लाह की पीठ ने मामले में केंद्र की प्रतिक्रिया पर भी असंतोष व्यक्त किया। न्यायालय ने इस मामले पर निष्क्रियता बरतने के लिए राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी जतायी और कहा कि वह इसे हल्के में नहीं लेगा। कोर्ट ने कहा, आप लोगों की जिंदगियों से जुड़े काम कर रहे हैं लेकिन आप लोगों के जीवन से खेल भी रहे हैं।

### दीदी घुसपैठ नहीं रोकेंगी यह उनका वोट बैंक हैं

**एक भी घुसपैठिया नहीं रहेगा :** केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पड़ोसी राज्य को भाजपा सरकार ने घुसपैठ से छुटकारा दिला दिया।, शाह ने लोगों से भाजपा को वोट देने के लिए कहा ताकि पार्टी पश्चिम बंगाल में 42 में से 30 सीटों पर जीत हासिल कर सके। शाह ने वादा किया, मैं आपको यह बताने आया हूं कि अगर आप हमें 30 सीटें पार करा दें और बंगाल में भाजपा की सरकार बना दें, तो पक्षी भी सीमा पार कर यहीं उतरेंगे और कोई घुसपैठिया अंदर नहीं आयेगा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की लोकसभा आम निर्वाचन की तैयारी से जुड़े कार्यों की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने गढ़वा एवं डंडा प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गढ़वा एवं डंडा प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ, सीओ, सभी बीएलओ, बीएलओ प्रेक्षक एवं सेक्टर पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक किया। साथ ही कई प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इनमें मुख्य रूप से एसडी वेरिफिकेशन, फॉर्म-6 कलेक्शन, वीएएफ एवं बीएजी एक्टिविटी रिपोर्ट, पोस्टल बैलट वोटर्स के लिए हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन रिपोर्ट (फर्म 12 डी), मतदान केंद्रों पर एएफएफ यानि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, वीआईएस यानि वोटर इन्फर्मेशन स्लिप वितरण की तैयारी, वोलेंटियर लिस्ट साझा करने समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ, बीएलओ प्रेक्षक एवं सेक्टर पदाधिकारी से उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने सभी बीएलओ, बीएलओ प्रेक्षक एवं सेक्टर पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया। फर्म 6 पर चर्चा करते हुए क्षेत्र के छूटे हुए मतदाताओं का नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर फॉर्म 6 भरकर जमा करने का निर्देश दिया। वीएएफ एवं बीएजी के मायम से क्षेत्र में निर्वाचन संबंधित गतिविधियों को सक्रियता से मतदाताओं तक पहुंचाने का निर्देश दिया, जिससे अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरुक कर मतदान के दिन शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराई जा सके। साथ ही पोस्टल बैलट के माध्यम से फार्म 12 डी की समीक्षा करते हुए बीएलओ एवं बीएलओ प्रेक्षक को हाउस टू हाउस सर्वे कर वैसे मतदाता जो किसी कारणवश मतदान केंद्र पर आने में सक्षम नहीं है उन्हें फर्म 12 क के माध्यम से मतदान कराने को लेकर निर्देशित किया। इसके अलावे ईवीएम एवं वीवीपैट से जुड़ी तकनीकी जानकारी बैठक में दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निाारित रूट चार्ट के अनुरूप हीं ईवीएम एवं वीवीपैट को मतदान केंद्रों पर लाने एवं मतदान के पश्चात उसे जमा करने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदान की तैयारी अब अंतिम चरण पर है आप सभी पदाधिकारी एवं कर्मी मतदान से जुड़े कार्यों को गंभीरता से लेते हुए उसका ससमय निष्पादन करना सुनिश्चित करें।



बैठक करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी

